


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 77 | गुरुवार, 30 अप्रैल 2026 | बैशाख शुक्ल चतुर्थी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर




### यूएई ने किया ओपेक से बाहर होने का ऐलान

**दुबई :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह एक मई से पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (ओपेक) से अलग हो जाएगा। यूएई ने अपनी सरकारी समाचार एजेंसी 'डब्ल्यूएएम' के माध्यम से यह घोषणा की।यूएई ने कहा, ' 'यह निर्णय संयुक्त अरब अमीरात के दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण तथा बदलते ऊर्जा समीकरणों को दर्शाता है। साथ ही वैश्विक ऊर्जा बाजारों में एक जिम्मेदार, विश्वसनीय और दूरदर्शी भूमिका निभाने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब यूएई का सऊदी अरब के साथ तनाव बढ़ता जा रहा है, खासकर आर्थिक मुद्दों और ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ यमन में जारी युद्ध को लेकर दोनों देशों के बीच टकराव की स्थित है।

### यूपी में लड़कियों को डांस सिखाने के लिए महिला टीचर अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग का बड़ा फैसला सामने आया है। राज्य में अब लड़कियों को डांस सिखाने के लिए महिला टीचर अनिवार्य कर दी गई हैं। इसके साथ ही बुटीक में भी महिला ही नाप लेंगी। आइए जानते हैं पूरा मामला। उत्तर प्रदेश महिला आयोग ने राज्य में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला किया है। एक वकील की याचिका पर सुनवाई करते हुए महिला आयोग ने 9 सूत्रीय निर्देश जारी किए हैं। महिला आयोग के निर्देशों के अनुसार, जिम, योगा सेंटर और नाट्य कला केंद्रों में अब महिला ट्रेनर/टीचर होना अनिवार्य होगा। बुटीक सेंटरों पर महिला ग्राहकों के कपड़ों की नाप केवल महिला टेलर ही ले सकेंगी। महिलाओं के वस्त्र बेचने वाली दुकानों पर भी महिला कर्मचारी होना अनिवार्य है।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट में अश्लील हरकत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चल रही सुनवाई के दौरान बेहद गंभीर और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट की वर्चुअल कार्यवाही उस समय बाधित हो गई, जब एक प्रतिभागी ने स्क्रीन पर अश्लील और पोर्नोग्राफिक सामग्री दिखानी शुरू कर दी और आपत्तिजनक संगीत भी बजाया।

जानकारी के मुताबिक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर कम से कम दो स्क्रीन पर अश्लील कंटेंट दिखाई दिया, जिसके बाद तुरंत




VC को बंद कर दिया गया. हालांकि कुछ मिनट बाद जब VC दोबारा शुरू हुई, तो संबंधित यूजर ने संगीत चलाना शुरू कर दिया, जिसके बाद वर्चुअल कार्यवाही को पूरी तरह स्थगित कर दिया गया।

इस घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने रजिस्ट्रार जनरल (RG) को निर्देश दे दिए हैं कि इस तरह की घटनाओं को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने स्पष्ट किया कि अदालत की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है और जो भी व्यक्ति इस घटना को रिकॉर्ड या प्रसारित करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अदालत की गरिमा और संस्थागत पवित्रता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## पीएम मोदी ने गंगा एक्सप्रेसवे का किया लोकार्पण, बोले- यह विकास का विजन

**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 36,000 करोड़ रुपये की लागत वाले गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर इसे राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने इसे विकास और संस्कृति का संगम बताया, जबकि सीएम योगी ने कहा कि 2017 के बाद यूपी अराजकता से निकलकर एक्सप्रेसवे प्रदेश बन चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को हरदोई की धरती से देश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान दी। करीब 36,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे अब पश्चिमी यूपी को सीधे संगम नगरी




प्रयागराज से जोड़ेगा। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए एक लाख से अधिक लोग समारोह स्थल पर मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक अद्भुत संयोग है कि पिछले चार-पांच दिनों से मैं मां गंगा के सानिध्य में हूं। बंगाल से लेकर काशी विश्वनाथ तक दर्शन करने के बाद आज मां गंगा के नाम पर बने इस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करना सौभाग्य की बात है। इसमें हमारा विकास का विजन भी है और संस्कृति का दर्शन भी।

हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। लोकार्पण से पूर्व पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले का उत्तर प्रदेश परिवारवाद, कर्फ्यू और हिंसा में जकड़ा हुआ था, जहां विकास की कोई कल्पना नहीं थी। उन्होंने कहा, भक्त प्रह्लाद की इस पावन धरा पर आज डबल इंजन की सरकार ने एक्सप्रेसवे के माध्यम से यूपी के आर्थिक विस्तार को पंख लगा दिए हैं।

# केरल में ढह जाएगा लेफ्ट का किला, बनेगी कांग्रेस सरकार

**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले आज एग्जिट पोल जारी होंगे। इस बार केरल में LDF और UDF में कांटे की टक्कर है। राज्य में एक ही चरण में सभी 140 सीटों पर मतदान हुआ था। इस चुनाव का रिजल्ट 4 मई को जारी होगा।

पिछले विधानसभा चुनाव में जिस तरह पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाले लेफ्ट गठबंधन (LDF) ने फिर से सत्ता हासिल की थी, उसने केरल के चुनावी इतिहास को बदल दिया। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 4 मई को नतीजों में फिर से विजयन सरकार हैट्रिक लगा पाएगी या फिर कांग्रेस गठबंधन वाला UDF वापसी करेगा। नतीजों से पहले आज शाम 5 बजे से एग्जिट पोल जारी होंगे।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, इस साल केरल में 2.71




### बंगाल में प्रचंड बहुमत से खिलेगा कमल

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर प्रजा पोल के एग्जिट पोल की मानें तो इस बार बंगाल में बड़ा उलटफेर होने की संभावना है। ममता बनर्जी की सरकार पर खतरा मंडरा रहा है और इस बार बंगाल में भगवा झंडा लहरा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये पहली बार होगा, जब पश्चिम बंगाल में बीजेपी की सरकार बनेगी। अगर ये अनुमान नतीजों में बदलते हैं तो यह बंगाल की राजनीतिक दिशा को पूरी तरह बदल देगा।

करोड़ मतदाताओं में से 78.27 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जो 2021 के विधानसभा चुनाव में दर्ज 74.06 फीसदी मतदान से अधिक है।

केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व वाले UDF की सरकार बनती दिख रही है। एक्सेस माय इंडिया के एग्जिट पोल में UDF को बहुमत मिलता दिख रहा है।

### तमिलनाडू एग्जिट पोल्स में स्टालिन सरकार के संकेत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए 'पीपल्स पल्स' के एग्जिट पोल के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो राज्य की राजनीतिक दिशा का संकेत दे रहे हैं। इन अनुमानों के अनुसार, DMK+ गठबंधन सबसे मजबूत स्थिति में नजर आ रहा है, जिसे 125-145 सीटें मिलने की उम्मीद है. वहीं, ADMK+ गठबंधन को 65-80 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इस चुनाव में TVK+ को 18-24 सीटें मिल सकती हैं, जबकि अन्य (OTH) के खाते में 2-6 सीटें जाने की संभावना जताई गई है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न एजेंसियों के एग्जिट पोल के आंकड़ों में दिलचस्प मुकाबला नजर आ रहा है।

## होर्मुज में जहाजों पर हमलों की भारत ने यूएन में की निंदा, ईरान को याद दिलाया 11 मार्च

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल शिपिंग पर हुए हमलों की निंदा की और फ्री नेविगेशन को फिर से शुरू करने की मांग की ह। होर्मुज स्ट्रेट भारत ही नहीं पूरी दुनिया में ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने मंगलवार, 28 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया, "कमर्शियल शिपिंग को मिलिट्री हमलों का टारगेट नहीं बनाया जाना चाहिए, और ऐसी कोशिशें बहुत बुरी हैं।

पटेल ने किसी देश का नाम तो नहीं लिया, लेकिन ईरान की तरफ इशारा करते हुए याद दिलाया कि भारत ने बहरीन के लाए गए काउंसिल के एक प्रस्ताव को को-स्पॉन्सर किया था, जिसमें मिडिल ईस्ट पड़ोसियों पर तेहरान के हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की गई थी। उन्होंने कहा, "इस मामले में यह बताना जरूरी है कि भारत ने यूएनएससी प्रस्ताव 2817




को को-स्पॉन्सर किया था, जिसे 11 मार्च को अपनाया गया था।बता दें, ईरान ने भारतीय जहाजों पर भी हमला किया है. इसके साथ ही दूसरे देशों के जहाजों पर हमलों में कम से कम तीन भारतीय नाविक मारे गए हैं। दूसरी तरफ अमेरिका ने होर्मुज इलाके में नाकाबंदी कर दी। पटेल ने मिडिल ईस्ट के हालात पर काउंसिल प्रेसिडेंट बहरीन की बुलाई मीटिंग में कहा, "हम इस बात पर जोर देते हैं कि कमर्शियल शिपिंग को टारगेट करना और बेकसूर सिविलियन क्रू मेंबर्स को खतरे में डालना या होर्मुज स्ट्रेट में नेविगेशन और कॉमर्स की आजादी में रुकावट डालना मंजूर नहीं है।

उन्होंने कहा कि स्ट्रेट के रास्ते से बिना किसी रोक-टोक वाली शिपिंग बेहद जरूरी है। यह भारत के लिए एक अहम कनेक्टिविटी का रास्ता है। यहां से भारत की व्यापारिक और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला भौगोलिक रूप से जुड़ी हुई हैं। इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ता है। उन्होंने कहा, "लगभग 10 मिलियन भारतीय खाड़ी क्षेत्र में रहते और काम करते हैं; उनकी सुरक्षा और भलाई हमारे लिए सबसे जरूरी है।

## ट्रंप की भाषा में ही किंग चार्ल्स ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने अमेरिका के व्हाइट हाउस में ट्रंप को मजाकिया अंदाज में जवाब दियाकिंग चार्ल्स ने कहा कि अगर ब्रिटेन नहीं होता तो अमेरिकी फ्रेंच भाषा बोल रहे होतेउनका यह बयान उत्तरी अमेरिका के ब्रिटिश और फ्रांसीसी कब्जे के ऐतिहासिक संदर्भ में था।

ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय इस समय अमेरिका की शाही यात्रा पर पहुंचे हैं। यहां व्हाइट हाउस की एक शानदार डिनर पार्टी में इस बार मजाक-मजाक में इतिहास और राजनीति दोनों टकरा गए और किंग चार्ल्स तृतीय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उन्हीं के अंदाज में जवाब दे दिया. मंगलवार, 28 अप्रैल को व्हाइट हाउस में हुए स्टेट डिनर में ब्रिटेन के किंग ने राष्ट्रपति ट्रंप से कहा कि अगर ब्रिटेन नहीं होता, तो



आज अमेरिकी लोग फ्रेंच भाषा बोल रहे होते। यह ट्रंप को मजाकिया अंदाज में ब्रिटेन के किंग का जवाब था क्योंकि ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि अगर अमेरिका नहीं होता, तो यूरोप के लोग जर्मन बोल रहे होते।

यहां डिनर पार्टी में किंग चार्ल्स ने मुस्कुराते हुए कहा, "आपने हाल ही में कहा था कि अगर अमेरिका नहीं होता, तो यूरोप के देश जर्मन बोल रहे होते। तो मैं कहूं कि अगर हम (ब्रिटेन) नहीं होते, तो आप फ्रेंच बोल रहे होते।

यहां आपके दिमाग में ख्याल आ रहा होगी कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों कहा. किंग चार्ल्स का इशारा उत्तरी अमेरिका के उन इलाकों की ओर था, जहां पहले ब्रिटेन और फ्रांस का कब्जा था और दोनों के बीच लंबे समय तक लड़ाई हुई थी। यह सब अमेरिका की आजादी (करीब 250 साल पहले) से पहले हुआ था।

## भमरौआ रोड पर अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर, ननद-भाभी की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार दोपहर को भमरौआ रोड पर अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार ननद भाभी की मौत हो गई। जबकि कार में सवार छह लोग घायल हो गए। उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर निवासी कृष्णपाल की 40 वर्षीय पत्नी लज्जावती के बेटे सौरभ की शादी कुछ साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी गर्भवती थी। इस दौरान एक सप्ताह पहले उसको



घायलों का इलाज करता अस्पताल स्टाफ।

अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। उसका अंतिम संस्कार के बाद महिला अपनी ननद पूजा बेटे सौरभ सहित करीब आठ रिश्तेदारों के साथ सोमवार को उसकी अस्थियां गंगा में बहाने के लिए गए थे। वहां से काम निपटाने के बाद सभी लोग कार से वापस घर को जा रहे थे कि बुधवार दोपहर का भमरौआ के पास किसी अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी।जिसमें ननद पूजा और उनकी भाभी लज्जावती की मौके पर मौत हो गई।हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी।

जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। उसके बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि हादसे में घायल सुभाष,कोमल, शीतल,सौरभ, संतोष को अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया।

### पहले बहू और अब सास की चली गई जान

लज्जावती के घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जहां कुछ दिन पहले लज्जावती के बेटे की बहू की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। अब उस हादसे को परिजन भुला नहीं पाए थे कि अब हरिद्वार से लौटकर आ रहे परिजनों से भरी कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे लज्जावती की मौत हो गई। पहले पत्नी और अब मां की मौत के बाद सौरभ का रो रोकर बुरा हाल है। वह भी हादसे में घायल होने के बाद उपचार कराया जा रहा है।

### हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार

बताया जाता है कि परिजन दो कारों से सवार होकर हरिद्वार गए थे। वहां से लौटते समय यह हादसा हो गया। एक कार आगे चल रही थी जबकि दूसरी कार जो कि पीछे चल रही थी। उसको अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जानकारी मिलने के बाद रिश्तेदार कार से वापस लौट आ गए थे। जहां लोगों की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया था। काफी देर तक मौके पर भीड़ एकत्रित रही थी।

### मृतका पूजा ने दो बच्चों को छोड़ा

मृतका पूजा की मौत के बाद उसके पति का रो रोकर बुरा हाल है। उसने अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ा है। उनकी उम्र तीन से चार साल बताई जाती है। जानकारी मिलने के बाद रिश्तेदार गांव की ओर दौड़ पड़े थे। वहीं आस पास के गांव के लोग भी बांस नगली और पैगबरपुर में जुटना शुरू हो गए थे।

## गाजियाबाद की गौर ग्रीन एवेन्यू सोसायटी में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई, जिसके बाद बड़े स्तर पर अग्निशमन और बचाव अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के अनुसार, गौर ग्रीन एवेन्यू सोसायटी की 11वीं मंजिल पर सुबह करीब 8:50 बजे आग लगी, जो तेजी से फैलकर कई अन्य मंजिलों के फ्लैटों तक पहुंच गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में वैशाली, साहिबाबाद और नोएडा समेत आसपास के क्षेत्रों से एक दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 10:30 बजे तक आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया, हालांकि पूरी तरह



से आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। इस दौरान बचाव अभियान भी साथ-साथ चलाया गया। इमारत में फंसे कई निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिनमें एक बुजुर्ग व्यक्ति भी शामिल थे, जो ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। अग्निशमन कर्मियों ने उन्हें स्ट्रेचर के जरिए बाहर निकाला। अधिकारियों के अनुसार, आग सातवीं से आठवीं मंजिल तक फैल गई थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच जारी है।

नियम | सोच-समझकर करना होगा रसोई गैस का इस्तेमाल

## एक मई से ओटीपी के बिना नहीं मिलेगा कुकिंग सिलेंडर

**लखनऊ।** आज की एक बहुत महत्वपूर्ण खबर उन सभी लोगों के लिए जो घर में एलपीजी गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं। 1 मई 2026 से एलपीजी से जुड़े कई नियम बदलने जा रहे हैं। बुकिंग, डिलीवरी और सब्सिडी से लेकर कीमत तक... इन बदलावों का सीधा असर आपकी जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ेगा।

सबसे बड़ा बदलाव बुकिंग के नियम में आ रहा है। अब शहरों में गैस सिलेंडर बुक करने के बीच का समय बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। पहले यह 21 दिन था। वहीं ग्रामीण इलाकों में यह समय 45 दिन तक हो सकता है। यानी अब आपको गैस का इस्तेमाल थोड़ा सोच-समझकर करना होगा।

डिलीवरी को और ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए सरकार




ने नया ओटीपी सिस्टम लागू कर दिया है। अब जब भी डिलीवरी बॉय आपके घर गैस सिलेंडर लेकर आएगा, तो आपको अपने रजिस्टर्ड मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। उसे डिलीवरी वाले को बताना अनिवार्य होगा। बिना ओटीपी के सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए अब आधार ई-केवाईसी हर वित्त वर्ष में एक बार अनिवार्य कर दिया गया है। जिन लोगों ने अभी तक eKYC नहीं कराया है, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करना होगा, वरना सब्सिडी नहीं मिलेगी।

इसके अलावा, हाल ही में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है। और माना जा रहा है कि 1 मई के बाद फिर से कीमतों में बदलाव हो सकता है। सरकार अब धीरे-धीरे लोगों को पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की तरफ शिफ्ट करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रही है। जिन इलाकों में पीएनजी उपलब्ध है, वहां समय पर कनेक्शन न लेने पर एलपीजी सप्लाई बंद किए जाने की भी चेतावनी दी गई है।

## मैंने लोकतंत्र का ऐसा रूप पहले कभी नहीं देख :ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वे लोगों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यकर्ताओं को कल रात गिरफ्तार किया गया और उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में ऐसा लोकतंत्र पहले कभी नहीं देखा।

ममता बनर्जी ने दोहराया कि जीत तृणमूल कांग्रेस की ही होगी और राज्य में उनकी पार्टी सत्ता में है। उन्होंने सीआरपीएफ पर आरोप लगाया कि वह यातना नहीं दे सकती, इसके बावजूद उसने सभी बूथों पर कब्जा कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बलों की जिम्मेदारी सीमा की सुरक्षा करना है, लेकिन वे एक खास पार्टी की सुरक्षा में लगे हुए



हैं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिलाओं और बच्चों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है, जबकि हुगली और कैनिंग जैसे इलाकों में टीएमसी के एजेंटों को मतदान केंद्रों से खदेड़ा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि CRPF इस तरह लोगों को परेशान नहीं कर सकती। यहां राज्य पुलिस नहीं है, इन्हें सीमा की रक्षा करनी चाहिए. लेकिन इसकी जगह वे एक राजनीतिक दल की रक्षा कर रहे हैं। मैं 1984 से चुनाव लड़ रही हूं और इस बार इतना अत्याचार हो रहा है।

## एक नजर

### खेत से घर लौट रहे किसान को अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर, मौत

आसफपुर (बदायूं)। थाना क्षेत्र के गांव कोरेरा के पास खेत से घर लौट रहे एक किसान को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोरेरा गांव निवासी रामगोपाल (64) पुत्र लीलाधर मंगलवार को खेत पर काम करने के बाद घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वह गांव के बाहर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसा होते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल रामगोपाल को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गंगा एक्सप्रेसवे बनेगा गेमचेंजर बदलेगी बरेली मंडल की तस्वीर

## बरेली से 35 किमी दूर पर है एक्सप्रेसवे, बदायूं और शाहजहांपुर से सीधे कनेक्टिविटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली/बदायूं/शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे अब सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि पश्चिम से पूर्वी यूपी तक विकास का सुपर कॉरिडोर बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पण के साथ ही यह एक्सप्रेसवे बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर के लिए इकोनॉमिक बूस्टर डोज साबित होगा। उद्योग, निवेश, रोजगार और कनेक्टिविटी के हर मोर्चे पर यह प्रोजेक्ट पूरे मंडल की तस्वीर बदलने वाला है।

गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहा औद्योगिक कॉरिडोर इस क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है।



बदायूं और शाहजहांपुर में सैकड़ों एकड़ में इंडस्ट्रियल क्लस्टर बसाए जा रहे हैं, जहां मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर की बड़ी कंपनियां निवेश के लिए तैयार हैं। 100 से ज्यादा उद्योग स्थापित हो सकते हैं, जिससे 3 से 5 हजार करोड़ रुपये तक निवेश आने की संभावना है। इससे सीधे तौर पर 50 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा, जबकि अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर इससे कई गुना ज्यादा होंगे। कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग यूनिट और लॉजिस्टिक्स पार्क बढ़ने से फसलों को बेहतर कीमत मिलेगी और बिचौलियों की भूमिका कम होगी।

### 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से परिवहन तेज होगा और लागत में आयेगी कमी

- घटपुरी इंटरचेंज (बदायूं) के जरिए बरेली से एक्सप्रेसवे की दूरी महज 35 किलोमीटर रह जाएगी। इससे दिल्ली, मेरठ और प्रयागराज का सफर आसान और तेज हो जाएगा।
- मेंथा, जरी-जरदोजी, फर्नीचर और बांस-बेत जैसे पारंपरिक कारोबार को भी नई उड़ान मिलेगी। बेहतर कनेक्टिविटी से इन उत्पादों का निर्यात आसान होगा और कारोबारियों की आय बढ़ेगी।
- यह देश का पहला डिजिटल एक्सप्रेसवे माना जा रहा है, जिसमें एआई आधारित तकनीक का व्यापक इस्तेमाल किया गया है।
- पूरे रूट के साथ दो मीटर चौड़ा यूटिलिटी कॉरिडोर बनाया गया है, जिसमें 5G ऑप्टिकल फाइबर और बिजली की लाइनें बिछाई गई हैं।
- इसी नेटवर्क से हाईसेंसर एलईडी और सीसीटीवी कैमरों को कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे 24 घंटे निगरानी संभव होगी।
- भविष्य में इसी कॉरिडोर का उपयोग सीएनसी, पीएनजी और अन्य लाइनों के लिए भी किया जा सकेगा। कंपनियों से मिलने वाले लाइसेंस शुल्क से एक्सप्रेसवे की लागत भी वसूल की जाएगी।

### सुरक्षा में रहेगा एआई का पहरा, हर सेकंड निगरानी

- एक्सप्रेसवे पर हादसों को रोकने के लिए एआई आधारित कैमरा सिस्टम लगाया गया है।
- अगर कोई वाहन ज्यादा देर खड़ा रहता है या दुर्घटना होती है तो कंट्रोल रूम में तुरंत अलर्ट जाएगा।
- रम्बल स्ट्रिप और रेडियम पट्टियां ड्राइवर को झपकी आने पर भी सचेत करेंगी, जिससे हादसों की आशंका कम होगी।
- अलर्ट मिलते ही पेट्रोलिंग टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंचेंगी।

### पर्यावरण संरक्षण का भी मॉडल

- इस एक्सप्रेसवे को पर्यावरण संतुलन के साथ डिजाइन किया गया है।
- सड़क के किनारे बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया है और हर 20 मीटर पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया गया है, जिससे बारिश का पानी सीधे जमीन में रिचार्ज होगा।
- इससे भूजल स्तर बेहतर होगा और आसपास के क्षेत्रों को भी फायदा मिलेगा।
- औद्योगिक कॉरिडोर के साथ इन गांवों में रोजगार, व्यापार और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

## 5 लाख और जेवर समेटकर गायब हुई दुल्हन, आज आनी थी बारात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब घर में शादी की तैयारियों के बीच दुल्हन बनने वाली युवती अचानक लापता हो गई। हैरानी की बात यह है कि युवती घर में रखे करीब पांच लाख रुपये नकद और जेवरात भी साथ ले गई। परिजनों ने पड़ोसी युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़ित मां के मुताबिक, उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी 29 अप्रैल को तय की थी। शादी के लिए घर में पांच लाख रुपये नकद, जेवर और अन्य जरूरी सामान रखा गया था। 26 अप्रैल को वह अपने बेटे के साथ एक रिश्तेदार की शादी में गई थीं, जबकि घर पर पति और दोनों बेटियां मौजूद थीं। अगले दिन 27 अप्रैल को जब वह लौटीं तो बड़ी बेटी घर से गायब थी। घर में रखा कैश और जेवर भी नहीं मिले। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा।

परिजनों ने गली में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। फुटेज में पड़ोस का युवक अमन युवती को अपने साथ ले जाता दिखाई दिया। पीड़िता की मां का आरोप है कि इस पूरे मामले में अमन के पिता ओमकार, मां, बहन, भाई आकाश और एक दोस्त भी शामिल हैं। जब अमन के पिता से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बेटे के तीन दिन से घर से बाहर होने की बात कही और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। बारादरी थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की तलाश के साथ ही मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## बरेली में खुलेगा लखनऊ पब्लिक स्कूल का नया कैंपस, राज्यपाल करेंगी उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शिक्षा क्षेत्र में एक और बड़ा विस्तार करते हुए लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस समूह अपनी 16वीं शाखा का शुभारंभ बरेली में करने जा रहा है। सेक्टर-3, रामगंगा नगर आवासीय योजना में निर्मित इस नए विद्यालय का उद्घाटन 30 अप्रैल 2026 को अपराह्न 4 बजे उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। संस्थान के अनुसार, वर्ष 1983 में स्थापित यह समूह आज गुणवत्ता, अनुशासन और नवाचार के लिए जाना जाता है तथा उत्तर प्रदेश व दिल्ली में इसकी कई शाखाएं संचालित हैं। नए कैंपस में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग, रोबोटिक्स व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब, समृद्ध पुस्तकालय और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक और वैश्विक स्तर की शिक्षा मिल सके। संस्थान का दावा है कि यह नया विद्यालय बरेली में शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा और छात्रों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा।




नए खुलने वाले लखनऊ पब्लिक स्कूल के बारे में जानकारी देते स्कूल प्रशासनिक अधिकारी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** थाना बंडा के आलमपुर पिपरिया निवासी रजनीश (26) अपने दो साथियों, सत्यपाल और सजपाल के साथ बाइक से रिश्तेदारी में बारात जा रहा था।

पूरनपुर रोड पर हसनापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवक काफी दूर तक घिसट गए और कार खाई में जा गिरी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ रजनीश को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल सत्यपाल और सजपाल को बरेली रेफर किया गया है। पुलिस ने कार कब्जे में ले ली है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का आज बरेली दौरा

### कई अहम कार्यक्रमों में लेंगी हिस्सा, सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह हाई अलर्ट पर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का बरेली दौरा कल तय है। गुरुवार को वह शहर में शिक्षा, बाल संरक्षण और संस्थागत व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी। उनके दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक राज्यपाल सुबह 10:45 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लखनऊ से रवाना होकर 11:20 बजे बरेली के त्रिशूल हवाई अड्डे पहुंचेंगी। यहां से सीधे दिशा इंटर कॉलेज जाएंगी, जहां 11:25 से 12:30 बजे तक स्कूल की व्यवस्थाओं, शिक्षण गुणवत्ता और संसाधनों की हकीकत परखेंगी। प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। दोपहर 12:55 बजे से 1:25 बजे तक राज्यपाल किला स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण करेंगी। यहां वह बच्चों की रहन-सहन, सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर जमीनी स्थिति जानेंगी। यदि कहीं खामियां मिलीं तो जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब-तलब भी हो सकता है।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

### अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना, कार्यक्रम में संतोष गंगवार भी होंगे मौजूद

इसके बाद राज्यपाल 1:25 बजे कार से महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय पहुंचेंगी। 1:40 से 3:45 बजे तक यहां उनका भोजन और बैठक कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं, शिक्षा स्तर और विकास कार्यों को लेकर चर्चा होने की संभावना है। शाम 3:45 बजे राज्यपाल रामगंगानगर स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल की नई शाखा के उद्घाटन के लिए रवाना होंगी। 4 बजे से 5 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में संतोष गंगवार की मौजूदगी भी रहेगी, जिससे आयोजन को खास अहमियत मिल गई है।

### सुरक्षा के कड़े रहेंगे इंतजाम, पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से रहेगी मुस्तैद

राज्यपाल के दौरे को देखते हुए पूरे शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। त्रिशूल हवाई अड्डे से लेकर कार्यक्रम स्थलों तक पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। रूट डायवर्जन की भी तैयारी की गई है, ताकि आम जनता को कम से कम परेशानी हो। अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा और प्रोटोकॉल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिनभर के कार्यक्रमों के बाद राज्यपाल शाम 5:20 बजे त्रिशूल हवाई अड्डे से वापस चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए रवाना होंगी। उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज है और हर स्तर पर नजर रखी जा रही है।

## तमंचे संग फोटो पोस्ट करने वाला युवक दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** थाना बण्डा पुलिस ने तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने तमंचा, कारतूस बरामद किया है। 28 अप्रैल को थाना बण्डा पुलिस को सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ एक पोस्ट वायरल होने की सूचना मिली। थाना बण्डा पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्रवाई की।सूचना पर पूरनपुर रोड पर ग्राम कुंवरपुर रत्ती की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग पर करबला के पास से अभियुक्त अंशुमान पुत्र अजय निवासी ग्राम पसियापुर थाना बण्डा को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा, कारतूस बरामद किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी अंशुमान को जेल भेज दिया है।

## सट्टा माफिया समेत बरेली के 67 अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिले में गोकशी, सट्टा और संगठित अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने बड़ा ऑपरेशन छेड़ दिया है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर 54 गोकश समेत कुल 67 कुख्यात अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी गई है। अब इन सभी की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी और जरा सी चूक पर सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है।

गोकशी के मामलों में भोजीपुरा क्षेत्र के शकील उर्फ पोला, छोटे उर्फ अब्दुल कयूम, कल्लू उर्फ कलुआ, अशफाक, अकलीम, छोटन उर्फ एसओ, सद्दाम, पप्पू, वसीम, फेम उर्फ फहीम और पप्पू उर्फ गरां की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इसके अलावा बहेड़ी, मीरगंज, देवरनिया, सीबीगंज, कोतवाली, फरीदपुर, आंवला, हाफिजगंज, बहेड़ी और नवाबगंज थानों के कई कुख्यात अपराधी भी पुलिस की निगरानी सूची में शामिल कर दिए गए हैं। कार्रवाई सिर्फ गोकशी तक सीमित नहीं रही। बारादरी के चर्चित सट्टा माफिया जगमोहन उर्फ तन्नू को भी हिस्ट्रीशीटर बना दिया गया है। वहीं हत्या, लूट, डकैती और धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराधों में शामिल शालू गुप्ता, तरुण उर्फ गोविंदा, निशांत उर्फ बिहारी, अमन और विनय जैसे आरोपियों की भी हिस्ट्रीशीट खोलकर पुलिस ने साफ संदेश दे दिया है कि अब कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा।

### थानेवार निगरानी, हर मूवमेंट पर पुलिस की नजर

एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इन अपराधियों की नियमित निगरानी की जाए। उनकी गतिविधियों, आवाजाही और संपर्कों पर नजर रखी जाएगी। पुलिस का साफ कहना है कि अगर इनमें से कोई भी दोबारा अपराध में लिप्त मिला तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी अनुराग आर्य ने स्पष्ट किया कि गोमांस तस्करी, सट्टा और संगठित अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। हिस्ट्रीशीट खोलना सिर्फ शुरुआत है। आगे और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद क्षेत्र में एक युवक का शव पीपल के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मामले की जांच में जुटी है।थाना जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी ब्रजमोहन के 25 वर्षीय पुत्र नितिन का शव पीपल के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों से घटना की जानकारी की। जानकारी के अनुसार, ब्रजमोहन की जलालाबाद के मुख्य चौराहे पर पान की दुकान है। पिता के साथ निखिल भी पान की दुकान पर बैठता था। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सीबीगंज में हाई-टेक चोरी: गोदाम के नीचे सुरंग खोदकर 28 लाख का कॉपर पार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिले के सीबीगंज थाना क्षेत्र के महेशपुरा में चोरों ने फिल्मी अंदाज में बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस के होश उड़ा दिए। स्क्रैप गोदाम की दीवार के नीचे सुरंग बनाकर चोर करीब दो टन कॉपर स्क्रैप चोरी कर ले गए। चोरी गए माल की कीमत लगभग 28 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

कोतवाली क्षेत्र की भटनागर कॉलोनी निवासी शिवानी जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पंजीकृत फर्म स्क्रैप का कारोबार करती है और नीलामी के जरिए माल खरीदती है। उनका गोदाम सीबीगंज के महेशपुरा इलाके में स्थित है। मंगलवार सुबह जब उनके पति पंकज जैन गोदाम पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर हैरान रह गए। गोदाम की दीवार के नीचे एक गहरी सुरंग बनी हुई थी, जिससे साफ था कि चोर इसी रास्ते अंदर घुसे। गोदाम के अंदर रखे करीब दो टन कॉपर स्क्रैप पूरी तरह गायब था। कॉपर की बाजार कीमत के हिसाब से नुकसान करीब 28 लाख रुपये आंका गया है। जिस तरीके से सुरंग बनाकर चोरी की गई, उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों ने कई दिनों तक रेकी की और फिर सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। यह भी संभावना जताई जा रही है कि इसमें किसी अंदरूनी व्यक्ति की भूमिका हो सकती है, क्योंकि गोदाम के अंदर रखे माल की सटीक जानकारी बिना यह संभव नहीं माना जा रहा।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, खुलासे का दावा

घटना की सूचना मिलते ही सीबीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि चोरी के इस अनोखे तरीके को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बहेड़ी अग्निकांड: 246 किसानों को मिले चेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** गेहूं के खेतों में आग लगने से हुए नुकसान के बाद किसानों को अब कुछ राहत मिलने लगी है। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के तहत बुधवार को तहसील बहेड़ी सभागार में चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान ग्राम बहादुरगंज और सिंगोथी के कुल 246 प्रभावित कास्तकारों को 40.23 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। चेक जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किसानों को सौंपे गए, जिससे उनके चेहरे पर राहत की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम बहेड़ी इशिता किशोर, तहसीलदार भानू प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख बहेड़ी अमरिंदर सिंह गोल्डी, दमखोदा ब्लॉक प्रमुख पति व भाजपा नेता दुष्यंत गंगवार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अग्निकांड से प्रभावित किसानों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को संभाल सकें और आगामी फसल की तैयारी कर सकें। चेक प्राप्त करने वाले किसानों ने सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि इस सहायता से उन्हें काफी हद तक राहत मिलेगी।




## बेटे की मौत के बाद रिश्तेदारों ने ही दिया धोखा बीमा के 56 लाख हड़पे, 12 पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सऊदी अरब में सड़क हादसे में बेटे की मौत के बाद परिवार को सहारा देने के बजाय रिश्तेदारों ने ही बड़ा धोखा दे दिया। बीमा क्लेम के करीब 56.25 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मृतक के पिता ने बहन, बहनोई और भांजों समेत 12 लोगों के खिलाफ सीबीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव खना गौटिया निवासी आबिद रजा खां के मुताबिक उनका बेटा माजिद रजा खां 2018 से सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी कर रहा था। 2 फरवरी 2021 को सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। इसके बाद बहनोई इरफान और भांजे अतीक ने भरोसा दिलाया कि हादसा दूसरे वाहन चालक की गलती से हुआ है, इसलिए बीमा का दोगुना क्लेम मिलेगा। इसी भरोसे में आकर आबिद ने अतीक के नाम पावर ऑफ अटॉर्नी कर दी, जो आगे चलकर ठगी का सबसे बड़ा जरिया बन गई। आरोप है कि अतीक ने सऊदी में कागजात जुटाकर बीमा क्लेम दाखिल किया और अदालत के जरिए करीब 2.25 लाख रियाल (करीब 56.25 लाख रुपये) हासिल कर लिए। शुरू में उसने एक लाख रियाल मिलने की बात बताई और बाकी रकम मिलने पर देने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में पैसे मिलने से ही मुकर गया। जब आबिद ने सऊदी में अन्य लोगों से जानकारी जुटाई, तब खुलासा हुआ कि पूरा क्लेम पहले ही मिल चुका है।




### रिश्तेदारों के खातों में बांटी गई रकम

पीड़ित के मुताबिक अतीक ने यह रकम अपने पिता इरफान, मां परवीन, बहनों निशा, नूरन, काजल, यास्मीन, भाई आमिर, पत्नी समेत अन्य रिश्तेदारों- इजाज अहमद और अजहर उद्दीन के खातों में ट्रांसफर कर दी। अब जब आबिद पैसे मांग रहे हैं तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सीबीगंज थाना पुलिस ने आबिद रजा खां की तहरीर पर 12 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर प्रदीप चतुर्वेदी के मुताबिक मामले की गहनता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### श्रीराम कथा से पूर्व धर्म प्रेमियों ने निकाली दिव्य यात्रा

**बिलासपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में नगर की अनाज मंडी में एक मई से प्रारंभ हो रहे पांच दिवसीय श्रीराम कथा के आयोजन से पूर्व धर्मप्रेमियों द्वारा नगर में जयकारों के बीच दिव्य यात्रा निकाली गई जिसका जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया ।बुधवार की शाम शिवबाग मंडी से निकाली गई इस यात्रा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों,मर्यादा एवं धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

# मिलक में किराएदार ने खुद को मारी गोली, मौत

## 7 साल के बेटे ने मकान मालिक को फोन पर दी सूचना, दाहिने हाथ में फंसा मिला 12 बोर का तमंचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कस्बा मिलक के पटेल नगर में एक किराएदार ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक के सात वर्षीय बेटे ने फोन पर मकान मालिक को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मकान मालिक सौरभ गुप्ता निवासी पटेल नगर ने 112 पर सूचना दी कि वह अपने चाचा के दसवें संस्कार में शामिल होने बरेली के सिरौली गए हुए थे।उनके मकान की निचली मंजिल में रवि सैनी अपनी पत्नी सुनीता व 7 वर्षीय बेटे कृष के साथ किराए पर रहते हैं। सौरभ गुप्ता के अनुसार, मंगलवार को रवि सैनी के बेटे कृष ने फोन पर बताया कि पापा ने गोली मार ली है। सूचना मिलते ही वह मिलक पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

कमरे में रवि सैनी का शव पड़ा था। मृतक के दाहिने हाथ में 12 बोर का तमंचा फंसा हुआ था। शव के पास ही पत्नी सुनीता सैनी व बेटा कृष मौजूद थे।प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने की जानकारी अपने उच्च अधिकारी को दी l पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर फील्ड यूनिट को बुलाया। फोरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया। पंचायत नामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया संबंध में संबंधित को दिशा निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना आत्महत्या प्रतीत हो रही है। फिर भी हर पहलू की जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। परिजनों से पूछताछ जारी है।



### मां ने लगाया हत्या का आरोप

गोली चलने के बाद बुधवार सुबह 8 बजे एडिशनल एसपी अनुराग सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक की पत्नी, बेटे और अन्य परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। मृतक की मां हरप्यारी ने आरोप लगाया है कि उनका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता, बल्कि उसकी गोली मारकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक रवि सैनी बिजली मैकेनिक का काम करता था और उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

### मकान बनवाने की योजना बना रहा था बेटा

मां हर प्यारी निवासी गांव किलखेड़ा, बाजपुर उत्तराखंड ने बताया कि रवि को बचपन में उनकी ननद ने गोद ले लिया था। वह बचपन से ही अपने फूफा भूकंन और बुआ के साथ मिलक में रहता था। परिवार में संपत्ति का कानूनी बंटवारा हो चुका था ।रवि किला खेड़ा में मकान बनवाकर रहने की योजना बना रहा था। पत्नी सुनीता ने बताया कि मंगलवार को वह अपने पति और बेटे के साथ शादी समारोह में शामिल होने गई थी। रात दस बजे वापस घर लौटे थे। इसके बाद तीनों सो गए थे। रात बारह बजे गोली चली तो उनके कान सुन्न हो गए। आंखे बंद हो गयी। करवट बदली तो देखा तो उसके पति खून से लथपथ थे। घटना के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। हर कोई इस घटना से दंग रह गया

### पुतला फूंकने में 12 मई को होगी सुनवाई

**रामपुर।** प्रदेश सरकार का पुतला दहन करने के छह साल पुराने मामले में 12 मई को सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट मजिस्ट्रेट में चल रही हैं।

वर्ष 2019 जुलाई को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कचहरी के निकट फैमिली चौराहे पर प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने पुतला दहन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया था। इसके बाद सिविल लाइंस कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। इसी आरोप पत्र के आधार पर मुकदमे की सुनवाई चल रही है। इसमें पूर्व विधायक संजय कपूर, मुति उर रहमान बब्लू, तत्कालीन नगर अध्यक्ष नोमान खां, कुमार एकलव्य सहित कई नेताओं को नामजद किया गया था। बुधवार को इस मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 मई मुकर्रर की है।

# हवन-भंडारे के सहारे आस्था का फायदा उठाकर ठगी

- ढोंगी बाबा 60 हजार रुपए लेकर हुआ फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** नगर में एक ढोंगी बाबा बनकर एक मंदिर पर हवन-भंडारे के सहारे आस्था का फायदा उठाकर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने ठगी होने की तहरीर पुलिस को दी है।

थाना क्षेत्र के जटपुरा निवासी धर्मवीर शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 अप्रैल की दोपहर को वह अपनी पत्नी के साथ सैफनी बाजार सामान खरीदने आया था। नगर में छितौनी रोड पर प्रथमा बैंक के पास एक व्यक्ति ने खुद को महात्मा बताते हुए बहुत बड़ा ग्रह संकट बताते हुए अपने जाल में फंसा लिया। तथा इसके बाद महात्मा ने गृह संकट काटने के लिए पूजा-पाठ के नाम पर अपना मोबाइल नंबर देकर पूरी तरह अपने झांसे में ले लिया। आरोप है कि महात्मा धर्मवीर को बैंक ले गया और खाते से 60 हजार रुपये निकलवा लिए।

इसके बाद हवन-भंडारे का बहाना बनाकर रकम लेकर फरार हो गया। मंगलवार को अपनी पत्नी उषा देवी के साथ महात्मा के द्वारा बताए गए मंदिर पर पहुंचा तो पता चला कि वहां पर महात्मा वहां नही रहता है। महात्मा द्वारा दिए गया नंबर भी बंद होगा। जिसके बाद पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

# 3 मई को रामपुर आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

- सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां में जुटा प्रशासन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ 3 मई को रामपुर के स्वार में आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसको लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। मुख्यमंत्री का अभी लिखित कार्यक्रम प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है।

सीएम तहसील स्वार में आगमन को लेकर होने वाले कार्यक्रम में कई योजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास के अलावा दिव्यांगों को मोटरसाइकिल समेत सरकारी अन्य योजनाओं में पात्र लोगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री के रामपुर आने की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हो गई है। लेकिन मिनट टू मिनट कार्यक्रम अभी नहीं मिल पाया है। 3 मई को सीएम का कार्यक्रम प्रस्तावित है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- कोतवाली थाना क्षेत्र के किला कालोनी का मामला,पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** किला कालोनी में रहने वाली बी काम फाइनल ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

जिला बदायूं के थाना जरीफनगर के गांव देहगांव गांव निवासी नरेंद्र प्रताप सिंह सहकारिता विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। वह अपने परिवार के साथ कोतवाली थाना क्षेत्र के किला कालोनी स्थित एलआईयू आफिस के सामने बनी कालोनी में रह रहे है। उनकी चार बेटियां और एक बेटा है। एक बेटी दीप्ति बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा है। बुधवार दोपहर को दीप्ति को परीक्षा देने जाना था। जब वह कमरे से बाहर नहीं आई,तो उसके पिता ने कमरे में जाकर देखा,तो उसका शव पंखे पर लटका हुआ था बेटी के शव को देखकर पिता की चीख निकल गई। आस पास के लोग एकत्रित हो गए।

उसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस भी आ गई थी। शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि बुधवार को उसका बीकॉम फाइनल का पहला पेपर था। छात्रा के पिता ने सुबह पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम सहित अन्य पुलिस टीमें पूरे मामले की जांच कर रही हैं। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### छात्रा मंगलवार रात वैष्णो देवी से लौटी थी

मृतका के पिता का कहना है कि मंगलवार रात को वह वैष्णो देवी से लौटी थी ।परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। दीप्ति की बड़ी बहन शिवानी एमए फाइनल की तैयारी कर रही है, जबकि छोटी बहन महक बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा है। उसका एक छोटा भाई कक्षा चार में पढ़ता है। दीप्ति की मां लता घटना के समय अपने मायके गई हुई थीं। बेटी की मौत की खबर सुनकर वह बेसुध हो गईं। हालांकि मौत की वजह क्या हो सकती है। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है कि आखिरी छात्रा की आत्महत्या करने की मुख्य वजह क्या है। पुलिस कॉल डिटेल पर भी ध्यान दे रही है।

# पैतृक मकान बेचने का आरोप

**रामपुर।** गंज थाना क्षेत्र में पैतृक संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। शहर के मोहल्ला शुतरखाना निवासी अब्दुल रहीम ने एएसपी के नाम दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसके हिस्से का मकान बिना जानकारी और सहमति के बेच दिया गया। पीड़ित के अनुसार वह और उसके भाई मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। इसी दौरान उनके पुश्तैनी मकान को दूसरे पक्ष ने अपने नाम दर्ज कर बेच दिया। जब वह घर लौटा और जानकारी की, तो विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज की गई।धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि उसने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।


# हॉस्पिटल, क्लीनिक और लैबों के पंजीकरण शुरू

- तकनीकी खामी के चलते वेबसाइट पर नहीं हुए थे ऑनलाइन आवेदन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जनपद में हॉस्पिटल, क्लीनिक लैब पंजीकरण शुरू हो गए हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की वेबसाइट पर तकनीकी खामी के कारण ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पा रहे थे। इससे हास्पिटल और लैब संचालक काफी परेशान थे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2024 तक अस्पताल, लैब, क्लीनिक और पैथोलॉजी के पंजीकरण का नवीनीकरण एक वर्ष के लिए किया जाता था। प्रत्येक वर्ष अप्रैल से नवीनीकरण के लिए हास्पिटल ओर लैब संचालकों को आवेदन करने होते थे। हालांकि प्रदेश में भर 2025 से मानक पूरे होने पर बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी है। वहीं मानक पूरे नहीं करने वाले हास्पिटल और लैब के पंजीकरण एक वर्ष के लिए किए गए। वेबसाइट पर आई तकनीकी खामी सही होने पर संचालकों ने नवीनीकरण कराना शुरू कर दिए हैं। सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।




# टांडा पुलिस ने महिला का गुम हुआ बैग कराया वापस

- बैग में कीमती सामान एवं आभूषण रखे हुए थे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टाडा थाना क्षेत्र के गांव चक गजरौला निवासी एक महिला ने 27 अप्रैल को पुलिस को सूचना दी कि वह अपने गांव से मुरादाबाद एक विवाह समारोह में सम्मिलित होने जा रही थीं। जब वह ई-रिक्शा से कस्बा टांडा बस स्टैण्ड पर उतरीं, तो उसका बैग, जिसमें कीमती सामान एवं आभूषण रखे थे, कहीं गुम हो गया।

उक्त सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी निरीक्षक थाना टांडा पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनिकी संसाधनो की सहायता लेते हुए घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज एवं आस पास के लोगो की मदद से आवेदिका का गुम हुआ बैग बरामद कर लिया गया। जिसमें कीमती सामान एवं आभूषण सुरक्षित प्राप्त हुए। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 3,50,000 थी। बरामद बैग को पुलिस ने महिला के सुपुर्द कर दिया। महिला द्वारा पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है तथा सुरक्षा की भावना को बल मिला है।




पीड़िता को बैग देती महिला पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

# इंटर कॉलेज में शुल्क घोटाले का आरोप,सीएम से शिकायत

- रकम बैंक खाते में जमा नहीं कराई गई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** केमरी स्थित एक सरकारी स्कूल में शुल्क गड़बड़ी का मामला अब सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है। शिकायतकर्ता आरपी शर्मा ने मुख्यमंत्री को नामित पत्र भेजकर आरोप लगाया कि छात्रों से विभिन्न मदों और पीटीए के नाम पर वसूली गई और रकम बैंक खाते में जमा नहीं कराई गई।

कहा कि वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक करीब पांच सत्रों में लगभग 12.5 लाख रुपये के गबन की आशंका है। पत्र में संबंधित लिपिक पर अभिलेखों में हेरफेर कर मामले को दबाने का आरोप भी लगाया गया है। बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पहले भी शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थी ने मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और गबन की रकम की वसूली कराने की मांग की है।




# लूटपाट के बाद बदमाशों ने अध्यापक पर किया जानलेवा हमला, तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** थाना शाहबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीतर गांव में लूट और मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित रघुनाथ सिंह प्रभाकर के साथ अज्ञात बदमाशों ने न केवल लूटपाट की, बल्कि उन्हें अधमरा होने तक पीटते रहे। इस मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार, हमलावरों ने उनसे सोने की चेन और लगभग 12,000 रुपये की कलाई घड़ी लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने ईंट-पत्थरों और लाठी-डंडों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण रघुनाथ सिंह मौके पर ही बेहोश हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।घायल को बेहोशी की हालत में शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वर्तमान में पीड़ित का इलाज रामपुर के एक अस्पताल में चल रहा है, जहाँ उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।पीड़ित परिवार ने प्रशासन से गुहार लगाई है।



कोतवाली शाहबाद में तहरीर दी गई।तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।इस अवसर पर पर एससी,एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाउपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, विजय कुमार, ऋषि पाल सिंह, अशोक बाबू, जिला महामंत्री सुनील कुमार, जिला अध्यक्ष राम बहादुर गौतम, हरनाम सिंह, खालिद, ब्लॉक अध्यक्ष शाहबाद कुल भूषण गौतम ,लाल सिंह, शिवदयाल सिंह, हुकुम सिंह, मनोज कुमार, सत्यप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामले में 7 लोगों को सजा, 24 हजार का जुर्माना

- एफटीसी न्यायालय 2 में चल रही मामले की सुनवाई

**रामपुर।** एफटीसी न्यायालय 2 ने बुधवार को 7 आरोपियों को मारपीट के मामले में 2-2 वर्ष की सजा और 24 हजार रुपये का जुर्मान लगाया है।



जबकि मंगलवार को सभी आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया था।

न्यायालय ने बुधवार को सभी मुल्जिमानों को तलब किया। सभी मुल्जिमान कड़ी सुरक्षा से जेल से कोर्ट लाए गए। आरोपियों के खिलाफ उदल सिंह ने 10 अक्टूबर 2017 को एक राय होकर मारपीट करने के मामले में मामला दर्ज कराया था। न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए सियाराम, वीर सिंह, बनवारी, रमेश कलुआ उर्फ सुनील, मौजी उर्फ मनोज, मनीष, आशीष को धारा 147 में 6 माह, 148 में एक साल, 308 में दो वर्ष के अलावा 24 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट में एडीजीसी प्रमोद कुमार एडवोकेट ने सरकार की ओर से मजबूत पैरवी करते हुए सभी मुल्जिमानों को सजा दिलाई।

**सख्ती** रात्रि 11 बजे से प्रात : 3 :45 बजे तक चलाया अभियान

# ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, 4 वाहन सीज, 3 का चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रात्रि मंडी चौकी, थाना गंज क्षेत्र में विशेष सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान रात्रि 11 बजे से प्रातः 3:45 बजे तक चलाया ।जिसके दौरान ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुल 4 ओवरलोड वाहनों को नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर मौके पर ही सीज कर दिया। 3 वाहनों का चालान किया गया। इस कार्रवाई के अंतर्गत संबंधित वाहन चालकों पर कुल रुपए 2.48 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनहित एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे। साथ ही वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें और ओवरलोडिंग से बचें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।




वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ। -जागरण मोर्चा

# भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के प्रतीक हैं भगवान परशुरामः आकाश

## शहर विधायक ने सिविल लाइंस में परशुराम चौक का किया लोकार्पण

- **बोले युवाओं के लिए प्रेरणास्थल बनकर उभरेगा चौक**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिविल लाइंस क्षेत्र में निर्मित भगवान परशुराम चौक का निर्माण पूरा हो गया है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर चौक का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के प्रतीक हैं। ऐसे में यह चैक न सिर्फ उनके योगदान को बताएगा, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्थल भी बनकर उभरेगा।

रामपुर शहर के सौंदर्यीकरण एवं जन सुविधाओं के विकास का कार्य तेजी से चल रहा है। सड़कों और पार्कों के निर्माण के साथ ही शहर के प्रमुख चैराहों को महापुरूषों के नाम से सुशोभित किया जा रहा है। ताकि, रामपुर की सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपरा जीवंत रहे। ज्वालानगर में बने भव्य श्रीराम चौक के बाद अब सिविल लाइंस में भगवान परशुराम चैक का निर्माण कराया गया है। नगर पालिका की ओर से करीब आठ लाख रूपये की लागत से बनकर तैयार हुए इस चैक का शहर विधायक आकाश सक्सेना ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम त्याग, तपस्या, न्याय और धर्म की रक्षा के प्रतीक रहे हैं। उनके जीवन से समाज को अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि इस चैक का निर्माण न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य भी करेगा।


कार्यक्रम में मौजूद विधायक आकाश सक्सेना एवं अन्य। –जागरण मोर्चा


पूजा अर्चना कराते पंडित। –जागरण मोर्चा

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, भाजपा के जिला महामंत्री जगपाल यादव, रविंद्र सिंह रवि, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष सौरभ पाठक, अनिल वशिष्ठ, धनंजय पाठक, मुनीश चंद्र शर्मा, अवधेश शर्मा, अमन वशिष्ठ, चन्द्रमोली शर्मा, राहुल शर्मा, संजय पाठक, पवन पाठक आदि उपस्थित रहे।

# हाउस टैक्स बढ़ोतरी को वापस लिए जाने की सराहना


व्यापार मंडल की बैठक में उपस्थित व्यापार मंडल के पदधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के नगर कार्यलय व्यापारियों की एक बैठक हुई। जिसमें नगर निगमों, नगर पालिकाओं, और नगर पंचायत द्वारा मनमाने रूप से हाउस टैक्स वृद्धि की गई थी। जिस पर व्यापार मण्डल द्वारा कड़ा विरोध जताया गया था। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कछल द्वारा प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ से मिलकर बढ़ा हुआ हाऊस टेक्स वापिस लिये जाने की मांग की गई थी। जिसके बाद शासन द्वारा हाउस टैक्स वृद्धि पर रोक लगा दी।जिस पर सभी व्यापारियों में खुशी का महौल रहा व प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल के अथाह प्रसास की सराहना कर मुख्यमन्त्री व प्रांतीय अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शकील,जिला महामंत्री अब्दुल समद, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद, नगर महामंत्री आशीष कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष उस्मान,हाजी अली प्रिंस आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर

## गोकशी के अपराधों में लिप्त आठ गिरफ्तार

**बिलासपुर।** थाना पुलिस ने पूर्व में गोकशी के अपराधों में लिप्त आठ व्यक्तियों को थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार करने के बाद उनके विरुद्ध शांति भंग की धारा में कार्रवाई की है। बुधवार को खजुरिया थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि थाने में तैनात उप निरीक्षक योगेश मलिक, सत्यप्रकाश व जितेंद्र कुमार की टीम ने एसपी के आदेश पर पूर्व में गोकशी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों का सत्यापन व चेकिंग अभियान अपराध रोकथाम के दृष्टिगत नाजिम पुत्र जाकिर खां, राहत पुत्र तालिब हुसैन निवासी ग्राम खजुरिया कलां, उस्मान पुत्र अली अहमद, सद्दाम पुत्र रफीक, नबी अहमद पुत्र एहसान हाजी निवासी टिहरी ख्वाजा, इमरान पुत्र रजाक, अजमल खां पुत्र हामिद खां, नसरफ खां, पुत्र अरब शाह निवासी बमनपुरा आदि को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा-170,126,135 बीएनएसएस की कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# जीपीएल फैक्ट्री में लगी आग, स्क्रैप जलकर नष्ट

- **ढाई घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने पाया काबू**

**रामपुर।** नेशनल हाईवे स्थित गणेशा पोल्टेक्स लिमिटेड जीपीएल फैक्ट्री के एक हिस्से में आग लग गई।प्लास्टिक स्क्रैप में लगीआग पर दमकल की दो गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

बुधवार सुबह करीब पांच बजे फैक्ट्री के अंदर स्क्रैप और वॉशिंग लाइन वाले हिस्से में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। प्लास्टिक स्क्रैप होने के कारण आग तेजी से फैली, जिससे हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने खुद आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। मौके पर दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्कत की। दमकल कर्मियों के अनुसार प्लास्टिक के स्क्रैप में लगी आग को पूरी तरह शांत करने के लिए उसे कुरेद-कुरेदकर बुझाना पड़ा, जिसमें लगभग ढाई घंटे का समय लगा। आग लगने का संभावित कारण विद्युत शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, नुकसान का अभी आकलन नहीं हो पाया है।


नेशनल हाईवे स्थित फैक्ट्री में खड़ी फायर ब्रिगेड। –जागरण मोर्चा

## पत्नी पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप

**बिलासपुर।** खजुरिया में खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में एक पति ने अपनी पत्नी पर हंसिए से हमला कर लहूलुहान करने का आरोप लगाया है, पुलिस ने घायल पति का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

घटना थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव की है। बुधवार दोपहर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराने आए घायल राजपाल ने बताया कि सुबह वह काम पर जा रहा था, इसलिए उसने अपनी पत्नी हीरावती से खाना बनाने को बोला तो, तभी दोनों पति-पत्नी में कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने पर उसकी पत्नी उत्तेजित हो गई और पास पड़े हसीए से उसके सिर और हाथ पर हमला कर दिया।जब उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो, हमलावर पत्नी फरार हो गई। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि दोनों पति-पत्नी में विवाद हुआ था पति ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाए हैं, घायल पति का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद विवेचना की जा रही है उसके उपरांत ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सड़क हादसे में पति पत्नी की मौत, मचा कोहराम

- **चुंगी सुल्तानपुर के चौराहे पर हुआ था हादसा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** चौकी क्षेत्र के एक गांव से पति-पत्नी दवाई लेने के लिए मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा जा रहे थे रास्ते में कार की चपेट में आने से पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद लेकर जाया गया। जहां इलाज के दौरान पति-पत्नी ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था।

जानकारी के अनुसार बताया कि चौकी क्षेत्र गांव पर्वतपुर निवासी अफसर अली 35 वर्ष पुत्र शेर अली अपनी पत्नी के साथ मंगलवार को मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा से दवाई लेने के लिए जा रहा था रास्ते में चुंगी सुल्तानपुर के चौराहे पर खड़े होकर जूस पीने लगे। सामने से आए बोलेरो चालक ने जूस पी रहे पति पत्नी को टक्कर मार दी।अपनी कार लेकर फरार हो गया।

सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । जहां पर हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में ले गए। इलाज के दौरान पति-पत्नी ने दम तोड़ दिया जैसे ही यह सूचना परिवार के लोगों लगी तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था।

परिजन बिना पोस्टमार्टम कराई है सबको घर ले आए और बुधवार को दोनों का सब सपोर्ट देकर खाक कर दिए गए। बताया जाता है कि अफसर अली अपने पीछे गोद लिए एक बेटे को छोड़ गया।

# सीएम ने वापस लिया बढ़ा हुआ हाउस टैक्स, व्यापार मंडल ने जताया आभार

- **जमा कर चुके लोग विभाग से लें पैसा वापस, व्यापार मंडल बोला- जनता को मिली बड़ी राहत**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मिलक इकाई ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में मनमाने ढंग से बढ़ाया गया हाउस टैक्स वापस ले लिया है। संगठन ने इसे जनता की जीत बताया और कहा कि जिन लोगों ने बढ़ा हुआ टैक्स जमा कर दिया है, वे विभाग से वापस ले सकते हैं।

प्रेस विज्ञप्ति में मंडल के अध्यक्ष डॉ. डीके अग्रवाल ने कहा वर्तमान में सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों द्वारा मनमानी रूप से हाउस टैक्स में वृद्धि कर दी गई थी। उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने इसका कड़ा विरोध किया था।डॉ. अग्रवाल ने बताया कि संगठन के अनुरोध पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बढ़ा हुआ हाउस टैक्स वापस ले लिया है।

सीएम ने यह भी कहा है कि जिन्होंने बढ़ा हुआ टैक्स जमा कर दिया है, वह विभाग से वापिस ले लें। व्यापार मंडल ने जनता से अनुरोध किया है कि अब बढ़ा हुआ टैक्स जमा न करें।जिन्होंने जमा कर दिया है, वे संबंधित नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय से संपर्क कर रिफंड की प्रक्रिया शुरू कराएं।

मंडल ने उम्मीद जताई कि इस प्रयास से सभी जनता को राहत मिलेगी।विज्ञप्ति पर अध्यक्ष डॉ. डी.के. अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रामनाथ माहेश्वरी, महामंत्री शैलेष कुमार गुप्ता के साथ प्रिंस गुप्ता, अयूब खान, मुरारी लाल, राहुल रस्तोगी, रिंकू गुप्ता, विकास अग्रवाल, प्रदीप सक्सेना, राजेश गुप्ता, रुद्रपाल चौहान, वेद प्रकाश शर्मा आदि के हस्ताक्षर हैं।

## शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** शादी का झांसा देकर संबंध बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया।बुधवार को पुलिस ने आरोपी राकेश राठौर पुत्र त्रिमल राठौर निवासी मोहल्ला गढी कस्बा व थाना शीश गढ जनपद बरेली द्वारा शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाना तथा बाद में शादी करने से मनाकर देना जिससे आहत होकर वादी की बहन द्वारा अपने ऊपर तेल डालकर आग लगा लेना व गंभीर रूप से जल जाने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसी के चलते क्षेत्राधिकारी बिलासपुर के निर्देशन में थाना खजुरिया पुलिस द्वारा सूचना पर आरोपी राकेश राठौर को अहरो तिराहे पर चाय के खोखे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की।



# फैजान ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण की परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कहते हैं कि यदि दिल में पढ़ाई का जज्बा हो तो कोई भी कठिन परीक्षा पार की जा सकती है। जीवन में सफलता की राह बनाई जा सकती है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण जनपद रामपुर की तहसील मिलक के नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 स्थित मोहल्ला नसीराबाद में देखने को मिला, जहां 16 वर्षीय बालक फैजान पुत्र शरीफ अहमद सैफी ने विपरीत परिस्थितियों के बीच अपनी मेहनत से मिलक के प्रकाश इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर मिसाल पेश की है।

फैजान उम्र में भले ही 16 वर्ष का है, लेकिन शारीरिक रूप से काफी कमजोर है। उसका शरीर छोटे बच्चों जैसा है।मानसिक रूप से भी वह सामान्य बच्चों की तुलना में कमजोर माना जाता है। इसके बावजूद विद्यालय में अन्य बच्चों को पढ़ते और परीक्षा की तैयारी करते देखकर उसके मन में भी पढ़ाई करने और इंटर की परीक्षा पास करने का संकल्प जागा। उसने पूरे मनोयोग से पढ़ाई की और वर्ष 2025-26 की यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होकर सभी प्रश्नपत्र समय पर दिए। फैजान की मेहनत का परिणाम तब सामने आया जब घोषित परीक्षा परिणाम में उसने 500 अंकों में 236 अंक प्राप्त कर द्वितीय श्रेणी से सफलता हासिल की। यह उपलब्धि उसके लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई।हालांकि रिजल्ट आने के दिन परिवार पर दुखों का पहाड़ भी टूट पड़ा।

परीक्षा परिणाम घोषित होने से लगभग 10 घंटे पहले फैजान की दादी का निधन हो गया। जिससे परिवार में शोक की लहर छा गई।फिर भी फैजान जैसे संघर्षशील बच्चों का उत्साहवर्धन समाज की जिम्मेदारी है, ताकि उनका मनोबल बढ़े और वे आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकें। विद्यालय में सबसे कमजोर छात्र के रूप में फैजान की इस कामयाबी से विद्यालय प्रबन्ध समिति में भी खुशी है।

मंगलवार को संस्थापक डा. चंद्र प्रकाश शर्मा तथा प्रबंधिका शशिकांता ने फैजान का मुंह मीठा कराया और होंसला अफजाई करते हुएशॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा इससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वह आगे कामयाबी की ओर बढ़ते हैं।


छात्र को सम्मानित करते वक्ता। –जागरण मोर्चा

# नामित सभासदों को दिलाई शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** बुधवार को नगर पंचायत दढ़ियाल में शासन द्वारा नामित सभासदों ब्रजेश कुमार और विन्द्रावती को अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। एक नामित सभासद इकराम अंसारी किन्ही कारणवश शपथ न ले सके।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा, पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी स्वार टांडा लक्ष्मी सैनी, समाजसेवी पन्नालाल सैनी, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री अंकुश चौधरी, टांडा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नवनीत चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश चौहान, जनता इंटर कालेज प्रधानाचार्य श्रीपाल सिंह, टांडा नगर अध्यक्ष रोहित सैनी, पूर्व टांडा नगर अध्यक्ष योगेश सैनी, सभासद अजय चौहान, खेमपाल दिवाकर, सफल कुमार सैनी, रिंकू चौहान, अमित चौहान, गुड्डू सिंह चौहान, दीपू चौहान, ऋषि कुमार, पिंटू गौतम आदि उपस्थित रहे।


नगर पंचायत दढ़ियाल में नामित सभासदो को शपथ दिलाते नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद।

**गुस्सा** संसद में इस ऐतिहासिक विधेयक को गिराने का काम किया

# भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका विपक्ष का पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने बुधवार को शाहबाद नगर में विपक्ष के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ता शामिल रहीं। प्रदर्शन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश बाबू गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि विपक्ष ने हमेशा महिलाओं के साथ अन्याय किया है और उनके राजनैतिक अधिकारों को कुचलने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष कभी नहीं चाहता कि महिलाएं राजनीति में आगे आएं और अपनी सशक्त भूमिका निभाएं।

सुरेश बाबू गुप्ता ने विपक्ष पर महिला आरक्षण बिल का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष ने संसद में इस ऐतिहासिक विधेयक को गिराने का काम किया, जो देश की करोड़ों महिलाओं के साथ घोर विश्वासघात है। प्रदर्शन में महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू लता शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री महिला मोर्चा माधुरी सक्सेना एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष मंडी समिति शाहबाद सुरेश बाबू गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी आदि रहे।इससे पहले भी आस पास की तहसीलों में विपक्ष का पुतला जलाया जा चुका है।



शाहबाद में विपक्ष का पुतला फूंकती भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### बिना फार्मर आईडी के नहीं मिलेगा उर्वरक

**रामपुर।** जनपद में किसानों को मिलने वाली विभिन्न कृषि योजनाओं में पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फार्मर आईडी को अनिवार्य किए जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं।जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि प्रथम चरण में कृषि विभाग द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं—जैसे उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य कृषि इनपुट के वितरण तथा पात्र लाभार्थियों के चयन में फार्मर आईडी को आधार बनाया जाएगा।इसके अतिरिक्त, माह मई 2026 से जनपद में उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य कृषि योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्णत: किसान पहचान पत्र एवं फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही किया जाएगा।

### एएसपी ने सुनीं समस्याएं

**रामपुर।** बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी। पुलिस कार्यालय पर एएसपी ने जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों द्वारा रोजाना कार्यालय पर आने वाले पीड़ितों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराया जाता है।

# पांचवी बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने डा. राजवीर

## चौथी बार डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना बने जिला महामंत्री, जिलाध्यक्ष पद के लिए दाखिल हुए दो नामांकन पत्र


कार्यक्रम में बोलती बीएसए।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक नेता। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह और मंच पर मौजूद अतिथि।


मुख्य अतिथियों के साथ मौजूद जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार को हाईवे किनारे स्थित लीला लॉन होटल एंड बैंकट हाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी, प्रांतीय महामंत्री नरेश कौशिक, मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह, मंडल महामंत्री हिरेंद्र कुमार ने चुनाव जिलाध्यक्ष अमीर जहां तुर्की जनपद सम्भल चुनाव अधिकारी एवं मंडल मुरादाबाद को चुनाव पर्यवेक्षक की देखरेख में त्रैवार्षिक अधिवेशन का निर्वाचन अपराह्न 11.30 बजे नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करके हुआ।

जिसमें जिला अध्यक्ष पद के लिए डॉ. राजवीर सिंह सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या टांडा कंपोजिट ब्लॉक स्वार और सुरेंद्र पाल सिंह यादव सहायक अध्यापक उच्च विद्यालय मिश्री नगर जनूबी ब्लॉक चमरौआ ने नामांकन पत्र दाखिल किए। जबकि जिला महामंत्री पद के लिए डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना सहायक अध्यापक मिलक निब्बी ब्लॉक चमरौआ,हिमदीप प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा ब्लॉक स्वार ने नामांकन कराया। जिसमें तय समय में केवल दो नामांकन पत्र जिलाध्यक्ष पद के लिए व दो नामांकन पत्र जिला महामंत्री पद के लिए दाखिल हुए। नामांकन पत्र वापसी के क्रम में सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने लिखित सहमति से बिना किसी दवाब के अपना नामांकन पत्र डॉ राजवीर सिंह के पक्ष में वापिस ले लिया। डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना के पक्ष में हिमदीप सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। जिसके बाद डॉ. राजवीर सिंह को पांचवीं बार सर्व सहसमिति से निर्विरोध जिलाध्यक्ष पद एवं डॉ अंजुम स्नेही सक्सेना को सर्व सहसमिति से चौथी बार निर्विरोध जिला महामंत्री पद पर विजेता घोषित किया। परिणाम की घोषणा होते ही सभी अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं ने शिक्षक संघ जिंदाबाद के नारे लगाए।

दोनों विजेता पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ मजबूती से एक जुट होने की बात कही। बीएसए कल्पना देवी ने जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का विशेष धन्यवाद ज्ञाप्त किया। शिक्षकों की समस्याओं को तीव्रता से हल करने को कहा। डॉ. राजवीर सिंह ने कहा कि मिलकर टीम भावना से काम करें और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ में विश्वास रखें। शिक्षक समस्याओं से अवगत कराएं।त्रैवार्षिक अधिवेशन का मंच संचालन सुरेंद्र यादव ने किया।

### यह लोग रहे मौजूद

प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कैलाश पटेल, जिलामंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, अनीता प्रकाश, हेमलता सिंह, रामचंद्र सिंह दिलशाद वारसी, कमर इशाक जव्वाद, मुस्तफा अली, सुभाष पांडेय, अरविन्द गंगवार, विनोद कुमार, उमेश पाल सिंह, मनोज कुमार, दर्पण गौतम, मुजाहिद खान, चिंतामणि गंगवार, सुरेंद्र सिंह, सुषमा रानी, सविता रानी, एकता गुप्ता, शिखा सक्सेना प्रीति रानी, होरी लाल राजपूत, श्रृष्टि सिंह, कमलेश लता अनुराधा मौर्या,जसवंत सिंह, राजीव कुमार, हर्षित कुमार, हरजीत कौर ,पवन यादव, ऋतु सिंह, संजू लता, डॉली, मुरारीलाल, रवि मोहित सक्सेना, सागर मनोज भारती, महेंद्र हल्दिया जीवन, अनीता गुप्ता, राकेश बाबू, नफासत अली, जीवन सिंह विष्ट प्रतिभा कुमारी, रेखा सिंह, पूजा, निदा ख़ुशनूर, धर्मवीर सिंह,नीतू सिंह, सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## पत्नी से कहासुनी होने पर युवक ने दी जान

**मिलक।** शराब के नशे में पत्नी से कहासुनी होने पर एक 35 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। नगर क्षेत्र के मोहल्ला नसीराबाद निवासी शाहिद हुसैन पुत्र गुलाम रसूल (35) मंगलवार रात घर में शराब पीकर आया। रात्रि करीब 10 बजे शराब के नशे में पत्नी से कहासुनी हो गई। जिसके बाद उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे परिजन आनन फ़ानन मे उसे नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले गये जहां सुधार ना होने पर बरेली जनपद के राजश्री अस्पताल मे भर्ती कराया।उपचार के दौरान मौत सूचना पर थाना फतेहगंज पश्चिमी की पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव परिजनो को सौंप दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन छोटे बच्चे भी हैं मृत्यु की सूचना पर मृतक के घर में कोहरम मच गया।

## समस्याओं के समाधान को ग्रीवांस सेल गठित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** यूपी बोर्ड की वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद छात्र-छात्राओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने क्षेत्रीय कार्यालयों में ग्रीवांस सेल (शिकायत एवं निस्तारण प्रकोष्ठ) का गठन किया है।

छात्र-छात्राएं अपने परिणाम से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यह ग्रीवांस सेल बुधवार से 29 मई तक सक्रिय रहेगा। शिकायत दर्ज कराने के लिए विद्यार्थियों को इंटरनेट के अंकपत्र की प्रति के साथ आवश्यक साक्ष्य जैसे प्रधानाचार्य की आख्या व अन्य संबंधित दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा फल घोषित किए जाने पर परीक्षार्थियों को परिणाम से संबंधित किसी भी प्रकार समस्या हो तो शिकायत एवं निस्तारण प्रकोष्ठ का गठन किया है। परीक्षार्थी अपने जनपद से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर में संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए परिषद की ओर से दूरभाष नंबर और ई-मेल एड्रेस भी जारी किए गए हैं।

### इन पर करें संपर्क

मेरठ- 0121-2660742/9454457256-
romeerut@gmail.com
बरेली- 0581-2576494/9411915423-
robareilly@gmail.com
प्रयागराज- 0532-2423265/9793908133-
roallahabad1@gmail.com
वाराणसी- 0542-2509990/9415810708/9453760092-
rovaranasi@gmail.com
गोरखपुर- 0551-2205271/6394717234-
upmsprogkp@gmail.com

## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




पीड़ित पिता की तहरीर के अनुसार बीती 27 अप्रैल की सुबह 4 बजे भरतपुर गांव निवासी इकरार उनकी 14 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर जबरन भगा ले गया। पिता ने बताया कि इस काम में लड़के के भाई और लड़के के पिता ने भी सहायता की। आरोप यह भी है कि उनकी बेटी एक लाख रुपये भी साथ ले गई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## टीडी-डीपीटी टीकाकरण अभियान की बढ़ेगी अवधि

- जनपद में 20 से 30 अप्रैल तक की गई थी घोषणा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** डिप्थीरिया के बचाव के लिए जनपद में आयोजित टीडी-डीपीटी टीकाकरण अभियान की अवधि सप्ताह भर के लिए ओर बढ़ेगी। जबकि विभाग ने 20 से 30 अप्रैल तक की घोषणा की थी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के के चहल ने बताया कि अभियान में जनपद के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। इसमें अभियान के तहत 5-6 वर्ष, 10 वर्ष और 16 वर्ष बच्चों



के टीके लग रहे हैं। टीकाकरण अभियान 20, 21, 23, 24, 27, 28, 30 सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार को नियमित टीकाकरण सत्रों को छोड़कर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीडी-डीपीटी टीकाकरण अभियान की अवधि बढ़ेगी।

## मिलक खंड की 100 ग्राम समितियों में संपर्क करेगा किसान संघ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ की बैठक मिलक खंड के ग्राम बंकराबाद में आयोजित की। बैठक में बड़ी संख्या में किसानों ने मिलक प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

किसानों ने जिलाध्यक्ष से शिकायत करते हुए बताया कि उनके खेतों में जबरन सड़क डाली जा रही है, जबकि एक दबंग व्यक्ति के खेत में प्रस्तावित सड़क की पैमाइश पिछले एक वर्ष से तहसील प्रशासन द्वारा लगातार टाली जा रही है। इसके बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।बैठक में किसानों ने ढैंचा (हरित खाद) बीज का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। किसानों ने बताया कि उन्हें बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है,


बैठक को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

जिससे उनकी भूमि खाली पड़ी है। किसानों ने मांग की कि जिला कृषि अधिकारी तत्काल उप कृषि केंद्रों पर बीज की व्यवस्था सुनिश्चित करें।किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन 4 मई को मिलक तहसील में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगा।बैठक में जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद दिवाकर,आशीष चंद, मिंटू तिवारी, अरुण श्रीवास्तव, अभिषेक प्रधान, अमित, अंकित, नितिन, संजय, राकेश कश्यप, महेश, चेतराम मौर्य सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## निरीक्षण के दौरान सीओ ने आरक्षियों को दिए दिशा निर्देश

**शाहबाद।** बुधवार को सीओ देवकीनंदन ने शाहबाद थाना अंतर्गत ढकिया पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौकी पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षी गण को सोशल मीडिया पॉलिसी, पुलिस कर्तव्य एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान चौकी क्षेत्र में गस्त, पिकेट एवं चेकिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। चौकी प्रभारी सुमित कुमार को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए तथा पूर्व में घटित पुरानी घटनाओं के अनावरण में तेज़ी लाई जाए। निरीक्षण का उद्देश्य न केवल चौकी की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करना था, बल्कि नवनियुक्त आरक्षी को जमीनी स्तर पर पुलिसिंग के व्यावहारिक पहलुओं से जोड़ना भी था। सोशल मीडिया के जिम्मेदाराना उपयोग और पुलिस कर्तव्यों के प्रति सजगता पर विशेष बल दिया गया।


पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते सीओ देवकीनंदन।

## एक मई से होगा कथा का आयोजन

- बैठक को संबोधित करती साध्वी रितु भारती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिलासपुर में स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से 1 से 5 मई तक श्री रामकथा का आयोजन पुरानी मंडी में किया जा रहा है।इसी क्रम में साध्वी रितु भारती ने निवेदिता मित्तल के साथ यूनिकॉर्न क्लब के सदस्यों के साथ एक बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

साध्वी रितु भारती ने बताया कि श्री राम कथा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग, मर्यादा और धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।बैठक के दौरान निवेदिता मित्तल ने भी सभी उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया कि वे इस आयोजन के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठा सकें। सभी नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस श्री राम कथा में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं तथा अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित करें।



बैठक को संबोधित करती साध्वी रितु भारती ।क -जागरण मोर्चा

## बैठक: मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति की समीक्षा

- लापरवाही पर जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान योजना की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने तथा बैंकर्स के साथ समुचित समन्वय न होने पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग तथा समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित रखने तथा समय से निस्तारण न किये जाने पर जिलाधिकारी ने एसबीआई एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी चेतावनी दी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र आवेदकों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों की समयबद्ध जांच कर योग्य युवाओं को तत्काल ऋण स्वीकृत किया जाए।कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बेरोजगार युवक-युवतियां इस योजना के माध्यम से अपना उद्यम स्थापित कर रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि युवाओं की उद्यमशीलता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए सभी बैंकर्स को इसमें सक्रिय होकर भूमिका निभाएं।

## 1 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**मिलक।** क्षेत्र में आज 30 अप्रैल बृहस्पतिवार को 3 घंटे का बिजली शटडाउन रहेगा। 33/11 केवी उपकेंद्र मिलक में मेंटेनेंस कार्य के चलते दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।अवर अभियंता मोहम्मद हसनैन अंसारी ने बताया कि 33/11 केवी उपकेंद्र मिलक के कन्ट्रोल रूम के 5 एमबीए परिवर्तक की अतिभारिता कम करने के लिए टाउन-2 की बीसीबी को 10 एमवीए प्रथम पर शिफ्ट किया जाएगा।इस कार्य के चलते दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा।शटडाउन की अवधि में 33/11 केवी उपकेन्द्र मिलक से सम्बन्धित सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यानी पूरे उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली नहीं आएगी।बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। जरूरी काम पहले निपटा लें और पानी आदि का स्टोरेज कर लें।



**दी जानकारी** टीबी और संचारी रोगों से बचाव के बताए उपाय

## इंटर कॉलेज में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** क्षेत्र के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्र-छात्राओं को टीबी और संचारी रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में टीबी इंचार्ज डॉ. जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि टीबी गंभीर लेकिन पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है। लगातार खांसी, बुखार, कमजोरी या तेजी से वजन कम होना इसके प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी का इलाज निःशुल्क उपलब्ध है।

उन्होंने संचारी रोगों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि गर्मी और बरसात के मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। कूलर, गमले, पुराने टायर और टूटे बर्तनों में पानी जमा होने से मच्छर पनपते हैं।प्रधानाचार्य डॉ. अजय प्रकाश दीक्षित ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के लिए बेहद उपयोगी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे यहां मिली जानकारी को अपने घर और मोहल्लों तक पहुंचाएं।

इस दौरान छात्रों ने स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने संतोषजनक जवाब दिया। कार्यक्रम में धर्मपाल सिंह, योगेश चंद्र परगाई, विजय यादव, प्रदीप सिंह तुफैल अहमद देवेंद्र कुमार वर्मा विकास देवल, उमंग चंद्रा समेत विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में टीवी की जानकारी देते इंचार्ज जितेंद्र कुमार।

एक नजर



कथा का वाचन करते कथा वाचक।

### श्री गीता सत्संग भवन में श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा था। बुधवार को श्रीराम कथा आरंभ कथावाचक विश्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा श्री गीता सत्संग भवन में नवनिर्मित वातानुकूलित भवन के उद्घाटन के साथ किया गया। कथा वाचक में पहले दिन अनेक प्रकार की कथा का वाचन किया। साथ ही भजन भी सुनाए गए। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिवेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सुभाष रुस्तगी, विवेक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अमित कुमार, प्रमोद कुमार, वीरेंद्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# हरदोई से प्रधानमंत्री ने दी एक्सप्रेस-वे की सौगात

## एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज लहरावन के पास हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन हरदोई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण तथा जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन में विकासखंड बहजोई के ग्राम लहरावन गंगा एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास किया गया।

लहरावन गंगा एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति रहे एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व विधायक गुन्नौर एवं पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं



एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अधिकारीगण।



एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद जनमानस। -जागरण मोर्चा

द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सूचना विभाग लखनऊ से आए कलाकारों द्वारा गंगा एक्सप्रेस-वे को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए।

विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जनता का निरंतर विकास हो रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी सरकार में बहुत एक्सप्रेस वे बने हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे बनने के बाद जनपद में काफी बदलाव आएंगे। जनपद के खिरनी में औद्योगिक क्षेत्र बनने से स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा और जनपद विकास की अग्रसर होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने कहा कि संभल एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी है। इस नगरी को नई पहचान दिलाने का कार्य और इस पहचान के तहत नई दिशा देने का कार्य प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। इस जनपद को गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात देते हुए हमारे जनपद को औद्योगिक के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिला है और कहा कि हम सभी इसके लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे रोजगार के साधनों को बढ़ावा देगा।

जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने कहा की उत्तर प्रदेश में यह एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबा है। जिसका उद्घाटन बुधवार को प्रधानमंत्री के द्वारा जनपद हरदोई में किया गया है। उसी क्रम में गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़े प्रत्येक जनपद में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे जनपद संभल में कुल 38.650 किलोमीटर लंबा है और उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे जनपद के 31 गांवों से होकर गुजर रहा है। जनपद सम्भल में गंगा एक्सप्रेसवे पर दो स्थानों पर इंटरचेंज है एक खिरनी मउद्दीनपुर में तथा एक लहरावन है। उन्होंने कहा कि जब भी जनपद में एक्सप्रेसवे बनता है उससे यात्रा का समय कम हो जाता है ईंधन, ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलती है यात्रा सामान्य सड़क से अधिक सुरक्षित होती है क्योंकि इस पर डिवाइडर क्रैश बैरियर, एंट्री एग्जिट के अलग-अलग बिंदु होते हैं। संभल में 308 करोड़ से 24 कोसीय परिक्रमा का निर्माण किया जा रहा है तथा इसके साथ-साथ 150 करोड रुपये से अधिक से तीर्थ स्थानों का पुनर्निर्माण हो रहा है। लगभग 500 करोड़ से पूरे जनपद संभल के आसपास के क्षेत्र में तीर्थों का विकास हो रहा है। जिससे तीर्थाटन बढ़ेगा, पर्यटन बढ़ेगा तथा इसका सीधा लाभ जनपद संभल के लोगों को मिलेगा। जनपद संभल दिल्ली के बहुत निकट होने के बाद भी हमेशा पिछड़ा रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में जनपद संभल पूरे प्रदेश में टॉप 10 एक्सपोर्टर के अंदर शामिल हो गया है। 2400 करोड़ के निर्यात के साथ जनपद संभल प्रदेश में दसवें स्थान पर है।

राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे पश्चिम से लेकर पूर्वांचल को जोड़ने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबा है और 12 जनपदों से होकर गुजरेगा और उन्होंने कहा कि जन सुविधा के लिए 9 सुविधा केंद्र इसके अंतर्गत बनाए गए हैं। एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक कलस्टर विकसित किए जाएंगे। उद्योग विकसित होने से रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में काफी बदलाव आया है प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार में लोगों के अंदर विश्वास जागा है उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से भर्तियां हो रही हैं। पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी, राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल, पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश साध्वी गीता प्रधान, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरव कुमार, पाण्डेय, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टरआशुतोष तिवारी एवं संबंधित अधिकारी तथा जनमानस उपस्थित रहे।

# पीडीए की एकजुटता से बनेगी सपा सरकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत कार्यक्रम का आयोजन गांव देवरखेड़ा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के संस्थापक सदस्य, फतेहपुर लोकसभा से सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा देश के संविधान को धीरे-धीरे कमजोर करने व बदलने की दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल के नाम पर भाजपा परिसीमन के जरिए राजनीतिक भ्रम फैलाना चाहती थी। लेकिन जब उसकी मंशा सफल नहीं हुई तो विपक्ष को महिला विरोधी बताकर झूठा प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया



सपा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेश उत्तम पटेल का स्वागत करते पदाधिकारी।

गया। सपा महिला आरक्षण की समर्थक है, लेकिन पीडीए समाज की महिलाओं को भी उसमें समुचित भागेदारी मिलनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक समाज की संख्या सर्वाधिक है। लेकिन भाजपा शासन में सबसे अधिक उत्पीड़न भी इन्हीं वर्गों का हो रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि पीडीए समाज को एकजुट होकर सपा को मजबूत बनना होगा। ताकि वर्ष 2027 में अखिलेश यादव को पुनः प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जा सके।

सपा नेता विमलेश कुमारी ने कहा कि समाजवादियों को व्यक्तिगत स्वार्थ, मतभेद और मनमुटाव छोड़कर एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि

**सपा की पीडीए पंचायत कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

केवल संगठन की मजबूती और सामाजिक एकता के बल पर ही भाजपा को पराजित कर सपा विचारधारा को विजय दिलाई जा सकती है। इस अवसर पर संजय मदान, गुलशन राय, मास्टर आकिल, तरुण वार्ष्णेय, रेनु कुमारी, मनीष कुमार, वीरपाल, विनीत, साजिद कुरैशी, अजय कश्यप, राजा मलिक, बलवंत सिंह, मुजम्मिल खान, मोहम्मद अखलाख, बिंटू यादव, हरीश यादव, गीता वाल्मीकि, डा. खमानी, अरुण कुमार, अनिल शर्मा, महावीर यादव, रोहन यादव, छोटे खान, रशीद खान, जकी कान, विपिन कुमार, तारावती राणा आदि मौजूद रहे।

## काउंसलिंग से फिर एक हुए बिछड़े परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र में बैठक का आयोजन किया गया। गोशाला रोड स्थित पिंक चौकी में परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रुकम पाल सिंह ने पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रुकम पाल सिंह द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया। बुधवार को 13 पत्रावलियों को सुना गया। जिसमें 4 का निस्तारण किया गया। एक परिवार का समझौता कराया। 3 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण वह अन्य करण से बंद किया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल, रुचि व करुणा आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण के दूसरे दिन 61 प्रशिक्षु रहे अनुपस्थित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारत की जनगणना 2027 को लेकर प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण दूसरे दिन भी दिया गया। जिसमें प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 34 बैचों को संपन्न किया।

उक्त प्रशिक्षण में नामित 1570 कार्मिकों के सापेक्ष 1509 कार्मिक मौजूद रहे। जबकि 61 प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित प्रश्नावली के प्रत्येक बिंदु पर जानकारी दी गई। साथ ही 7 मई से प्रारंभ होने वाले स्व-गणना अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन



भारत की जनगणना का प्रशिक्षण लेते प्रशिक्षु। -जागरण मोर्चा

**भारत की जनगणना को लेकर चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर**

को विस्तृत कार्ययोजना से भी अवगत कराया गया। साथ ही इसे जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में तहसीलों के तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, चार्ज अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कार्मियों के विरुद्ध संबंधित विभागों को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई को पत्र प्रेषित किया जाएगा।



दानवीर भामाशाह की जयंती मनाते समिति पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# समारोह पूर्वक मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** वैश्य एकता समिति द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती का आयोजन समिति के अस्थायी कार्यालय पर किया गया। जिसमें समिति के संरक्षक भुवनेश चौधरी, विपिन बालाजी, क्षितिज गुप्ता ने दानवीर भामाशाह की चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने कहा कि दानवीर भामाशाह वैश्य समाज की शान, मेवाड़ के एक महान दानवीर, सेनापति और महाराणा प्रताप के विश्वासपात्र सलाहकार थे। इस अवसर पर आकाश वार्ष्णेय, दीपेश सेठ, डा. दिशांत गुप्ता, मयंक वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, प्रखर गर्ग, चर्चिल वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, अजय वार्ष्णेय, विवेक चौधरी, सचिन वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, मुनीश, मयूर वार्ष्णेय आदि रहे।

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक 04 मई को

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** गजरौला नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक आगामी 4 मई को दोपहर 12 बजे पालिका सभागार में आयोजित की जाएगी।

पालिका अध्यक्ष राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने बताया कि बैठक में नगर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। इनमें पेयजल व्यवस्था, मुख्यमंत्री नगरोदय योजना, वंदन योजना और विद्युत सुधार जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा पार्कों व तालाबों के सौंदर्यीकरण और ईओ व जेई के आवास निर्माण के प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा होगी। बैठक को लेकर सभी वार्डों के सभासदों को सूचना भेज दी गई है।

# महिला से जेवर ठगने वाला बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बबराला थाना पुलिस ने महिला से सोने के कुंडल व चैन ठगी करने के आरोपी को चेकिंग के दौरान नूरपुर तिराहा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास आभूषण को बेचे गए रुपयों में से उसके हिस्से 20,400 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

थाना बबराला के इंद्रा चौक निवासी अनिल गुप्ता पुत्र रामौतार ने 13 अप्रैल को थाने में तहरीर दी थी। जिसमें अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी मां को बातचीत में लगाकर धोखा देकर मां से सोने के कुंडल व सोने की जंजीर ठग ली थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपियों के



घटना का खुलासा करते एएसपी मनोज कुमार रावत। -जागरण मोर्चा

बारे में जानकारी प्राप्त कर यक्ष एप की मदद से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। बुधवार को पुलिस ने एक आरोपी असलम निवासी मोहल्ला मलवा अल्लाहबख्शपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को चेकंग के दौरान नूरपुर तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से बेचे गए जेवर में से बचे 20,400 रुपये बरामद किए।

पूछताछ में आरोपी असलम ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर महिलाओं से उनके

**पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया**

जेवर धोखाधड़ी से उतरवाकर ले लेता है। उन्हें बेचकर हम अपना जीवन यापन करते हैं। 13 अप्रैल की सुबह 11.15 बजे चन्दौसी रोड पर एक महिला सोने के कुंडल व सोने की चेन पहनकर चन्दौसी की ओर पैदल जा रही थी। जिसे मैने व मेरे साथ वारिस उर्फ वरीमुद्दीन उर्फ कोतल निवासी असीलपुर थाना किठोर जनपद मेरठ, मजाहिद उर्फ मुजाहिद उर्फ टोंटा निवासी असीलपुर थाना कठोर जनपद मेरठ ने देख लिया था। इसके बाद योजना बनाई और अपने साथी मजाहिद उर्फ मुजाहिद को बाइक से बाद में आने के लिए कहा। मैंने व मेरे साथी वारिस उर्फ वसीसुद्दीन उर्फ कोतल ने उस महिला को स्वर्ग दिखाने के बहाने सोने के कुंडल व सोने की चेन को उसके पर्स में रखवाकर साथ चलते हुए उस पर्स को ले लिया था।

तभी मेरा साथी मजाहिद उर्फ मुजाहिद बाइक लेकर पहुंचा गया तो वह व उसके साथी पर्स को लेकर चले गए थे। जिसमें सोने के दो कुंडल व सोने के चेन राह चलते लोगों को बेच दी थी। जिसमें हम तीनों के हिस्से में 29-29 हजार रुपये आए थे। जिनमें से मुझसे कुछ रुपये खर्च हो गए शेष बचे 20,400 रुपये पुलिस ने बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# मौके पर पुलिस ने रुकवाया बाल विवाह, परिजनों को दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मझावली में संभावित बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद एएचटी थाना प्रभारी निरीक्षक मेघपाल सिंह व थाना बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंच गए। इसके बाद मौके पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाल विवाह को रुकवाया।

सत्यापन के बाद पाया गया कि विवाह में शामिल लकड़ी की आयु कानूनी आयु सीमा 18 वर्ष से कम है। पुलिस ने टीम बालिका के परिजनों को बाल विवाह निषेद अधिनियम के प्रावधानों के विषय में जागरुक किया। बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया।



बाल विवाह में बालिका के परिजनों से वार्ता करतीं पुलिस। -जागरण मोर्चा

साथ ही बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध की जानकारी दी। कहा कि जनपद में ऐसे किसी भी प्रयास पर आयोजनकर्ता तथा शादी में शामिल होने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद लिखित में अवगत कराया कि बालिका की शादी 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर की जाएगी। मौजूद लोगों को बताया कि बाल विवाह से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत 112, 1076, 181, 1090, 1098 नंबर तथा चाइल्ड लाइन पर दे। ताकि समय पर हस्तक्षेप कर बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

# आयोग ने दिया कंपनी को सोफा बदलने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** ऑनलाइन शॉपिंग के दौर में उपभोक्ताओं के साथ होने वाली लापरवाही पर जिला उपभोक्ता आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। मामला सरायतरीन निवासी मणि वार्ष्णेय से जुड़ा है, जिन्होंने 12 जून 2024 को 'अर्बन लैडर होम डेकोर' से 45,139 रुपये का सोफा ऑनलाइन खरीदा था। बंगलौर स्थित आवास पर जब 'रिलायंस रिटेल लिमिटेड' द्वारा सोफे की सुपुर्दगी की गई, तो वह क्षतिग्रस्त निकला। सोफे के दो पहिए टूटे हुए थे और उसका कपड़ा भी बेहद निम्न गुणवत्ता का था।

पीड़ित महिला ने निर्माता और विक्रेता कंपनी से सोफा बदलने या पैसे वापस करने का अनुरोध किया, लेकिन कंपनियों ने वारंटी का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। थक-हारकर उपभोक्ता ने अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग संभल में शिकायत दर्ज कराई। कंपनियों ने आयोग में तर्क दिया कि दोष वारंटी में कवर नहीं हैं, जिसे आयोग ने पूरी तरह संतोषजनक नहीं माना।

आयोग ने रिलायंस रिटेल और अर्बन लैडर को आदेश दिया है कि वे दो माह के भीतर सोफा बदलकर नया दें या पूरी धनराशि वापस करें। साथ ही, मानसिक उत्पीड़न के लिए 5,000 रुपये क्षतिपूर्ति देने का भी निर्देश दिया है। समय पर भुगतान न करने पर 9 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।

# बाल विवाह मुक्त समाज का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरम के आदेश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के नेतृत्व में एफआर इंटर कालेज में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर के माध्यम से छात्रों को उनके विधिक अधिकारों 15100 टोल फ्री नंबर, ड्रग्स और अल्कोहल की लत के दुष्परिणामों, बाल विवाह के दुष्प्रभावों, पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, राष्ट्रीय लोक अदालत, पैनल अधिवक्ताओं



शिविर में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते। -जागरण मोर्चा

**▶ ड्रग्स की लत और बाल विवाह के खिलाफ छात्रों को किया सतर्क**

एवं पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा निशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्ता, घरेलू हिंसा, श्रमिक कानून आदि विषयों पर चर्चा की गई। उक्त शिविर में छात्रों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर डिप्टी चीफ, लीगर एड डिफेंस काउंसिल चंद्रपाल सिंह, प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन, शिक्षक वाहिद हुसैन, रफीक मियां, अब्दुल जहीद, मोहम्मद नाजिर, मोहम्मद हनीफ, पूजा तिवारी, अतुल चौहान, लोकेश कुमार, रमाकांत शर्मा, अंशुल राघव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हादसे में घायल ग्रामीण की हुई मौत

**गजरौला।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गयी जबकि उसके साथ बाइक पर सवार अन्य दो युवकों का उपचार निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित कार चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को असलम अली, वसीम अहमद व युसूफ तीनों एक साथ बाइक पर सवार होकर गजरौला से बछरायूं थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव रहमापुर माफी जा रहे थे। कुमराला चौकी के पास स्थित पेट्रोल पम्प के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में तीनों घायल हो गए थे। घायलों को आसपास के लोगों की मदद से कुमराला चौकी के पास स्थित निजी अस्पताल में ही भर्ती कराया गया था। यहाँ से असलम अली की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया था, रास्ते में ही असलम अली की मौत हो गयी थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक असलम अली के पुत्र सैफ अली की तहरीर के आधार पर कार चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शिक्षकों की कमी से आक्रोश छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला (कालेवाला) में शिक्षकों की भारी कमी और पढ़ाई बाधित होने से आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने बुधवार को विद्यालय गेट पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान छात्रों ने प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह के माध्यम से जिला विद्यालय निरीक्षक, मुरादाबाद को शिकायती पत्र भेजकर जल्द समाधान की मांग की।

छात्रों ने आरोप लगाया कि इंटरमीडिएट कक्षाओं में 8 घंटे के स्थान पर मात्र 2 घंटे ही पढ़ाई कराई जा रही है, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। विद्यालय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, नागरिक शास्त्र, भूगोल और अर्थशास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक तक उपलब्ध नहीं हैं। नया सत्र


ठाकुरद्वारा के गांव गोपी वाला स्थित जनता इंटर कॉलेज में छात्राएं प्रदर्शन करते।

2026-27 शुरू हुए लगभग एक माह बीतने के बावजूद भी अध्यापन कार्य सुचारू नहीं हो पाया है। आक्रोशित छात्रों ने चेतावनी दी कि जब तक पढ़ाई व्यवस्थित नहीं होती, वे एक माह का शुल्क जमा नहीं करेंगे। छात्रों और अभिभावकों ने बताया कि 24 अप्रैल 2026 को मंडल आयुक्त, मुरादाबाद के समक्ष भी सामूहिक शिकायत रखी गई थी, जहां से शीघ्र समाधान का आश्वासन मिला था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। छात्रों ने अपनी मांगों में सभी विषयों के शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति, प्रत्येक कक्षा में नियमित रूप से पूर्ण समय तक पढ़ाई, अंग्रेजी प्रवक्ता प्रीतम सिंह पर लगाए गए अनुपस्थिति नोटिस को समाप्त करने, विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला की व्यवस्था कराने, जूनियर कक्षाओं में निशुल्क पुस्तक वितरण तथा डीबीटी का लाभ दिलाने की मांग की है। छात्र-छात्राओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो 2 मई 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान निकित कुमार, अनुज, विनीत कुमार, अमन, मोहम्मद उमर, गुलफाम अली, जावेद, रश्मि, शाहिनूर, अंजलि, अदिति, मोनिका, चाहत, सनम, अलशिफा, इरम, सना, निहारिका, इलमा, सायबा, जन्नती, इस्मा खातून, असद, अरसान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

> "यदि विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिया गया नोटिस निरस्त कर अध्यापन कार्य तत्काल शुरू नहीं कराया गया, तो मैं छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय परिसर में भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो जाऊंगा। विद्यालय प्रबंधन का अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"
>
> -प्रीतम सिंह, प्रवक्ता

## गौशाला की टूटी दीवार, तेंदुए का खौफ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** तहसील क्षेत्र में तेंदुओं के बढ़ते हमलों के बावजूद प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। ग्राम रमपुरा उर्फ रामनगर स्थित गौशाला की दीवार लंबे समय से टूटी पड़ी है, जिससे यहाँ संरक्षित लगभग 220 पशुओं पर खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र में पिछले 40 दिनों में तेंदुआ सात लोगों को शिकार बना चुका है, जिससे ग्रामीणों और यहाँ तैनात नौ कर्मचारियों में भारी दहशत है।

सुरक्षा के नाम पर गिरी हुई दीवार की जगह कम ऊँचाई की टीनें खड़ी की गई हैं, जिसे तेंदुआ आसानी से फाँद सकता है। पूर्व में भी यहाँ एक गौवंश पर हमला हो चुका है। गौ सेवकों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दीवार को जल्द पक्का नहीं कराया गया, तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। फिलहाल, खौफ के साये में कर्मचारी और पशु दोनों ही असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।


शांति व्यवस्था को नगर में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस अधिकारी।

# फ्लैग मार्च कर पुलिस ने लिया कानून-व्यवस्था का जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में बुधवार को क्षेत्र की शांति व्यवस्था को लेकर डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सतर्क निगरानी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह,यशवीर सिंह, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# विपक्ष के खिलाफ सड़कों पर उतरे भाजपाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**किरतपुर।** किरतपुर नगर मंडल में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनआक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया।

यह पदयात्रा लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित 131वें संविधान संशोधन प्रस्ताव को विपक्ष द्वारा गिराए जाने के विरोध में आयोजित की गई थी। इस दौरान महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विपक्ष की हठधर्मिता के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। पदयात्रा हरिहर मंदिर से शुरू होकर स्टेशन चौराहे तक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। भाजपा


विपक्ष का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

कार्यकर्ताओं का कहना था कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन विपक्ष ने इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को गिराकर महिलाओं के साथ अन्याय किया है। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने कहा कि महिला आरक्षण जैसे अहम मुद्दे पर विपक्ष का रवैया निंदनीय है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे और आने वाले चुनाव में इसका जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रजनी कालरा, जिला सह-संयोजक (आईटी विभाग) अनुज अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर, नगर महामंत्री शिवम सिंघल, बृजमोहन राजपूत, नगर उपाध्यक्ष विकास राजपूत, विकास चौहान, अवनीश राठी, सूरज वाल्मीकि, कन्हैया राणा, आकाश जैन, मयंक अग्रवाल, अशोक चौधरी सहित महिला मोर्चा की बिना राणा, मंजू चौहान, मोनिका कालरा, सीमा अग्रवाल, राजबाला, कविता चौहान, पारुल, सत्तो, लक्ष्मी, पुष्पा राजपूत, दामिनी कालरा, रंजना तनेजा, सीमा गर्ग, सानू कुमारी, रेनू (नगर मंत्री) आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की सीट में बैठने पर दो पक्षों में मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना छजलैट के ग्राम चंगेरी में ट्रैक्टर की सीट पर बैठने जैसे मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, दिनेश कुमार की लिंटर डालने वाली मशीन पर काम करने वाले श्रमिक बुधवार सुबह काम पर जा रहे थे। रास्ते में सीट पर बैठने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इस दौरान चंगेरी निवासी दो सगे भाइयों ने श्रमिक फुरकान के सिर पर धारदार वस्तु से हमला कर दिया। लहूलुहान श्रमिक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) कांठ ले जाया गया। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# उर्वरक प्रबंधन से बढ़ेगी खेती की उपज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मृदा स्वास्थ्य सुधार और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से विकास खंड ठाकुरद्वारा के ग्राम प्रतापपुर में "संतुलित उर्वरक उपयोग" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उर्वरकों के संतुलित प्रयोग व सही समय पर उपयोग की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने बताया कि यूरिया का अत्यधिक प्रयोग फसलों में कीटों को आकर्षित करता है, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे कीटों की समस्या कम होती है,


कृषि वैज्ञानिक संतुलित खाद का इस्तेमाल करने की सलाह देते।

पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण रहता है और मृदा का स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है। इस दौरान नींबू के पौधों में डाईबैक रोग का अवलोकन कर उसके निदान की जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने किसानों को वर्मीकम्पोस्ट और हरी खाद को प्राथमिकता देने की भी सलाह दी। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शिवशंकर वर्मा ने बताया कि उर्वरकों का संतुलित और समयबद्ध उपयोग फलदार वृक्षों में उत्पादन बढ़ाने में सहायक होता है, जबकि असंतुलित प्रयोग खेती की लागत को बढ़ा देता है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के साथ संतुलन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिकों ने किसानों द्वारा मृदा, बागवानी और खेती से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया।

# गोवध आरोपी दबोचा, साथी फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र में गोवध से जुड़े मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीते दिनों दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार 14 अप्रैल 2026 को ग्राम रहतपुर नंगला के पास गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना पर मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया और लगातार तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में 16/17 अप्रैल की रात चेकिंग के दौरान संदिग्धों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी अजीम उर्फ छंगा (निवासी रहतपुर नंगला) पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो


मुठभेड़ के बाद पुलिस गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, पशु काटने के उपकरण, एक मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार इस घटना में शामिल एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गोवध की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। मामले में पहले ही संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है और अब मुठभेड़ के संबंध में भी अतिरिक्त धाराएं जोड़ी जा रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# के एस चिल्ड्रन्स एकेडमी में हुआ बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कोतवाली देहात।** के एस चिल्ड्रन्स एकेडमी में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए "बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता" का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, समय प्रबंधन तथा पुस्तकों एवं कॉपियों को व्यवस्थित रखने की आदत विकसित करना था। प्रतियोगिता के दौरान सभी कक्षा अध्यापकों ने विद्यार्थियों के स्कूल बैग की जांच की तथा बैग की स्वच्छता, पुस्तकों की उचित व्यवस्था, कवर एवं टाइम-टेबल के अनुसार सामग्री को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने


बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थी। -जागरण मोर्चा

बैग को सुंदर एवं व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता में कक्षा 1-A से कार्तिक ने प्रथम, हनी ने द्वितीय तथा तिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1-c से मरियम प्रथम, विजयलक्ष्मी द्वितीय एवं असलम तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 1-Dसे अब्दुल समद प्रथम, अनबिया बटूल द्वितीय एवं राघव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 2-A में आयुष्मान प्रथम, ऋषभ द्वितीय एवं आहट तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 2-B से ख्याति जैन प्रथम, आर्य त्यागी द्वितीय तथा मोहम्मद नूर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 2-C में श्लोक राय प्रथम, ईशी द्वितीय एवं हमारा तृतीय स्थान पर रहे, जबकि कक्षा 2-D में तृषा प्रथम, अरहान द्वितीय एवं इनाया परवीन तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 3-A में अभिनव प्रथम, अब्दुल बारी द्वितीय एवं जानवी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 3-B में तनिष्का प्रथम, वैष्णवी द्वितीय एवं नितिका शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 3-C में नवनीत प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय एवं अब्दुल आहट तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 4-A में दिव्यांशी प्रथम, इफ्रैन अंसारी द्वितीय एवं रनिथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 4-B में वजीहा बटूल प्रथम एवं अरनव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 4-C में हम्माद प्रथम, अरनव द्वितीय एवं प्रियांशी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 5-A में समर प्रथम एवं उर्वशी तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि कक्षा 5-B में अभिनव प्रथम, कुंजन द्वितीय एवं लक्ष्य तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6-A में मीत यश प्रथम, अवनी द्वितीय एवं विराट तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6-B में सर एवं धीरज प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय एवं अनुराग तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7-A में सांची प्रथम, अथर्व द्वितीय तथा सुफियान एवं अंश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7-B में ईशी प्रथम, जानवी द्वितीय एवं विधान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8-B में श्रेया प्रथम एवं फैज द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं। यह संपूर्ण कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक एवं शिक्षाप्रद प्रतियोगिताओं के आयोजन का संकल्प लिया।

**उपलब्धि** समाजसेवी राजेंद्र कुमार टंडन को मिलेगा 'आफ्टर न्यूज अचीवर्स अवार्ड 2026'

# मुरादाबाद के राजेंद्र कुमार टंडन को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** जनपद के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार टंडन को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए देश के प्रतिष्ठित 'आफ्टर न्यूज अचीवर्स अवार्ड 2026' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान आगामी 1 मई 2026 को नरीमन पॉइंट स्थित एस.बी. चौहान ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा।

समारोह में यह सम्मान जिष्णु देव वर्मा के करकमलों द्वारा राजेंद्र कुमार टंडन को प्रदान किया जाएगा, जिससे मुरादाबाद जनपद में हर्ष और गौरव का माहौल है। राजेंद्र कुमार टंडन



लंबे समय से सामाजिक सेवा, जनकल्याण और मानवीय सहयोग के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है। यही कारण है कि उन्हें पूर्व में भी कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। हाल ही में 11 अप्रैल 2026 को भी उन्हें उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए आरिफ मोहम्मद खान द्वारा 'हस्तिनापुर सम्मान' से अलंकृत किया गया था। 'आफ्टर न्यूज अचीवर्स अवार्ड' के लिए राजेंद्र कुमार टंडन का चयन प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. वैदेही तामण ने देश के सर्वश्रेष्ठ सोशल वर्कर के रूप में किया है। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय महासचिव डॉ. यतीन्द्र कटारिया विद्यालंकार ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल राजेंद्र कुमार टंडन की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे मुरादाबाद के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकारों के प्रति टंडन की निष्ठा, समर्पण और निरंतर सक्रियता उन्हें इस सम्मान का वास्तविक अधिकारी बनाती है। गौरतलब है कि 'आफ्टर न्यूज अचीवर्स अवार्ड' जैसे प्रतिष्ठित मंच पर पूर्व में भी देश की कई नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें आशा भोसले, बालासाहेब ठाकरे, शरद पवार, देवेंद्र फडणवीस तथा हृदयनाथ मंगेशकर जैसी विभूतियां शामिल हैं। मुरादाबाद के लिए यह सम्मान इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जिले का नाम एक बार फिर गौरवान्वित होने जा रहा है। देश में वर्ष 2026 के दौरान सामाजिक कार्य और जनसेवा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को लगातार राष्ट्रीय मंचों पर पहचान मिल रही है, जिसे विशेषज्ञ समाज के लिए सकारात्मक संकेत मान रहे हैं।

# भजन लाल पर टिप्पणी, समाज में शोक व रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** बिश्नोई समाज के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा हुई बैठक में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा विश्नोई रत्न चौधरी भजन लाल बिश्नोई के प्रति की गई अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी पर कड़ा विरोध प्रकट करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही नहीं होने पर अधिवक्ताओं ने लोक लोकतांत्रिक स्तर पर विधिक कार्यवाही करने चेतावनी दी है।

बुधवार को तहसील में विश्नोई समाज के अधिवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई, जिसमें राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा विश्नोई रत्न, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजन लाल बिश्नोई के प्रति की गई अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की घोर निंदा एवं कड़ा विरोध किया गया। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं


बैठक में उपस्थित अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

ने सर्वसम्मति से कहा कि बिश्नोई रत्न से सम्मानित चौधरी भजनलाल बिश्नोई जी का सार्वजनिक जीवन उत्कृष्ट आदर्शों, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा की मिसाल रहा है। ऐसे महान एवं सम्मानित व्यक्तित्व के विरुद्ध इस प्रकार की आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि यह संपूर्ण विश्नोई समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है। बैठक में यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, किन्तु किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा मर्यादा की सीमाओं को लांघना अत्यंत निंदनीय एवं अस्वीकार्य है। इस प्रकार की बयानबाजी से राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण में अनावश्यक कटुता उत्पन्न होती है। अतः विश्नोई समाज के अधिवक्ताओं द्वारा राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा से यह मांग की जाती है कि वे तत्काल अपने वक्तव्य पर खेद व्यक्त करते हुए सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगें। साथ ही यह चेतावनी दी जाती है कि यदि शीघ्र ही संतोषजनक स्पष्टीकरण एवं क्षमायाचना प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो अधिवक्ता समाज द्वारा विधिक एवं लोकतांत्रिक स्तर पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण को व्यापक स्तर पर उठाते हुए संबंधित प्राधिकारियों को अवगत कराया जाएगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अमर्यादित घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मीटिंग में बिश्नोई समाज के अधिवक्ताओं में चंद्रपाल सिंह, डॉक्टर विनीत नैन , दीपक बिश्नोई, संजीव कुमार, राजीव बिश्नोई, भूपेंद्र सिंह, दीप सिंह, वैभव बिश्नोई, सुधीर बिश्नोई, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## 'कुपोषण' चुनावी जिक्र नहीं !

आज बुधवार, 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान है। इसी के साथ चुनावी मौसम समाप्त हो जाएगा। सभी राज्यों के जनादेश 4 मई को सार्वजनिक होंगे, तो साफ होगा कि किसकी सरकार बनी, किसकी सत्ता बरकरार रही और किसका सफाया हो गया। बंगाल में प्रचार खत्म होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल और बंगालियों के नाम एक चिट्ठी और ऑडियो संदेश जारी किए। यह भी अपने वोट बैंक को लामबंद करने और मतदान के प्रति उत्साहित करने का एक चुनावी आह्वान है। प्रधानमंत्री भीषण गर्मी में भी जनसभाएं करने और रोड शो में शामिल होने से बिल्कुल भी नहीं थके, क्योंकि ये जन-सैलाब, जमावड़े उन्हें तीर्थ-यात्रा का एहसास कराते रहे हैं। प्रधानमंत्री मां दुर्गा, मां काली का नाम लिए बिन नहीं रह सकते और मंदिरों में जाकर पूजा-पाठ भी करते रहे हैं। हिंदुत्व के भाव को जिंदा और प्रासंगिक रखने और उसके आस्थावानों को भाजपा के साथ जोड़े रखने के लिए यह अनिवार्य और आध्यात्मिक कर्म है। ममता बनर्जी की भी हिंदुओं में अच्छी-खासी सेंधमारी है। यह तथ्य प्रधानमंत्री और भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों को व्याकुल करता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने चि_ी के जरिए बंगालियों को आश्वस्त किया है कि वह 4 मई को भी बंगाल आएंगे और जीत के जश्न में, सभी बंगालियों के साथ, शिरकत करेंगे। यदि भाजपा को जनादेश नहीं मिला, क्या तब भी प्रधानमंत्री जीत के जश्न में शामिल होने बंगाल आएंगे? प्रधानमंत्री ने यह संकल्प भी दोहराया है कि उन्हें अपनी जिम्मेदारियां याद हैं। यदि भाजपा की सरकार बनी, तो तुरंत उन पर काम शुरू कर दिया जाएगा। बहरहाल यह चुनाव प्रचार और वोट मांगने का नायाब तरीका है। जीत के दावे प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों ही कर रहे हैं, लेकिन बंगाल के चुनाव इस बार उग्र, आक्रामक और धुर सांप्रदायिक रहे। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'गौ के कटने' और 'हिंदुओं के बंटने' की बार-बार हुंकार भरी कि ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। क्या इन नारों पर जनादेश मांगना चाहिए और क्या समाज के लिए ये नारे ही पर्याप्त हैं? चुनाव मोदी की गारंटियां बनाम दीदी के एजेंडे, सनातन बनाम मुसलमान, घुसपैठिए बनाम मतुआ शरणार्थी, निर्मम सरकार बनाम बंगाल की बेटी की सरकार, ईडी-सीबीआई के छापे बनाम बंगाली अस्मिता बनाम बाहरी, माछ-भात बनाम मांसाहार पर पाबंदी, नकदी बनाम मुफ्तखोरी आदि जुमलों के इर्द-गिर्द सिमटा रहा। जो मुद्दा बंगाल की भावी पीढ़ी, मानव-विकास और विकृत संतानों से जुड़ा है, उस पर चिंता न तो प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्त की और न ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सरोकार जताए। सारांश तौर पर यह कुपोषण का मुद्दा है, जो कभी भी चुनावी मुद्दा नहीं बना और न ही चुनाव-प्रचार के दौरान उसका जिक्र हुआ, क्योंकि इस हम्माम में सभी सरकारें नंगी हैं। बंगाल के लिए कुपोषण एक गंभीर स्वास्थ्य और सामाजिक चुनौती है। राज्य के ग्रामीण और झुग्गी झोंपड़ी वाले इलाकों में, खासकर बच्चों-किशोरों में, बौनापन, दुबलापन, खून की कमी के उच्च और गंभीर मामले सामने आते रहे हैं। बंगाल के 54 फीसदी तक किशोर कुपोषण से प्रभावित हैं और 49 फीसदी किशोर बेहद दुबलेपन से ग्रस्त हैं। जिन बच्चों की उम्र 5-10 साल के बीच है, उनमें बौनापन 25 .48 फीसदी, कम वजन 33 फीसदी और दुबलापन 26 .88 फीसदी है। दार्जिलिंग इलाके में कुपोषण 11 .3 फीसदी से बढ़ कर करीब 21 फीसदी हो गया है। उत्तर 24 परगना में बौनापन करीब 33 फीसदी तक देखा गया है। स्कूली बच्चों में खून की कमी की दर प्राथमिक स्तर पर करीब 30 फीसदी है। आदिवासी जनजातियों में पोषण का संकट आज भी है, जबकि सरकारें ऐसी योजनाएं चला रही हैं। बंगाल की औसत आर्थिक स्थिति, शिक्षा और जागृति की कमी, दूषित पेयजल, खराब स्वच्छता आदि कुपोषण के बुनियादी कारक हैं। क्या ये चुनावी मुद्दे नहीं हैं? जनता इन मुद्दों पर राजनीतिक दलों को विवश क्यों नहीं करती? कुपोषण असामयिक मौतों की बुनियादी, प्रमुख वजह भी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य योजना-5 के मुताबिक, उत्तर दिनाजपुर और मालदा जैसे जिलों में कुपोषण की स्थितियां अधिक चिंताजनक हैं। राज्य में करीब 62 फीसदी गर्भवती महिलाओं में भी खून की काफी कमी पाई गई है। बहरहाल हर चुनाव में हिंदू-मुसलमान के जरिए आपस में गालियां देना, आरोपित करना कहां की राजनीति है? कमोबेश बंगालियों को अंतिम चरण के मतदान से ही सचेत हो जाना चाहिए।

# लैंगिक समानता की अवधारणा को मिला बल

आर्थिक आत्मनिर्भरता ने नारी को केवल आय का साधन ही नहीं दिया, बल्कि उसे सम्मान, अधिकार और निर्णय लेने की शक्ति भी प्रदान की। महिला शिक्षा ने समाज में एक ऐसी चेतना का संचार किया, जिसने परंपराओं को नया अर्थ दिया।लैंगिक समानता की अवधारणा को बल मिला

19वीं सदी का उत्तरार्ध भारतीय इतिहास में सांस्कृतिक नवजागरण का वह स्वर्णिम कालखंड है, जब चेतना ने जड़ता को चुनौती दी और परिवर्तन ने परंपरा के बंद द्वारों पर दस्तक दी। इसी युग में 27 अप्रैल 1878 को यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता ने महिलाओं को उच्च शिक्षा तथा डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति देकर एक ऐतिहासिक उद्घोष किया। एक ऐसा उद्घोष, जिसने सदियों से जकड़ी सामाजिक रूढ़ियों की जंजीरों को झकझोर दिया। यह निर्णय मात्र शैक्षिक सुधार नहीं था; यह उस नवयुग का शंखनाद था, जिसमें नारी को 'सीमाओं' से 'संभावनाओं' की ओर, और 'वस्तु' से 'विवेकपूर्ण व्यक्तित्व' की ओर अग्रसर करने का साहस निहित था। औपनिवेशिक भारत में शिक्षा का स्वरूप पुरुष-केंद्रित था, जहां नारी को ज्ञान से अधिक गृहस्थी की परिधि में बांधकर देखा जाता था। ऐसे समय में 1878 का निर्णय मानो अंधकार में दीपशिखा बनकर उभरा। इसके पश्चात 1879 में Bethune College की स्थापना ने इस विचार को संस्थागत शक्ति प्रदान की। यह संस्थान केवल पाठ्यपुस्तकों का केंद्र नहीं रहा, बल्कि वह प्रयोगशाला बना, जहां नारी की सुप्त प्रतिभा ने आकार लिया, जहां आत्मविश्वास ने पहली बार अपने पंख फैलाए, और जहां से एक नई चेतना ने जन्म लिया। एक ऐसी चेतना, जिसने समाज को भीतर तक परिवर्तित करने का संकल्प लिया। इस ऐतिहासिक पहल ने ज्ञान को विशेषाधिकार की संकीर्ण दीवारों से निकालकर समाज के व्यापक आकाश में मुक्त कर दिया। जब नारी ने शिक्षा के अमृत का पान किया, तब उसके भीतर तर्क, विवेक और आत्मबोध की ज्योति प्रज्वलित हुई। यह ज्योति केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं रही; यह सामाजिक चेतना का दीपक बनी। शिक्षित नारी ने अपने अधिकारों को पहचाना, अपनी अस्मिता को स्वर दिया और अपने अस्तित्व को गरिमा के साथ स्थापित किया।नारी अब केवल परिवार की परिधि में सीमित न रहकर विचारों की वाहक, परिवर्तन की संवाहक और समाज की दिशा-निर्देशक बनकर उभरी। महिला शिक्षा के प्रभाव बहुआयामी रहे। वे केवल जीवन को




नहीं, बल्कि समूची सामाजिक संरचना को आलोकित करने वाले सिद्ध हुए। व्यक्तिगत स्तर परः शिक्षा ने नारी को आत्मविश्वास का अमूल्य आभूषण प्रदान किया। वह निर्णय लेने में सक्षम, आत्मनिर्भर और अपने अस्तित्व के प्रति सजग बनी। अब वह केवल परिस्थितियों की अनुगामी नहीं, बल्कि अपने जीवन की निर्माता बन गई। पारिवारिक स्तर परः शिक्षित नारी परिवार की धुरी बनकर उभरी। उसने स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के प्रति जागरूकता का दीप जलाया, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य अधिक उज्ज्वल हुआ। सामाजिक स्तर परः नारी ने कुरीतियों के विरुद्ध स्वर बुलंद किया। बाल विवाह, सती प्रथा और पर्दा प्रथा जैसी जड़ परंपराओं के विरुद्ध उसका साहस समाज के लिए प्रेरणा बना। वह अब परिवर्तन की प्रतीक बन चुकी थी। एक ऐसी शक्ति, जो समाज को नई दिशा दे रही थी। शिक्षा ने नारी को आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उसने शिक्षण, चिकित्सा और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और अपनी उपयोगिता को सिद्ध किया। इस संदर्भ में कादंबिनी गांगुली का जीवन एक प्रेरक गाथा है, जिन्होंने चिकित्सक बनकर यह प्रमाणित किया कि नारी केवल घर की सीमा तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की धड़कन बन सकती है। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने नारी को केवल आय का साधन ही नहीं दिया, बल्कि उसे सम्मान, अधिकार और निर्णय लेने की शक्ति भी प्रदान की। महिला शिक्षा ने समाज में एक ऐसी चेतना का संचार किया, जिसने परंपराओं को नया अर्थ दिया। लैंगिक समानता की अवधारणा को बल मिला, सामाजिक सुधार आंदोलनों को नई ऊर्जा प्राप्त हुई और विवाह, परिवार तथा कार्य के प्रति दृष्टिकोण में आधुनिकता का समावेश हुआ। नारी अब केवल 'परंपरा की संरक्षिका' नहीं, बल्कि 'परिवर्तन की सर्जिका' बन गई, एक ऐसी सर्जिका, जो समाज को संवेदनशील, संतुलित और प्रगतिशील दिशा में अग्रसर कर रही थी। शिक्षा ने नारी के लिए सार्वजनिक जीवन के द्वार खोल दिए। अब वह केवल दर्शक नहीं, बल्कि परिवर्तन की सक्रिय भागीदार बनी। कदंबिनी गांगुली द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मंच से दिया गया भाषण इस परिवर्तन का ऐतिहासिक प्रतीक है। यह केवल एक महिला की उपलब्धि नहीं थी; यह उस युग की उद्घोषणा थी, जिसमें नारी ने अपनी वाणी, विचार और नेतृत्व से समाज को दिशा देने का अधिकार प्राप्त किया। यद्यपि यह यात्रा गौरवपूर्ण थी, फिर भी इसके मार्ग में अनेक बाधाएं थीं। शहरी-ग्रामीण असमानता, रूढ़िवादी मानसिकता और संसाधनों की कमी ने इस परिवर्तन को सीमित किया। किंतु नारी की जिजीविषा ने इन बाधाओं को पराजित किया और यह सिद्ध किया कि जब संकल्प दृढ़ हो, तो परिवर्तन अवश्यंभावी होता है। 1878 में कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा लिया गया निर्णय भारतीय महिला सशक्तिकरण के इतिहास में एक अमिट शिलालेख के रूप में अंकित है। इसी निर्णायक पहल ने चंद्रमुखी बासू और कदंबिनी गांगुली जैसी अग्रदूतों को जन्म दिया, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, सतत संघर्ष और असाधारण उपलब्धियों से इतिहास की धारा को नई दिशा प्रदान की। यह पहल केवल शिक्षा का विस्तार नहीं था, बल्कि नारी के आत्मबोध का उषाकाल, उसकी गरिमा का पुनर्जागरण और उसकी स्वतंत्र अस्मिता का सशक्त उद्घोष था। आज जब नारी राजनीति, चिकित्सा, विज्ञान, अनुसंधान, सेना, विधि, खेल, कला, संस्कृति और उद्यमिता के विराट आकाश में अपने पराक्रम का ध्वज निर्भीकता से फहरा रही है, तब यह स्मरण अनिवार्य हो उठता है कि इस व्यापक परिवर्तन के बीज उसी पुनर्जागरण काल की उर्वरा भूमि में रोपे गए थे। नारी केवल जीवन की सहयात्री नहीं,वह सृजन की आदिशक्ति, चेतना की अखंड ज्योति और परिवर्तन की मूलाधार है। वह प्रेरणा है, वह संभावना है, वह प्रखर स्वर है, जो इतिहास को गति देता है और भविष्य को आकार प्रदान करता है।

■ बिश्वनाथ झा

# साहित्य और पत्रकारिता का अद्भुत संगम

हिंदी पत्रकारिता की दो सौ वर्षों की यात्रा केवल एक भाषाई या संचार माध्यम का विकास नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज, उसकी चेतना, उसके संघर्षों और उसके लोकतांत्रिक विकास की गहरी और बहुआयामी कथा है। 1826 में कलकत्ता से प्रकाशित 'उदन्त मार्तण्ड' से आरंभ हुई यह परंपरा उस समय की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों के बीच एक साहसिक प्रयोग के रूप में सामने आई थी। उस दौर में न तो पर्याप्त पाठक वर्ग था, न ही आर्थिक संसाधन, और न ही औपनिवेशिक शासन की ओर से कोई सहानुभूति। फिर भी इस पत्र का प्रकाशन इस बात का प्रतीक था कि भारतीय समाज में अपनी भाषा में अभिव्यक्ति की तीव्र आकांक्षा जन्म ले चुकी थी। प्रारंभिक हिंदी पत्रकारिता का स्वरूप पूरी तरह मिशनरी था— यह समाज को शिक्षित करने, जनचेतना जगाने और राष्ट्रीय अस्मिता को स्वर देने का माध्यम बनी। यह वह समय था जब समाचार पत्र केवल सूचना देने के लिए नहीं, बल्कि विचारों को दिशा देने और समाज को संगठित करने के लिए निकाले जाते थे। उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हिंदी पत्रकारिता ने एक नए बौद्धिक और सांस्कृतिक चरण में प्रवेश किया, जहाँ साहित्य और पत्रकारिता का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस काल में पत्रकारिता केवल घटनाओं के विवरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने भाषा, संस्कृति और समाज के व्यापक प्रश्नों को अपने विमर्श का हिस्सा बनाया। लेखन शैली में परिष्कार आया, भाषा अधिक प्रभावशाली और जनसुलभ बनी, और विषयों में विविधता आई। सामाजिक कुरीतियों, शिक्षा, महिला




सशक्तिकरण और स्वदेशी जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा होने लगी। यह वही समय था जब पत्रकारिता ने भारतीय समाज के भीतर आत्ममंथन की प्रक्रिया को गति दी और एक नए प्रकार की बौद्धिक चेतना को जन्म दिया, जिसने आगे चलकर राष्ट्रीय आंदोलन की वैचारिक नींव तैयार की। बीसवीं सदी के प्रारंभ में हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम के साथ स्वयं को पूरी तरह जोड़ लिया। यह काल पत्रकारिता के इतिहास में सबसे अधिक संघर्षपूर्ण और गौरवपूर्ण माना जाता है। समाचार पत्रों ने ब्रिटिश शासन की नीतियों की आलोचना की, जनता के अधिकारों की बात की और आंदोलनों को वैचारिक समर्थन प्रदान किया। पत्रकारिता इस समय केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि प्रतिरोध का उपकरण बन गई थी। अनेक संपादकों और पत्रकारों ने जेल यात्राएँ कीं, आर्थिक संकट झेले और व्यक्तिगत जीवन की कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन उन्होंने अपने दायित्व से पीछे हटना स्वीकार नहीं किया। इस दौर की पत्रकारिता में एक नैतिक दृढ़ता और वैचारिक स्पष्टता दिखाई देती है, जो आज भी आदर्श मानी जाती है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि स्वतंत्रता संग्राम की चेतना को जन-जन तक पहुँचाने में हिंदी पत्रकारिता की निर्णायक भूमिका रही। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी पत्रकारिता ने एक नए युग में प्रवेश किया, जहाँ उसे संवैधानिक संरक्षण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त हुआ। इसने पत्रकारिता को संस्थागत रूप से विकसित होने का अवसर दिया। बड़े समाचार पत्रों का विस्तार हुआ, उनका पाठक वर्ग तेजी से बढ़ा और तकनीकी दृष्टि से भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। मुद्रण तकनीकों में सुधार, छायाचित्रों का उपयोग और समाचारों की प्रस्तुति में आधुनिकता ने पत्रकारिता को अधिक प्रभावशाली बनाया। इस काल में पत्रकारिता का दायरा केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों तक भी पहुँचने लगी। यह वह समय था जब पत्रकारिता ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत किया और शासन तथा जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बनी। हालांकि इस यात्रा में चुनौतियाँ भी कम नहीं थीं। 1975 का आपातकाल हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में एक ऐसी घटना के रूप में दर्ज है जिसने उसकी स्वतंत्रता और साहस की कठोर परीक्षा ली। सेंसरशिप, प्रतिबंध और दमन के बीच पत्रकारिता को अपनी भूमिका निभाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कुछ समाचार पत्रों ने दबाव में आकर समझौता किया, लेकिन कई ने साहसपूर्वक प्रतिरोध किया और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अनुभव ने पत्रकारिता को यह सिखाया कि उसकी वास्तविक शक्ति उसकी स्वतंत्रता और निष्पक्षता में निहित है, और यदि ये मूल्य कमजोर पड़ते हैं तो लोकतंत्र भी कमजोर हो जाता है। 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद हिंदी पत्रकारिता के स्वरूप में एक बड़ा परिवर्तन आया। बाजार की शक्तियों का प्रभाव बढ़ा और पत्रकारिता धीरे-धीरे एक व्यवसाय के रूप में विकसित होने लगी। विज्ञापन, प्रसार संख्या और प्रतिस्पर्धा ने संपादकीय नीतियों को प्रभावित करना शुरू किया। तकनीकी प्रगति ने समाचार पत्रों को अधिक आकर्षक और आधुनिक बनाया, लेकिन इसके साथ ही पत्रकारिता के मूल मिशनरी मूल्यों में कुछ हद तक कमी भी देखने को मिली। समाचारों की प्रस्तुति में मनोरंजन और सनसनी का तत्व बढ़ा, और कभी-कभी गंभीर मुद्दे हाशिए पर चले गए। इसके बावजूद यह भी सच है कि इसी दौर में हिंदी पत्रकारिता ने व्यापक विस्तार किया और देश के कोने-कोने तक अपनी पहुँच बनाई। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उदय ने पत्रकारिता को एक नई दिशा दी। टेलीविजन के माध्यम से समाचारों की तात्कालिकता और दृश्यात्मकता ने उसे अधिक प्रभावशाली बना दिया। अब समाचार केवल पढ़े नहीं जाते थे, बल्कि देखे और महसूस भी किए जाते थे। इससे पत्रकारिता की पहुँच और प्रभाव दोनों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। हालांकि इस माध्यम ने प्रतिस्पर्धा को भी तीव्र किया, जिसके कारण कभी-कभी खबरों की गुणवत्ता और गंभीरता पर प्रश्न उठे।

■ डॉ. शैलेश शुक्ला

## मछलियों में 'कोकीन' की लत

नशीली दवाओं की लत अब केवल इंसानों तक ही सीमित नहीं रही है. स्वीडन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा खुलासा किया है जो सोचने पर मजबूर कर देगा. हाल ही में हुए एक शोध में पता चला है कि नदियों में घुल रही ''कोकीन'' की वजह से सैल्मन मछलियां नशे की गिरफ्त में आ गई हैं लेकिन चौंकाने वाली बात सिर्फ यह नहीं है कि वे नशा कर रही हैं बल्कि यह है कि इस नशे के बाद उनका व्यवहार पूरी तरह बदल गया है। वे पहले से कहीं ज्यादा फुर्तीली और ''हाई'' नजर आ रही हैं जो सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन पर्यावरण के लिए एक खतरे की घंटी बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में पर्यावरण विषविज्ञानी जैक ब्रांड ने स्वीडन में मछलियों पर एक खास रिसर्च शुरू की। उन्होंने यह देखने के लिए कि अवैध दवाओं का कचरा पानी में रहने वाली मछलियों को कैसे प्रभावित करता है, कई सैल्मन मछलियों को कोकीन की खुराक दी। इसके लिए उन्हें स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। यह शोध ''करंट बायोलॉजी'' जर्नल में प्रकाशित हुआ है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। डॉ. ब्रांड और उनकी टीम ने स्वीडन की एक झील ''वैटर्न'' में 2 साल की सैल्मन मछलियों को छोड़ा। इन मछलियों के शरीर में छोटे कैप्सूल लगाए गए थे जो धीरे-धीरे कोकीन और उसके उप-उत्पाद ''बेंजोइलेकगोनिन'' को रिलीज करते थे। यह मात्रा उतनी ही रखी गई थी जितनी आमतौर पर प्रदूषित नदियों में पाई जाती है। वैज्ञानिकों ने पाया कि जो मछलियां कोकीन के प्रभाव में थीं, वे सामान्य मछलियों की तुलना में बहुत तेज तैर रही थीं और बहुत अधिक दूरी तय कर रही थीं। रिसर्च में सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात कोकीन नहीं बल्कि उसका उप-उत्पाद ''बेंज़ोइलेकगोनिन'' रहा। यह वह तत्व है जो शरीर में कोकीन के टूटने पर बनता है। रिसर्चर्स ने देखा कि जिन मछलियों को इस तत्व की खुराक मिली, वे शुद्ध कोकीन लेने वाली मछलियों से भी कहीं ज्यादा सक्रिय हो गईं। वे प्रति सप्ताह सामान्य मछलियों की तुलना में लगभग दोगुनी दूरी तय कर रही थीं। इसका मतलब है कि कोकीन का बचा हुआ कचरा असली ड्रग से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। वैज्ञानिक टॉमस ब्रोडिन के अनुसार अगर हम सिर्फ कोकीन पर ध्यान देंगे, तो हम उसके खतरनाक अवशेषों के पारिस्थितिक प्रभावों को नजरअंदाज कर देंगे। यह सिर्फ एक मछली की बात नहीं है। दुनिया भर के जल निकायों में इंसानों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रोजैक, एडविल और बेनिड्रिल जैसी दवाएं पाई जा रही हैं। इससे पहले के एक शोध में पाया गया था कि एंटी-एंजायटी दवाओं के संपर्क में आने वाली मछलियां निडर हो जाती हैं, जिससे शिकारियों द्वारा उन्हें खाए जाने का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञ जेम्स मीडर के अनुसार, मछलियों के व्यवहार में कोई भी बदलाव उनके लिए हानिकारक होता है। इससे उनकी एनर्जी बेवजह खर्च होती है और पर्यावरण में उनका संतुलन बिगड़ जाता है। अमेरिका जैसे देशों में हर दिन अरबों गैलन वेस्ट वाटर को प्रोसेस किया जाता है लेकिन इन दवाओं को पूरी तरह से हटाना बहुत महंगा और जटिल काम है। हालांकि, वैज्ञानिक इस दिशा में नई तकनीक विकसित करने पर काम कर रहे हैं ताकि पानी को इन कैमिकल्स से मुक्त किया जा सके। डॉ. ब्रांड चेतावनी देते हुए कहा कि ''ये मानव निर्मित रसायन वैश्विक परिवर्तन के अदृश्य एजेंट हैं।

■ रामस्वरूप रावतसरे

## नारी सशक्तिकरण

महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने अनूठी पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हो गई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए। इसमें प्रावधान है कि 2021 की जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह कानून लागू होगा। किंतु कोरोना के चलते 2021 की जनगणना टालनी पड़ी। अब जनगणना के पहले चरण की शुरुआत हुई है, जिसके अंतिम परिणाम 2028 तक आएंगे। इसलिए केंद्र सरकार विधेयक के पारित हो चुके प्रारूप में संशोधन के लिए प्रस्ताव लाई थी, जो संसद में पारित नहीं हो सका। 2023 में पारित हुए इस विधेयक में संशोधन किए बिना 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में इसे लागू नहीं किया जा सकता है। परिसीमन से तात्पर्य निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण से है। वास्तव में संसदीय विपक्ष ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े संविधान संशोधन परिसीमन और केंद्र शासित क्षेत्र कानून संशोधन विधेयकों को अस्वीकार करके बड़ी भूल की है। इस कारण 2029 के चुनाव में 33 प्रतिशत महिलाएं आरक्षण के लाभ से वंचित रह जाएंगी। नरेंद्र मोदी जब से केंद्रीय सत्ता का नेतृत्व कर रहे हैं, तभी से लगातार उन्हें चुनावों में नारियों ने बढ़-चढक़र समर्थन दिया है। इसी कारण न केवल मोदी लोकसभा में तीसरी बार बहुमत लाने में सफल रहे बल्कि भाजपा और राजग गठबंधन के सहयोगी दलों को विधानसभाओं में भी विजय दिलाने में सफल हुए हैं। देश की महिलाओं को निर्वाचन में भागीदारी का उचित लाभ दिलाने की दृष्टि से मध्य प्रदेश सरकार ने विधानसभा में नारी शक्ति वंदन संकल्प पर 8 घंटे चर्चा की और उसे ध्वनि मत से पारित भी कर दिया। विपक्ष के सवालों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस अपनी नकारात्मक राजनीति के जरिए देश को फिर से दंगों के दौर में ले जाना चाहती है। धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की मांग को जनता कभी क्षमा नहीं करेगी। यह अधिनियम सदी की सबसे बड़ी क्रांतिकारी पहल थी, जिसे कांग्रेस एवं अन्य विपक्ष ने लागू नहीं होने दिया।

# बंगाल में अप्रत्याशित मतदान के मायने

बंगाल के 294 सीटों पर पहले चरण में 152 सीतों पर मतदान 23 अप्रैल को सम्पन्न हो गया। जहाँ पर प्रत्याशा के विपरीत 92 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ। जबकि उसी समय तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में 88 प्रतिशत मतदान की खबरे हैं। बड़ी-बात यह कि जहाँ तमिल नाडु में अमूमन शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ वहीं बंगाल में अभूतपूर्व तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद वह हिंसा से प्रभावित रहा। 29 अप्रैल के चुनाव में बंगाल की 142 सीटों में भी कमोवेश यही स्थिति देखने को मिल रही है। यह बताने की जरूरत नहीं कि यह आक्रामकता ज्यादातर मामलों में टी.एम.सी. की ओर से देखने को मिली। जहाँ दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सुवेन्द्र सरकार के साथ मारपीट की गई, वहीं आसनसोल दक्षिण के भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल की कार पर पथराव हुआ जिससे उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। मुर्शिदावाद के नौदा में मतदान से पहले रात देशी बम फेंका गया, जिससे कई लोग घायल हो गये। इसके बाद वहाँ पहुँचे हुमायु कबीर की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया। सिलीगुड़ी में भाजपा/टी.एम.सी. कार्यकर्ताओं में झड़प की खबरें हैं लेकिन इन कुछ घटनाओं के बावजूद यह कहा जा सकता है कि अमूमन वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने भयमुक्त होकर मतदान के अधिकार का प्रयोग किया। निश्चित रूप से बंगाल में चाहे जिसके चुनाव हों, चाहे वह विधानसभा हो या पंचायत जहाँ व्यापक तौर पर राज्य-पोषित हिंसा का इतिहास रहा है, वहाँ वह यह एक बड़ी उपलब्धि है। बंगाल में जहाँ 92.6



प्रतिशत औसत मतदान की खबरे हैं, वहीं मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में यह 95 प्रतिशत तक को पार कर गया। उदाहरण के लिए मुर्सिदाबाद जिले की 4 मुस्लिम बहुल सीटों पर जहा 77 प्रतिशत से अधिक मुसलमान हैं, उन विधानसभा सीटों पर मतदान का प्रतिशत 95 को भी पार कर गया। ऐसी स्थिति में बड़ा सवाल यह कि इसके निहितार्थ क्या हैं ? इसके निहितार्थ यही कि बंगाल में मुस्लिम मतदाताओं ने मतदान को लेकर पूरी ताकत झोंक दी। यह कहा जा सकता है कि इसकी वजह क्या रही होगी ? तो इसकी सबसे बड़ी वजह भाजपा को सत्ता में आने से किसी भी कीमत पर रोकना है क्योंकि भाजपा एक-एक घुसपैठिये को (जो अमूमन मुस्लिम है) उन्हें बंगाल से बाहर करने की बात करती है। अपने घोषणा-पत्र में कामन सिविल कोड लागू करने की बात भी कर चुकी है। यह बड़ी सच्चाई है कि सिर्फ सीमावर्ती बंगाल में ही नहीं, मुस्लिम बहुल इलाकों में भी वहाँ हिन्दू प्रताड़ित ही नहीं, असहाय भी हैं। उसे समाप्त करने और कानून का शासन लाने की बात भाजपा करती है। परन्तु तुष्टिकरण की प्रवृत्ति में पोषित वहाँ का मुसलमान यह स्थिति क्यों आने दे। इसी लिये झूठी धर्म निरपेक्षता के नाम पर बंगाल को मुसलमान भाजपा को हटाने के लिये टी.एम.सी. के पक्ष में एकजुट होकर मतदान के सभी रिकार्ड तोड़ रहा है। यह तो तस्वीर का एक पहलू है, तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। वहाँ पर व्यापक स्तर पर घुसपैठ को संरक्षण, अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के चलते हिंसा-दंगो की प्रवृत्ति का घर कर जाना। सिंडिकेट राज जिसके चलते एक ऐसा समानान्तर तंत्र विकसित कर दिया गया, जिसके चलते सरकारी स्कीमों का लाभ तृणमूल पार्टी से जुड़े लोगो और गुंडो को मिल रहा है। वस्तुतः वहां का आम हिन्दू तृणमूल के राज्य में जो भय और हिंसा के साये में जी रहा है- उसके चलते हिन्दुओं में प्रति- ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति को जन्म दिया जो वर्तमान में अपने चरम पर है। उस तृष्टिकरण का नतीजा यह कि 2010-11 में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का आवंटन 472 करोड़ रूपये था जो 2024-25 में 5530.65 करोड़ रूपये हो गया। यानी 117 गुना की वृद्धि। ऐसे ही वृद्धि मदरसा शिक्षा विभाग के बजट में भी की गई। 2021 से 2026 के बीच जहां एस.सी./एस.टी. कल्याण बजट की वृद्धि दर औसत 8.10 प्रतिशत रहा वहीं अल्पसंख्यक विभाग के सभी बजटों में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। ममता बनर्जी मुस्लिम वोट बैंक के संदर्भ में खुद भी कह चुकी है कि दूध देने वाली गाय के लात भी सहूंगी। ममता बनर्जी या दूसरे वोट बैंक की राजनीति करने वाले राजनीतिज्ञों को यह पता है कि मुस्लिम समुदाय 'अस्तित्वगत सुरक्षा' के कारण एक मुश्त मतदान करता है।

■ वीरेन्द्र सिंह परिहार

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव 01 मई को आयोजित होगा

**एजेंसी समाचार**

**लखीमपुर-खीरी।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा खीरी का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव आगामी 01 मई 2026 को आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत खीरी के सभागार में किया जाएगा। संगठन की इस महत्वपूर्ण बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।संगठन के प्रवक्ता सुशील कुमार शुक्ला के अनुसार, अधिवेशन में प्रतिभाग करने वाले फार्मासिस्टों की सुविधा के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (उटड) खीरी ने 01 मई को एक दिन का विशेष अवकाश स्वीकृत किया है। इस कार्यक्रम में संगठन के प्रान्तीय पदाधिकारी, सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि, जनपद के सभी फार्मासिस्ट एवं मुख्य अतिथिगण मौजूद रहेंगे।चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रान्तीय अध्यक्ष संदीप बडोला ने लखनऊ मण्डल के मण्डलीय सचिव राजेश पाण्डेय को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उन्हीं की देख-रेख में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इसकी विधिवत सूचना प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है।जनपद शाखा के अध्यक्ष अशोक कुमार कन्नौजिया और मंत्री अनिल कुमार ने जनपद के समस्त सदस्यों से अपील की है कि वे 01 मई को भारी संख्या में मुख्यालय पहुंचकर अधिवेशन को सफल बनाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

## गृहकर पर 10% छूट का आखिरी मौका 30 अप्रैल तक, नगर निगम ने बढ़ाया काउंटर समय

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** नगर निगम ने गृहकर जमा करने वाले नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। ऑनलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने के लिए 30 अप्रैल अंतिम दिन है। इसके बाद 1 मई से 31 मई तक यह छूट घटाकर 8 प्रतिशत कर दी जाएगी। ऐसे में करदाताओं के लिए गुरूवार का दिन सबसे अधिक लाभकारी साबित हो सकता है, क्योंकि अधिकतम छूट केवल आज तक ही उपलब्ध है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि ऑफलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर मिलने वाली छूट में भी कटौती की जाएगी। वर्तमान में 8 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जो 1 मई से घटकर 6 प्रतिशत रह जाएगी। इससे साफ है कि ऑनलाइन भुगतान न केवल सुविधाजनक है, बल्कि अधिक छूट का लाभ भी देता है। इसलिए नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे डिजिटल माध्यम अपनाकर समय और धन दोनों की बचत करें। अशोक सिंह ने बताया कि अंतिम दिन नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने विशेष व्यवस्था की है। शहर के सभी आठों जोनों में गृहकर जमा करने का समय 30 अप्रैल को बढ़ा दिया गया है। अब करदाता सुबह 10 बजे से लेकर रात 8 बजे तक काउंटर पर जाकर अपना टैक्स जमा कर सकते हैं। सभी जोनों में काउंटर देर शाम तक खुले रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

नगर निगम ने ऑनलाइन भुगतान की सुविधा को और सरल बनाते हुए नागरिकों को आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से टैक्स जमा करने का विकल्प दिया है। करदाता घर बैठे ही वेबसाइट `.४स्र.ल्लू.ल्ल पर जाकर आसानी से गृहकर जमा कर सकते हैं। अंतिम दिन सर्वर पर अधिक लोड की संभावना को देखते हुए अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते भुगतान कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## थार सवार दबंगों ने युवक को मारापिटा, तोड़ी बाइक छीने चेन, मुकदमा दर्ज

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग।** आशियाना क्षेत्र के पॉवर हाउस चौराहे पर पांच दिन पूर्व रोल खा रहे एक युवक को थार सवार पांच दबंगों ने मारपीट कर गले में पहने चेन छीनकर फरार हो गए। आशियाना के सेक्टर जी निवासी कोशिक मिश्रा ने बताया कि बीते 23 अप्रैल को वह पावर हाउस चौराहे पर एक दुकान पे खड़ा हो अण्डा रोल खा रहे था तभी अज्ञात पांच लोग थार से आये और पीड़ित से बहस करने लगे बहस दौरान मारपीट शुरू कर दिए और उनकी बाइक को भी तोड़ दिया मारपीट के दौरान अज्ञात दबंगों ने पीड़ित के गले से सोने की चैन छीन फरार हो गए। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित युवक की शिकायत पर मारपीट,तोड़फोड़ और लुट की धारा में मुकदमा दर्ज कर अज्ञात दबंगों का तलाश किया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों बीबीयू यूनिवर्सिटी छात्रा कीमौत, छात्र-छात्राओं ने घेरा कुलपति आवास

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग, आशियाना** इलाके मे संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी की एक छात्रा की अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की जानकारी होने पर मंगलवार देर शाम आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने कुलपति आवास में घुसकर तोड़फोड़ करने के साथ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। वही सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को समझा-बुझाकर जांच के बाद कारवाई का अश्वासन दे आवास से बाहर कर दिया । मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से अवराई खुर्द पोस्ट अवराई कला जनपद बलिया निवासी अनामिका सिंह पुत्री दीनानाथ सिंह बीएससी ऑनर्स प्रथम वर्ष की छात्रा थीं और यशोधरा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थीं। आरोप है कि बीते 19 अप्रैल को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई जिसे इलाज के लिये नजदीकी निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। जहाँ से उपचार के बाद वह अवकाश ले अपने घर चली गईं। इसके बाद वाराणसी में इलाज के दौरान उसकी 26 अप्रैल को उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार बीबीयू विश्वविद्यालय परिसर मे पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। छात्रा की मौत का करण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। प्रथम दृष्टया मे बीमारी के कारण मृत्यु प्रतीत हो रही है।

## घर की अलमारी के लाकर से कीमती जेवरात चोरी

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग,** आशियाना थाना क्षेत्र मे रहने वाली एक महिला के घर की अलमारी मे रखे कीमती जेवरात चोरी हो गए। वही पीडिता ने घर में काम करा रहे ठेकेदार पर चोरी की आशंका जता स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर के निवासी किरन दुबे पत्नी शैलेन्द्र दुबे के अनुसार उनका बेटा बेंगलुरु में रहता है, जिसके चलते वह अक्सर अपने बेटे के पास ही रहती हैं, जबकि उनके पति आशियाना स्थित घर में रहते हैं। बीते 3 जनवरी से उनके घर पर ठेकेदार शिवम् प्रसाद कुशवाहा द्वारा कुछ कार्य कराया जा रहा था, जिसे उनके परिचित राजेश दुबे निवासी सेक्टर एच, आशियाना के माध्यम से बुलाया गया था। आरोप है कि 31 मार्च को बेंगलुरु से वापस लौटीं और 6 अप्रैल को जब उन्होंने घर का लॉकर खोला तो उसमें रखे सभी सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। वही पीडिता का कहना था लॉकर की चाबी केवल उनके पास थी। लेकिन उन्हें आशंका है कि ठेकेदार ने ही किसी तरह चाबी की डुप्लीकेट बनवाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

# ओमैक्स ग्रुप ने ओमैक्स कैसिया के लिए 250 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** ओमैक्स ग्रुप ने अपने नए प्रीमियम रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट ओमैक्स कैसिया के लिए करीब 250 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। यह प्रोजेक्ट ओमेक्स गर्व बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड (ओमैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) द्वारा विकसित किया जा रहा है। लखनऊ के रायबरेली रोड पर स्थित 690 एकड़ के विशाल ओमैक्से मेट्रो सिटी टाउनशिप के भीतर यह प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट की शुरूआत के साथ ही इसे शानदार रिस्पॉन्स मिला है और कुल 360 में से करीब 300 यूनिट पहले ही बिक चुकी हैं।ओमैक्स कैसिया में कुल 8 टावर बनाए जाएंगे, जिनमें 2बीएचके और 3बीएचके के बड़े और आधुनिक फ्लैट्स होंगे।यह प्रोजेक्ट रेरा के तय नियमों और समयसीमा के अनुसार विकसित किया जाएगा और अगले तीन वर्षों में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।प्रोजेक्ट के निर्माण की शुरूआत के मौके पर कंपनी ने साइट पर भूमि पूजन और हवन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 500 से ज्यादा लोग शामिल हुए, जिनमें चैनल पार्टनर्स और होमबायर्स भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व ओमैक्स लिमिटेड के बिजनेस हेड अंजनी कुमार पांडेय और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। कार्यक्रम का समापन भजन संध्या और सामूहिक आयोजन के साथ हुआ।प्रोजेक्ट को मिले शानदार रिस्पॉन्स पर ओमेक्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, मोहित गोयल ने कहा कि लखनऊ में घर खरीदने वाले लोगों की सोच तेजी से बदल रही है। अब लोग सिर्फ घर नहीं, बल्कि बेहतर कनेक्टिविटी, आसपास की सुविधाएं और भविष्य में इलाके के विकास को ध्यान में रखकर फैसला ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओमैक्स कैसिया को बड़े और आत्मनिर्भर टाउनशिप के अंदर विकसित किया जा रहा है, जिससे खरीदारों को बेहतर लाइफस्टाइल और लॉन्ग टर्म वैल्यू मिलेगी।निर्माण शुरू होने से पहले ही करीब 300 घरों की बिक्री इस बात का संकेत है कि खरीदारों की पसंद बदल रही है और उन्हें हम पर भरोसा है। आगे हमारा फोकस बेहतर निर्माण गुणवत्ता और लंबे समय में अच्छा रिटर्न देने वाले प्रोडक्ट पर रहेगा। रायबरेली रोड पर स्थित यह प्रोजेक्ट तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ उठाएगा। साथ ही, ओमैक्स मेट्रो सिटी के अंदर मिलने वाली सुविधाएं इसे इस इलाके का एक मजबूत रियल एस्टेट विकल्प बनाती हैं।



## सरकारी भूमि पर बड़ी कार्रवाई : ग्राम उततरधौना मे 6.70 करोड़ की जमीन हुई अतिक्रमण मुक्त

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** नगर निगम द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर ग्राम-उत्तरधौना, तहसील सदर में नगर निगम की टीम ने अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार ग्राम उत्तरधौना की गाटा संख्या-01, क्षेत्रफल 9.912 हेक्टेयर भूमि चारागाह के रूप में दर्ज है, जो नगर निगम की शासकीय संपत्ति है। इस भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से बाउंड्री वॉल खड़ी कर प्लाटिंग और व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जिससे सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचाया जा रहा था।मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध बाउंड्री वॉल और अन्य निमार्णों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार ने किया। उनके साथ राजस्व निरीक्षक प्रदीप गिरि और नगर निगम लेखपाल आलोक कुमार यादव भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान नगर निगम प्रवर्तन दल (ईटीएफ) की टीम भी मौके पर तैनात रही, जिससे कार्रवाई को व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जा सका।



## जलकल विभाग के नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** जलकल विभाग नगर निगम में जलकल, नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों का निर्वाचन संगठन के केंद्रीय कार्यालय मे मुख्य निर्वाचन अधिकारी भारत सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ उक्त निर्वाचन में अध्यक्ष पद हेतु नितिन त्रिवेदी ,महामंत्रीः आकाश कुमार गुप्ता ,कोषाध्यक्षः रुदल राजभर ,वरिष्ठ उपाध्यक्षः हरी लाल यादव ,उपाध्यक्षः ऋषि कुमार, रनजीत सिंह, अनिल कुमार, अनिल सोनकर ,संगठन मंत्रीः राज नारायण वर्मा ,संयुक्त मंत्रीः रामप्रताप , मीडिया प्रभारीः अमरदीप सिंह यादव ,प्रचार मंत्रीः राणा प्रताप सिंह, कार्यालय मंत्रीःनंदकिशोर ,कार्यकारिणीसदस्यःछोटेलाल ,कार्यकारिणी सदस्यः मनोज नायक ,विशिष्ट सदस्यः सुरेश कुमार वर्मा निर्वाचित हुए ’ सभी नवीन चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई ’ बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की बहुत जल्द संगठन जलकल विभाग लखनऊ में व्याप्त विभिन्न कर्मचारी समस्याओं/अनियमितताओं के दृष्टिगत विरोध स्वरूप जलकल मुख्यालय में कार्यक्रम करने हेतु बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जलकल प्रशासन की स्वयं होगी।



# संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश, 15 मई तक अतिक्रमण मुक्त भूमि पर फेंसिंग अनिवार्य

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को आयोजित संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीनों के संरक्षण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार की उपस्थिति में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद समेत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक (कानूनगो), लेखपाल एवं संपत्ति विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में महापौर द्वारा पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निदेशों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने अब तक नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर बाउंड्री वॉल और तारबाड़ की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि केवल अतिक्रमण हटाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस भूमि को सुरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है।



संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक अतिक्रमण मुक्त कराई गई 68 गाटा भूमि पर तारबाड़ का कार्य कराया जा रहा है, जबकि 70 गाटा भूमि को उद्यान विभाग को बायो फेंसिंग के लिए हस्तांतरित किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए विभाग तेजी से काम कर रहा है।

इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि भविष्य में जब भी किसी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, उसी दिन इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से वहां फेंसिंग का कार्य भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चीफ इंजीनियर महेश वर्मा को निर्देशित किया कि सीएंडडी वेस्ट प्लांट के माध्यम से पिलर और बाउंड्री वॉल का पर्याप्त स्टॉक पहले से तैयार रखा जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उपयोग किया जा सके।

महापौर ने आगे निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर नगर निगम की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, वहां स्थायी समाधान के रूप में ह्यउत्सव वाटिकाह्न विकसित की जाए। इसके तहत संबंधित भूमि पर एक कमरा निर्माण कर गेट लगाया जाए, जिससे भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की संभावना समाप्त हो सके और भूमि का उपयोग भी सुनिश्चित हो।

बैठक में महापौर ने 15 मई तक सभी अतिक्रमण मुक्त भूमि पर फेंसिंग एवं बायोफेंसिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर आयुक्त ने संपत्ति विभाग को 10 दिन बाद दोबारा समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी बैठक सम्पन्न

**एजेंसी समाचार**

लखनऊ। भाजपा महानगर कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026" के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग की योजना बैठक की गयी। बैठक कि अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी द्वारा की गई । वही वर्ग प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव, वर्ग संचालन समिति प्रमुख मान सिंह ने आगामी संगठनात्मक अभियान 'जिला कार्यसमिति बैठक' एवं ह्यपंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्गह्न की रूपरेखा, कार्यकताओं की जिम्मेदारी और आयोजन की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा किया ।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि आगामी 1 मई से 5 मई के मध्य जिला कार्यसमिति बैठक की जाएगी वहीं ह्यपंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्गह्न सम्भावित 16 मई, 17 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकताओं को न केवल संगठनात्मक कार्यशैली का ज्ञान मिलता है, बल्कि उनमें राष्ट्रहित के प्रति समर्पण और सेवा भाव भी विकसित होता है। इस प्रशिक्षण अभियान के माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी की रीति-नीति और आधुनिक कार्यप्रणाली से जोड़ा जाएगा।



मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री सतेंद्र सिंह, टिंकू, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, दीपक शुक्ला, विनायक पाण्डेय, जी डी शुक्ला, कुमकुम राजपूत, सीता नेगी, योगेंद्र पटेल, मंत्री चन्द्र प्रकाश अवस्थी, अपूर्व भार्गव, पंकज सक्सेना, अर्चना साहू, सतीश मिश्रा, राजेश चौधरी कोषाध्यक्ष मनोज के गुप्ता, कार्यालय सह मंत्री मयंक बाजपाई, शैलेन्द्र राय, आई टी संयोजक उत्तम मिश्रा, सोशल मीडिया टी आर जोशी, मणिकांत शुक्ला उपस्थित रहें।

## दबंग पडोसियों ने एक ही परिवार के कई लोगो को पीटा, मुकदमा दर्ज

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग ।** कृष्णानगर कोतवाली इलाके में दबंग पड़ोसियों द्वारा एक परिवार के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित कनौसी निवासी सर्वेश पुत्र सोहन वर्मा के अनुसार वह मूल रूप से जनपद उन्नाव के औरास का रहने वाला है। आरोप है कि उसके पड़ोस में रहने वाले आशीष, मोदी, आकाश, अनिल, सूरज समेत करीब दस अन्य लोग बिना किसी वजह के लगातार गाली-गलौज करते रहते थे। मंगलवार 28 अप्रैल को आरोपी पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी आरोपी एकजुट होकर पीड़ित और उसके परिवार पर हमलावर हो जमकर पिटाई करने के बाद जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। वही पीडित का कहना था उक्त मारपीट के दौरान उसकी पत्नी मधु सहित अन्य रिश्तेदारों को गंभीर चोटें आईं। जिनका नजदीकी लोकबंधु अस्पताल मे भर्ती कर उपचार चल रहा है। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# सहारा शहर मामले में नगर निगम को बड़ी कानूनी जीत, हाईकोर्ट ने याचिका खारिज गई

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** लगभग 170 एकड़ में फैले सहारा शहर प्रकरण में नगर निगम को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से चल रहे इस विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने सहारा कमर्शियल की ओर से दायर रिट याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत के इस निर्णय ने नगर निगम की कार्रवाई को वैध ठहराते हुए उसके पक्ष को मजबूत किया है और शहर प्रशासन की साख को और मजबूती दी है।

आपको बता दें कि गोमतीनगर स्थित सहारा शहर को नगर निगम ने लीज शर्तों के उल्लंघन के आरोप में अपने कब्जे में लिया था। नगर निगम का कहना था कि वर्ष 1994 में हुई लीज के तहत निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया गया, साथ ही कई निर्माण एवं उपयोग नियमों का उल्लंघन पाया गया। जांच के बाद नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर के छहों गेट सील कर दिए और प्रशासनिक नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया।

सहारा समूह ने इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और इसे मनमाना तथा प्रक्रिया के विपरीत बताया था। हालांकि, नगर निगम ने अदालत में स्पष्ट किया कि कार्रवाई पूरी तरह नियमानुसार की गई। निगम ने यह भी बताया कि वर्ष 2020 और 2025 में कई बार नोटिस जारी कर कंपनी को सुधार का अवसर दिया गया, लेकिन नियमों का पालन नहीं होने पर ही अंतिम कार्रवाई की गई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के तर्कों पर विचार किया और पाया कि नगर निगम की ओर से की गई कार्रवाई विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत की गई है। इसी आधार पर अदालत ने सहारा की याचिका को खारिज कर दिया। इस फैसले को नगर निगम के लिए बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है, क्योंकि इससे स्पष्ट हो गया है कि सार्वजनिक भूमि और संसाधनों के संरक्षण के लिए की गई कार्रवाई न्यायिक कसौटी पर खरी उतरी है।

इस पूरे मामले में यह भी सामने आया कि संबंधित भूमि पर लीज की अवधि समाप्त होने और शर्तों के उल्लंघन के चलते नगर निगम को हस्तक्षेप करना पड़ा। 30 वर्ष की लीज अवधि समाप्त होने के बाद भी निर्धारित विकास कार्य नहीं किए गए थे, जिससे प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़े।

इस पूरे प्रकरण में नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, संपत्ति प्रभारी रामेश्वर प्रसाद, नायब तहसीलार तेजस्वी एवं लेखपाल शक्ति वर्मा ने नगर निगम की ओर से सक्रिय भूमिका निभाई। पैनल अधिवक्ताओं के सहयोग से मजबूत कानूनी पक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी आवश्यक दस्तावेज, नोटिस और प्रक्रियाओं का विस्तृत ब्यौरा अदालत के समक्ष रखा गया। इसी सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप नगर निगम को यह महत्वपूर्ण जीत हासिल हुई।

## दोस्त की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने की आत्महत्या, पिता की शिकायत पर केस दर्ज

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग,** आशियाना थाना क्षेत्र मे रहने वाली युवती की आत्महत्या किये जाने के बाद मृतका के पिता ने पुत्री के दोस्त पर प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या किये जाने का आरोप लगाया है। मूल रूप से सदर बाजार नई बस्ती कैण्ट लखनऊ निवासी विकास पुत्र मोहन के अनुसार उनका वर्तमान निवास आशियाना के रजनीखण्ड शारदा नगर मे है। उक्त मकान मे रहकर उनकी पुत्री एक निजी रेस्टोरेंट में कार्य करती थी उसकी जान-पहचान सुहैब अख्तर नामक युवक से थी। आरोप है कि उक्त युवक द्वारा फोन के माध्यम से उनकी पुत्री को लगातार प्रताड़ित कर पैसों की मांग किया जा रहा था। इतना ही नहीं, पैसे न देने पर उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव भी बना रहा था। जिसके चलते उनकी पुत्री ने मानसिक तनाव और दबाव के चलते बीते 18 अप्रैल की सुबह आत्महत्या कर ली थी। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने उक्त युवक के खिलाफ स्थानीय आशियाना थाने मे नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार मृतका के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

## एक नजर

### खरीफ-2026: बीज वितरण अब ई-लॉटरी से, 10 मई तक करें बुकिंग

**पीलीभीत।** खरीफ-2026 सीजन के लिए कृषि विभाग ने बीज वितरण की नई व्यवस्था लागू की है। अब "पहले आओ-पहले पाओ" की जगह किसानों को ऑनलाइन बुकिंग के बाद ई-लॉटरी के माध्यम से बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि धान (पीआर-113, पीआर-130, डीआरआर-63), ढैंचा, उर्द, सोयाबीन, तिल सहित विभिन्न फसलों के बीज एवं मिनीकिट के लिए विभागीय पोर्टल https://agriculture.up.gov.in पर 22 अप्रैल से बुकिंग शुरू हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई 2026 निर्धारित है। अधिकारियों के अनुसार, यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो जनपद स्तरीय समिति की देखरेख में ऑनलाइन ई-लॉटरी के जरिए लाभार्थियों का चयन किया जाएगा, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहेगी। किसानों से समय रहते बुकिंग कराने की अपील की गई है।

# विपक्ष महिला विरोधी, अब आर-पार की जंग: जितिन

## पीलीभीत में उमड़ा जन सैलाब, भाजपा ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में और विपक्ष के विरोध के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांधी प्रेक्षा गृह में जन आक्रोश सम्मेलन एवं जन आक्रोश पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया, लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के साथ छल किया। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के लिए स्वयं आगे आकर संघर्ष करें। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं को सम्मान और अवसर देने का कार्य किया है, जबकि विपक्ष ने लगातार उनका अपमान किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि यदि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलता, तो वे देश के विकास में और अधिक तेजी से भागीदारी निभातीं, लेकिन विपक्ष ने इस महत्वपूर्ण बिल को पास नहीं होने दिया। कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, नगर पालिका परिषद पीलीभीत की चेयरमैन आस्था अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गांधी प्रेक्षा गृह में जन आक्रोश सम्मेलन में भाग लेते जितिन प्रसाद। -जागरण मोर्चा

**गांधी प्रेक्षा गृह में गरजे नेता, बोले- महिलाओं के सम्मान से नहीं होने देंगे समझौता**

## हादसे को दावत दे रहा जर्जर विद्युत पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के दिलावरपुर गांव के अंदर लगा जर्जर विद्युत पोल बड़े हादसे को दावत दे रहा है। पोल नीचे से टूट गया है जो कभी भी गिर सकता है। अगर जल्दी इसको नहीं बदला गया तो कभी भी एक बड़ा हादसा हो सकता है।

बिजली देने के लिए बिजली विभाग ने लोहे का पोल लगवाया था। यह पोल काफी पुराना हो चुका है। लोहे का पोल जर्जर हालत में खड़ा हुआ है। नीचे से पोल गल चुका है। जो कभी भी गिर सकता है। बिजली पोल नीचे से पूरी तरह से टूट चुका है। हवा के झोंके में ही पोल गिर सकता है। इस रोड के तिराहे से कई गांवो के लोगो का आवागमन होता है। विद्युत पोल को देखकर सभी राहगीर बिजली विभाग को कोसते नजर आते हैं। अगर शीघ्र ही पोल को नही बदला गया तो कभी भी एक बड़ा हादसा हो सकता है। मामले की शिकायत भी की गई। लेकिन बिजली बिभाग ने कोई ध्यान नही दिया। लोगों ने शीघ्र ही जर्जर पोल को बदलवाए जाने की मांग की है।

## नरई जलाने से लगी आग से चार बाइकें जलकर राख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नरई जलाने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बाइक मैकेनिक की दुकान सहित चार बाइकें जलकर राख हो गई। बमुश्किल ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। दुकानदार ने मुआवजा दिलाने की मांग की है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव कुरैया खुर्दकला में बुधवार को नरई (फसल अवशेष) जलाने के दौरान लापरवाही भारी पड़ गई। खेत में लगाई गई आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसी दौरान तेज हवा चलने लगी, जिससे आग तेजी से फैलती चली गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और कुछ ही देर में आग थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव कुरैया खुर्द निवासी रवि की बाइक मेकेनिक की दुकान तक जा पहुंची। दुकान में रखी मोटरसाइकिलें और अन्य सामान आग की चपेट में आ गए। देखते ही देखते चारों बाइक धू-धू कर जलने लगीं। आग की ऊंची लपटों और धुएं के कारण पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका,लेकिन तब तक दुकान का सामान और मोटरसाइकिलें पूरी तरह जल चुकी थीं। पीड़ित दुकान स्वामी ने बताया कि आग लगने से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। दुकान में मरम्मत के लिए खड़ी मोटरसाइकिलें भी जल गईं,जिससे ग्राहकों का भी नुकसान हुआ है। अचानक हुई इस घटना से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हर साल नरई जलाने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं। दुकान स्वामी ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। सूचना पर स्थानीय प्रशासन को भी अवगत कराया गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# नहर में मिला तेंदुआ का शव, ग्रामीणों में दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** सराय सुंदरपुर क्षेत्र के नारायन ठेर गांव के पास नहर में एक तेंदुआ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। जैसे ही ग्रामीणों ने नहर में बहता शव देखा, मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और दहशत का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकालकर कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच के बाद शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीएफओ भरत कुमार के अनुसार तेंदुए की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हादसा, बीमारी या किसी मानवीय कारण की आशंका को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण सामने आ सकेगा। घटना के बाद वन विभाग ने आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों को सतर्क रहने, अकेले खेतों में न जाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की सलाह दी गई है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि तेंदुआ स्थानीय क्षेत्र का था या पानी के बहाव के साथ कहीं और से बहकर यहां पहुंचा।

# हाईवे से सटाकर बनाए चबूतरे बन रहे हादसों का कारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर के बमरोली तिराहे पर एक व्यवसायी द्वारा हाईवे से सटाकर चबूतरा बनाया गया है। जिस कारण से हर रोज जाम की स्थिति होने के बावजूद भी जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं। यह अलग बात है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा अतिक्रमण हटवाने के लिए नाप जोख भी कराई जा चुकी है, परंतु चबूतरा आज तक हटवाने की जरूरत नहीं समझी गई,जबकि चबूतरे की वजह से भारी वाहनों को मोड़ने में चालकों को खासी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। किसी दिन भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बता दें कि नगर निवासी संतोष वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस बाबत शिकायत भी कराई जा चुकी है, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की अनदेखी की वजह से बमरोली तिराहे पर कई लोगों ने हाईवे से सटाकर पक्के चबूतरे बना रखे हैं ।जिसकी वजह से तिराहे पर हर रोज जाम लग रहा है। लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात दिलाने की दिशा में विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई प्रयास ही नहीं किया है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत का ही नतीजा कहा जाएगा कि पीडब्ल्यूडी के एई ने मौके पर आकर सड़क के बीचो-बीच से 45 फीट दूरी तक नाप भी कराई, और अतिक्रमणकारियों को तत्काल अतिक्रमण हटाने को भी कहा था। इतना ही नहीं उन्होंने सख्ती के साथ हिदायत देते हुए ऐसे लोगों को ताकीद भी की, कि 3 दिन के अंदर अगर चबूतरे नहीं तुड़वाए , तो अभियोग पंजीकृत कराकर कार्रवाई की जाएगी। परंतु काफी समय गुजर जाने के बाद भी अभी तक पीडब्ल्यूडी की ओर से ना तो कोई कार्रवाई की गई, और न ही लोगों ने अपना अतिक्रमण हटाने की जरूरत समझी। यह अलग बात है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा कराई नाप जोख की कार्यवाही से उन लोगों में कुछ समय तक हड़कंप मचा रहा, जिन्होंने हाईवे के किनारे अवैध रूप से पक्का निर्माण कराकर अतिक्रमण कर रखा है। कमोवेश यही स्थिति ब्लॉक कार्यालय से लेकर गांव घनश्यामपुर तक हाईवे के किनारे की है। जो नगर के मध्य से हाईवे गुजरा है। सर्वाधिक दिक्कत कमल पार्क तिराहे और बड़ौदा बैंक चौराहे पर होती है। इन दोनों जगहों पर आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को खासी परेशानी होती है। बावजूद इसके जिम्मेदार पूरी तरह मौन साधे हुए हैं।


बमरौली मोड़ पर हाईवे से सटाकर बनाए चबूतरे के कारण वाहन मोड़ता चालक।

# शादी समारोह में हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शादी समारोह के दौरान नगर एक पैलेस में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव निजामपुर लाह निवासी धर्मेंद्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनके पुत्र निखिल कुमार की शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी में निवासी अनोखे लाल की पुत्री के साथ तय हुआ है। 27 अप्रैल को नगर के एक पैलेस में शादी समारोह हुआ। लडकी के जयमाल के कार्यक्रम के दौरान लडकी पक्ष के कुछ लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने दोनो पक्षो को शांत करा कर शादी की पूरी रस्म अदा की गई। 28 अप्रैल को सुवह विदाई होने से पहले लडकी पक्ष के घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिकरहाना निवासी सीताराम व कपिल कुमार व पूरनपुर निवासी विपिन व रतीराम लोहे की राड, लाठी डंडे लेकर पीडित के पुत्र के साथ गाली गलौज करने लगे। पुत्र के विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसको मारा पीटा। इसके सिर पर राड से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। विवाद को लेकर खलवली मच गई। काफी देर तक विवाद होता रहा। वमुश्किल बरातियों ने मामला शांत कराया। जिस पर आरोपी खमरिया पट्टी आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# शराब भट्ठी के विरोध में महिलाओं का मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धरना शांत करने आए सीओ-तहसीलदार की गाड़ी घेरी**



**पूरनपुर।** शराब भट्ठी हटाने की मांग को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन को शांत कराने पहुंचे अधिकारियों के सामने महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। सीओ और तहसीलदार की गाडी को घेर लिया। महिलाएं भट्ठी हटाने की मांग पर अडी हैं।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव बूंदीभूड में स्थापित की गई। शराब की भट्ठी हटाने को लेकर महिलाएं कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहीं है। उसके वावजूद अभी तक भट्ठी को नही हटाया गया है। बुधवार को महिलाएं अपनी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहीं थी। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया और तहसीलदार महिलाओ का चल रहा धरना प्रदर्शन में पहुंचे, उन्होंने महिलाओं से कहा कि शराब भट्ठी को हटाने का मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नही आता है। उन्होंने महिलाओ को आश्वासन दिया की उनकी मांग को अधिकारियों के सामने रखेंगे। और उन्होंने धरना प्रदर्शन बंद करने के लिए कहा तो महिलाओं में गुस्सा भडक उठा। उन्होंने अधिकारियों के सामने विरोध प्रदर्शन कर हंगामा काटा। उसके बाद मौके पर पहुंचे दोनों अधिकारियों की गाड़ी के सामने महिलाएं खडी होकर उनकी गाडियों को घेर लिया। उनका आरोप है कि भट्ठी के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है,घरेलू कलह बढ़ रही है और युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भट्ठी को तत्काल बंद कराने की मांग की। मौके पर मौजूद सीओ और तहसीलदार ने महिलाओं को काफी समझाया। लेकिन महिलाएं शराब की भट्ठी को हटाने की मांग पर अडी रहीं। उनक कहना है कि यदि जल्द ही भट्ठी पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इसके बाद दोनो अधिकारी वापस लौट गए। काफी देर तक मामला चलता रहा। इस दौरान बडी संख्या में महिलाएं मौके पर मौजूद रहीं।


अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर ज्ञान इंटरनेशनल के बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

## ज्ञान इंटरनेशनल में थिरके कदम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा व प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने कथक, भरतनाट्यम, भांगड़ा, गरबा व बॉलीवुड सहित विभिन्न नृत्य शैलियों में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल ने प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं की घोषणा की और अंत में सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने नृत्य को आत्म-अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# सुधरने को तैयार नहीं पंचायत सहायक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**डीपीआरओ व पंचायत सचिव ने जारी किए थे नोटिस**

**पूरनपुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी द्वारा पंचायत सहायक को नोटिस जारी करने पर भी पंचायत सहायक का रवैया नहीं बदला।

पूरनपुर की ग्राम पंचायत अमरैया कलां में पंचायत सहायक के पद पर पुष्पा देवी कार्यरत हैं। ग्रामीणों के अनुसार पुष्पा देवी कभी भी पंचायत घर नहीं जाती है। एक दो दिन गांव में जाकर खानापूर्ति कर चली जाती है। पंचायत सहायक पुष्पा देवी शासनादेश के मुताबिक अपना कार्य इमानदारी से नहीं करती है। लेकिन फिर उनको मानदेय दिया जा रहा है। पूरे प्रकरण की शिकायत गांव के ही रविन्द्र कुमार नन्द ने जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती से की। रविन्द्र कुमार नन्द ने शिकायती पत्र में बताया कि पंचायत सहायक की जब से नियुक्ति पत्र दिया गया तब से नियमित रुप से पंचायत सचिवालय नहीं खोल रही है। जनवरी माह में उनके द्वारा एक शौचालय का आवेदन किया गया तो कागज जमा करने पर विकास खण्ड कार्यालय में पंचायत सहायक द्वारा प्रमाणित कराने को कहा। इस पर रविन्द्र कुमार नन्द ने पंचायत सहायक से फोन से बात की तो उन्होंने अपना कार्य न बताते हुए मना कर दिया और उनको शौचालय योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पंचायत सहायक के पिता व भवानीगंज के पूर्व प्रधान ने भी रविन्द्र कुमार नन्द को हड़काया और कहा कि शौचालय का सत्यापन करना आदि आदि कार्य पंचायत सहायक के कार्य नहीं हैं। वह एक अधिकारी हैं और यह सब काम ग्राम प्रधान व सचिव के होते हैं।

तब रविन्द्र कुमार ने जनसूचना अधिकारी अधिनियम 2005 के तहत पंचायत सहायक की नियुक्ति, कार्य व वेतन सम्बंधित जनसूचना मांगी। लेकिन जनसूचना अधिकारी द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई। तब रविन्द्र कुमार नन्द ने जिला पंचायत राज अधिकारी का दरवाजा खटखटाया और प्रार्थना पत्र देकर पंचायत सहायक पर कार्यवाही की मांग की। प्रार्थना पत्र पर जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने प्रार्थना पत्र पर नोटिस जारी किया और तीन कार्य दिवस में में स्पष्टीकरण मांगा। लेकिन पंचायत सहायक की मनमानी हावी है। वह अब भी सचिवालय नहीं खोल रही है।


**दहशत** राहगिरों ने हाईवे से पशुओं को पकड़वाने की उठाई मांग

# जान जोखिम में : हाईवे पर पशुओं के झुंड से बढ़ रहे हादसे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पूरनपुर-बंडा हाईवे पर ये बेसहारा पशु लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। इन पशुओं की वजह से हादसे की आशंका बनी रहती है। झुंड में घूमते ये पशु अचानक वाहन चालकों के सामने आ जाते हैं।

स्थिति यह है कि बेसहारा गाय, बैल और सांड बीच सड़क पर बैठे रहते हैं, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। पूरनपुर- बंडा हाईवे पर आवारा पशुओं कि भरमार है। आवारा पशुओं से हो रही परेशानी की शिकायत कई लोग अधिकारियों से भी कर चुके हैं। लेकिन फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। मुख्य जगहों पर बेसहारा पशुओं का यह समूह मुख्य सड़क के बीचोबीच आकर यातायात को काफी प्रभावित करता है। इससे न सिर्फ जाम की समस्या उत्पन्न होती है बल्कि कभी कभार पशु दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं। इसके अलावा पशुओं को बचाने के चक्कर में अक्सर तेज रफ्तार चालक खुद दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। क्षेत्रभर से गुजरने वाली सड़कों पर जहां ये आवारा पशु दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं वहीं खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचाने से भी बाज नहीं आते। अवसर मिलते ही ये बेसहारा पशु खेतों में खड़ी फसलों में घुस जाते हैं और फसलों में मुंह मारकर उन्हें खराब कर देते हैं। वहीं फसल खड़ी खेतों में ही ये पशु मौजमस्ती और लड़ाई करते हैं। जिसके कारण फसलों खराब होती है और किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। खेतों में खड़ी फसल के लिए ये आवारा पशु नुकसानदायक साबित हो रहे हैं तो किसानों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं।


हाईवे पर घूम रहे आवारा पशु। -जागरण मोर्चा

### आवारा सांड आपस में भिड़े, मची रही अफरा तफरी

**पूरनपुर।** हाईवे पर अड्डे पर सांड आपस में भिड़ गए। वमुश्किल सांडो को खदेडा जा सका। बुधवार को हाईवे पर आवारा सांड आपस में भिड गए। सांड काफी देर तक एक-दूसरे से भिड़ते रहे। अचानक लड़ाई उग्र हो गई और दोनों सांड बेकाबू हो गए। जिस पर काफी देर तक सांडों में विवाद होता रहा। जिससे अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। वमुश्किल लोगों ने सांडो को बाहर खदेड़ दिया। आपस में लड रहे आवारा सांडो का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे लोगो को आवागमन में दिक्कतें होती है। और हादसे का डर भी लगा रहता है।

## फरार युवती को पुलिस ने किया बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव से एक माह पूर्व लापता हुई युवती को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक चौराहे से सकुशल बरामद कर लिया है। युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में उसकी मां ने एक माह पहले युवक और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती के मिलने की सूचना पर दोनों पक्षों के परिजन थाने पहुंचे, जहां घंटों तक समझौते की पंचायत चलती रही। फिलहाल, पुलिस मुख्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। उधर, घुंघचाई क्षेत्र में भी अपहरण का एक और मामला सामने आया है। यहां एक ग्रामीण की पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया। काफी तलाश के बाद भी युवती का सुराग नहीं मिला है।

# पशु-पक्षियों की सुरक्षा को लेकर विशेष दिशा-निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालकों और गौ आश्रय स्थल संचालकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि अधिक तापमान के कारण पशु-पक्षियों में तनाव बढ़ जाता है, पानी की कमी से उनकी मृत्यु तक हो सकती है और लू लगने पर पशु बेहोश भी हो सकते हैं।

अधिकारियों ने सलाह दी है कि पशुओं को दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक छायादार स्थान पर आराम दिया जाए तथा पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पशुओं को समय-समय पर नहलाने, टीन शेड को ठंडा रखने और सीधी गर्म हवा से बचाने के उपाय अपनाने को कहा गया है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों व पोखरों में पानी भरवाने तथा नगरीय क्षेत्रों में निराश्रित पशु-पक्षियों के लिए छायादार स्थानों पर पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। गौ आश्रय स्थलों में पशुओं को सुबह 10 बजे से पहले और शाम 4 बजे के बाद ही चारा देने तथा दिन में उन्हें शेड के अंदर रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। अधिकारियों ने पशुपालकों से अपील की है कि लू के दौरान विशेष सतर्कता बरतें और पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं, ताकि उन्हें गर्मी के प्रकोप से सुरक्षित रखा जा सके।

### एक नजर

#### बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी और लू से राहत

**पूरनपुर/पीलीभीत।** भीषण गर्मी के बाद बादल उमड़े। इस दौरान बूंदाबांदी से गर्म हवा से भी लोगों को राहत मिली। बुधवार को सुबह होते ही बादल उमड़ने लगे। कुछ ही देर बाद मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगी। देखते देखते बूंदाबांदी शुरु हो गई। बूंदाबांदी से लोगों को पड रही भीषण गर्मी और चल रही लू से राहत मिली। कुछ देर के लिए हवा का रुख तेज हुआ, लेकिन लू नहीं चली। पूरे दिन बादल आते जाते रहे।

#### राशन वितरण में अनियमितता के आरोप, एसडीएम ने जांच बैठाई

**बीसलपुर।** मोहल्ला दुर्गा प्रसाद, 12 पत्थर सब्जी मंडी क्षेत्र में कोटेदार मिथलेश कुमारी पर राशन कम देने के गंभीर आरोप लगे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि यूनिट के अनुसार पूरा राशन नहीं दिया जा रहा, जिससे लोगों में नाराजगी है। शिकायत पर एसडीएम बीसलपुर ने मामले का संज्ञान लेते हुए सप्लाई इंस्पेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिलसंडा में जच्चा-बच्चा की जिंदगी से कब तक खिलवाड़?

## सीएचसी एवं निजी अस्पतालों में पर भी हो चुकी है प्रसव के दौरान नवजात की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिलसंडा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र। -जागरण मोर्चा

**बिलसंडा।** स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते आखिर प्रसुताओं की जिंदगी से खिलवाड़ कब तक होता रहेगा। आधी आबादी के स्वास्थ्य के प्रति ढुलमुल रवैया ही कहा जाएगा, जो कई वर्षों से नगर के सीएचसी पर महिला चिकित्सक की तैनाती ही नहीं हुई। सीएचसी पर समुचित व्यवस्था न होने की वजह से प्रसूताओं को झोलाछापों की शरण में जाना पड़ रहा है। उधर गत वर्ष एएनएम द्वारा किए गए ऑपरेशन के कारण एक प्रसूता की जान भी चली गई थी। बावजूद इसके सीएचसी पर आज तक महिला चिकित्सक की तैनाती नहीं हुई।

बता दें कि नगर स्थित सीएचसी पर कहने को तो 24 घंटे प्रसव की सुविधा है। लेकिन प्रसव कराने की व्यवस्था के बावजूद महिला चिकित्सक की तैनाती नहीं है। बल्कि एएनएम ही बारी-बारी से 24 घंटे अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद रहती हैं। सीएचसी पर प्रसव कराने के लिए जो महिलाएं पहुंचती हैं,वह अधिकांश गरीब परिवारों की ही होती हैं ,जिन्हें जान जोखिम में डालकर एएनएम से ही प्रसव कराना पड़ रहा है। क्योंकि आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों की महिलाओं का प्रसव निजी अस्पतालों में कराया जाता है। पिछले वर्ष गांव गुलड़िया मरौरी की एक महिला का एएनएम ने बगैर डॉक्टर की मौजूदगी के ही ऑपरेशन करके प्रसव करा दिया था। जिस कारण अधिक रक्तस्राव की वजह से उसकी मौत हो गई थी। जिसकी विभागीय अधिकारियों के अलावा एडीएम ने भी सीएचसी आकर जांच की थी। बावजूद इसके अभी तक सीएससी पर न तो महिला डॉक्टर की तैनाती ही हुई और न ही आरोपी एएनएम के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में लाई गई। उधर सीएचसी पर लगातार हुई घटनाओं के बावजूद स्वास्थ्य विभाग सजग नहीं हुआ। यही वजह रही की नगर एवं क्षेत्र के लोगों द्वारा विधायक विवेक वर्मा से भी महिला चिकित्सक की तैनाती कराए जाने की मांग किए जाने के बावजूद आज तक तैनाती नहीं हुई। जबकि नगर के निजी अस्पतालों में प्रसव के दौरान कई नवजात की अब तक मौत भी हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते आखिर प्रसुताओं की जिंदगी से खिलवाड़ कब तक होता रहेगा।

# महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पति की प्रेमिका हुई गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस की गिरफ्त में महिला आरोपी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी पति की प्रेमिका को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 17 फरवरी को थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला चिनौर निवासी दीपक शुक्ला की पत्नी 35 वर्षीय पिंकी शुक्ला ने घर में फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली थी।

मृतका ने मरने से पहले एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिसमें उसने अपने पति दीपक शुक्ला और उसकी प्रेमिका प्रिया गुप्ता पर प्रताड़ना और अवैध संबंधों का आरोप लगाया था। इस मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दीपक शुक्ला और उसकी प्रेमिका प्रिया गुप्ता आदि पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पति दीपक शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में आरोपी प्रेमिका फरार चल रही थी। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्ता प्रिया गुप्ता को अशफाक नगर तिराहे से गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई अभियुक्ता जनपद बलिया के थाना बासडीह की मूल निवासी है और वर्तमान में रेलवे कॉलोनी परिसर, स्टेशन वाराणसी जंक्शन की एईएन कॉलोनी में रह रही थी। पकड़ी गई अभियुक्ता और उसके प्रेमी दीपक शुक्ला पर पूर्व में भी थाना सदर बाजार में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम आदि के मुकदमें पंजीकृत हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता प्रिया गुप्ता को जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक नरगेश कुमार के साथ कास्टेबल मनीष कुमार और महिला कास्टेबल पवित्रा सिसोदिया मौजूद थे।

**पति और उसकी प्रेमिका की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की थी आत्महत्या**

# खुली पुलिया ने निगली एक और जिंदगी: काम से लौट रहे मजदूर की गिरकर मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दो दिन बाद बरामद हुआ शव**

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के नंदोसी गांव में खुली नहर की पुलिया एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। सोमवार से लापता मजदूर का शव बुधवार को पुलिया के नीचे से बरामद हुआ तो इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोगों में प्रशासन और सिंचाई विभाग के खिलाफ गुस्सा साफ दिखाई दे रहा है।

पचा गोटिया निवासी 30 वर्षीय मेघनाथ उर्फ राजू पुत्र तिलक राम लोधी परसाखेड़ा में मजदूरी करता था। सोमवार को वह रोज की तरह काम पर गया था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने पहले खुद तलाश की, फिर पुलिस को सूचना दी। दो दिन की खोजबीन के बाद बुधवार को नंदौसी गांव के पास खुली नहर पुलिया में उसका शव मिलने से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि मेघनाथ शराब के नशे में पुलिया के पास पहुंचा और संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। पुलिया के नीचे पानी और कचरा भरा होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और वहीं दम तोड़ दिया। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुलिया को ढंकने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। खुले नहर और पुलिया लोगों के लिए मौत का जाल बने हुए हैं, फिर भी जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं।

यह कोई पहली घटना नहीं है। 24 मार्च को सेटेलाइट बस स्टैंड के पास खुले नाले में गिरकर हरदोई निवासी तौहीद की मौत हो गई थी। उसका शव भी करीब 30 घंटे बाद बरामद हुआ था। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं प्रशासन की लापरवाही की पोल खोल रही हैं। लगातार हो रही मौतों से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले नालों और पुलियों को तत्काल ढंका जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो ऐसे हादसे आगे भी जारी रहेंगे।

## खेत में पानी भरने को लेकर विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सिंधौली।** सिंधौली क्षेत्र के गाँव कुरसंडा में खेत में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया।

पीड़ित महेंद्र का आरोप है कि जब वह गन्ना बोने की तैयारी कर रहा था, तभी गाँव के जोगेंद्र ने नहर काटकर उसके खेत में पानी भर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हवाई फायरिंग भी की गई। थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से क्षुब्ध पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# पीड़ित परिवार से मिले हिंदू युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय


पीड़ित परिवार से मिलते हिंदू युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**सिंधौली।** मनचले की धमकियों से परेशान युवती के बिजली का तार पकड़कर खुदकुशी करने के मामले में हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियो के साथ पीड़ित के घर पहुंच कर उनसे मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों से बात कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की।

सिंधौली कस्बे में रहने वाली एक युवती ने 26 अप्रैल को बिजली के तार से चिपक कर खुदकुशी कर ली थी। युवती के पिता ने क्षेत्र के गांव मुडिया हारिस में रहने वाले शान मोहम्मद और उसके रिश्तेदार मुड़िया मोड निवासी पप्पू पर बेटी को अनैतिक तरीके से परेशान करने और उसकी अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। जिससे परेशान होकर युवती के द्वारा बिजली का तार पकड़ कर खुदकुशी कर ली गई थी। पुलिस ने मामले में 27 अप्रैल को युवती के पिता की तहरीर के आधार पर मोहम्मद शान और पप्पू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी शान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि पप्पू अभी भी फरार है। मामला दो समुदायों के बीच का जुडा होने की वजह से बुधवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एवं प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी मृतका के घर पहुंचे और उसके परिवार के लोगों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके साथ ही संगठन के पदाधिकारियो ने उन्हें भरोसा दिया कि हिंदू युवा संगठन और उनके प्रत्येक कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ हैं और उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान मौके पर पहुंचे सिंधौली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह से प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र एवं प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी ने फरार चल रहे आरोपी पप्पू को तत्काल गिरफ्तार का जेल भेजने और पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। जिस पर इंस्पेक्टर रविंदर सिंह ने आश्वासन दिया कि जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और इस मामले में गहनता से जांच कर दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पुवाया ब्लॉक संरक्षक आनंद पांडे, नगर अध्यक्ष भारत राठौर, दीपू राजपूत, राजपाल राजपूत, वैभव मिश्रा, अजय राजपूत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# जांच के बहाने धमकी, वीडियो हुआ वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आसफपुर।** नगर फैजगंज में 27 अप्रैल की रात एक मामले की जांच के नाम पर पुलिस के कुछ सिपाहियों के एक युवक के घर पहुंचने और विरोध करने पर परिवार को धमकाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने घर की महिलाओं से अभद्रता की और घर पर बुलडोजर चलवाकर मिट्टी में मिलाने की धमकी दी। घटना के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

मामला नगर फैजगंज का है। पीड़ित युवक अनस का आरोप है कि 27 अप्रैल को क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर कुछ लोगों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। उसका कहना है कि इस घटना से उसका कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन इसके बावजूद देर रात पुलिस उसके घर पहुंच गई। अनस के मुताबिक पुलिसकर्मी उसे जबरन मामले में शामिल करने का दबाव बना रहे थे। जब परिवार के लोगों ने पुलिस से घर आने का कारण पूछा और विरोध किया तो माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और घर पर बुलडोजर चलवाने की धमकी दी। घटना के दौरान मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पुलिसकर्मियों और परिवार के लोगों के बीच तीखी नोकझोंक दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं दूसरे वीडियो में पीड़ित अनस अपना पक्ष रखते हुए नजर आ रहा है। उसने कहा, "पेट्रोल पंप पर हुई मारपीट से मेरा कोई संबंध नहीं है। पुलिस बेवजह मुझे परेशान कर रही है। जब मैंने विरोध किया तो मेरी मां के साथ गाली-गलौज की गई और घर तोड़ने की धमकी दी गई। हमारा परिवार डरा हुआ है।" गौरतलब है कि हाल ही में फैजगंज बेहटा थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक समेत दो दरोगाओं को एसएसपी ने लाइन हाजिर किया था। इसके बावजूद इस तरह का मामला सामने आने से थाने की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बिसौली संजीव कुमार सिंह ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। शिकायत मिलने या वीडियो की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नशे में धुत युवकों ने सिर पर किया रॉड से वार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर/पीलीभीत।** बरखेड़ा के ग्राम नरायनपुर निवासी अजीत कुमार बीसलपुर से बारात से लौट रहे थे। आरोप है कि रात करीब 2 बजे पकड़िया मोड़ पर सतीशचंद्र, लोकेश कुमार और तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया।

नशे में धुत आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अजीत पर लात-घूंसों और लोहे की रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। हमलावरों ने पीड़ित की मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। घायल का उपचार बीसलपुर स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों की तलाश और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी का हत्यारा पति गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय


पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** थाना मिर्जापुर क्षेत्र में पत्नी की फावड़ा से गला काटकर हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही आला कत्ल फावड़ा भी बरामद किया है।

मंगलवार को दोपहर में थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव भौती निवासी छत्रपाल ने अपनी 50 वर्षीय पत्नी सोमवती की फावड़ा से गला काटकर हत्या कर दी थी। इस मामले मृतका की पुत्री की तहरीर पर आरोपी छत्रपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था और देर रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कलान रोड पर सौनेक तिराहे से आरोपी पति छत्रपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी छत्रपाल ने बताया कि उसका आए दिन पत्नी सोमवती से विवाद होता रहता था। इसी विवाद के चलते उसने आक्रोशित होकर फावड़ा से गर्दन काटकर पत्नी की हत्या कर दी थी। बताया कि घटना के बाद उसने आलाकत्ल फावड़ा को अपने घर के पास रहने वाले पप्पू की बंद दुकानों के बरामदे में छिपा दिया था। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस टीम ने मौके से आलाकत्ल फावड़ा बरामद किया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी छत्रपाल को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मिर्जापुर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला के साथ उपनिरीक्षक रामपाल सिंह और यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# रामचन्द्र मिशन आश्रम में उमड़े श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल दाजी के मार्गदर्शन में रामचन्द्र मिशन आश्रम में महात्मा रामचन्द्र महाराज की 127वीं जयंती समारोह का शुभारंभ ध्यान-साधना से हुआ।

**अभ्यासियों ने सामूहिक ध्यान साधना कर विश्व शांति के लिए मंगल कामना की**

हजारों अभ्यासियों ने सामूहिक ध्यान कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लिए मंगल की कामना की। इस दौरान कमलेश डी पटेल ने वर्चुअल माध्यम से दिये अपने संदेश में कहा कि अपने भीतर की जड़ताओं को त्यागकर प्रेम, करुणा और शांति के पथ पर अग्रसर हों तथा अपने जीवन को साधना का सजीव माध्यम बनाएं। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी साधकों ने ध्यान साधना कर वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। आयोजन में उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, एके गर्ग, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, राजगोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, हर्षवर्धन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजीव श्रीवास्तव, सुरेंद्र मोहन सिन्हा, माया सिंह, अभिषेक आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर (पीलीभीत)।** कस्बा बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी अवन्तिका ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, 27 अप्रैल 2026 की शाम उसके जेठ, सास, ननद और भानजे ने मिलकर उसके और उसके पति के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीड़िता ने थाना बीसलपुर पहुँचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और न्याय दिलाने की मांग की है। थाना पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# उद्योग व व्यापार बंधु बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय


जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक में भाग लेते डीएम।

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक आयोजित हुई, जिसमें निवेश मित्र पोर्टल की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा में कृषि, राजस्व, एमएसएमई, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विद्युत व औद्योगिक विकास विभाग के कई आवेदन लंबित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में भरा पचपेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण कार्यों की प्रगति, उद्यमियों की समस्याएं तथा विभिन्न सड़कों व जलभराव की शिकायतों पर चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों ने कई कार्यों के लिए निविदा व स्वीकृति प्रक्रिया जारी होने की जानकारी दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री प्रशिक्षु प्रोत्साहन रोजगार योजना के तहत 300 अप्रेंटिस लक्ष्य पूरा करने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने पर जोर दिया।

## चकबंदी चौपाल में सुनी गईं आपत्तियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर (पीलीभीत)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रताप डोडी 120 में मंगलवार को चकबंदी विभाग की ओर से ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में चकबंदी अधिकारी बीसलपुर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और चकबंदी से संबंधित आपत्तियों का मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान चकबंदी कर्ता, चकबंदी लेखपाल सहित ग्राम के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को चकबंदी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और इसके लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि चकबंदी से खेती सुगम होती है, भूमि का समुचित उपयोग संभव होता है और किसानों को आने-जाने में सुविधा मिलती है।

# विराट कोहली के इंतजार में बैठा था बच्चा, न मिल पाने पर फूट-फूटकर रोया, क्रिकेट बैट भी फैंका




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैटिंग स्टार विराट कोहली सोमवार को अपनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी) टीम के साथ देश की राजधानी में थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मौजूदा चैंपियन टीम ने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मैच को एकतरफा बना था, जिसमें मेहमान टीम ने दिल्ली को 75 रन पर ढेर करने के बाद आसानी से 9 विकेट से जीत हासिल की। हालांकि मैच से भी ज्यादा चर्चित विराट कोहली का एक फैन बन गया जो भारतीय बल्लेबाज के इंतजार में होटल में बैठा था और जब उसे कोहली का आटोग्राफ नहीं मिला तो वह रोने लगा और बैट को जमीन पर पटक दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बच्चा होटल के रिसेप्शन पर इंतजार कर रहा था, इस उम्मीद में कि आरसीबी के स्टार खिलाड़ी से वह अपने क्रिकेट बैट पर ऑटोग्राफ ले पाएगा। जब कोहली अपनी सिक्योरिटी और स्टाफ के साथ वहां पहुंचे, तो बच्चा उनके पीछे-पीछे गया और उनके करीब जाने की कोशिश की, लेकिन सिक्योरिटी गार्ड्स ने उसे रोक दिया। वहां मौजूद लोगों के सुरक्षाकर्मियों से बच्चे को अंदर जाने देने का आग्रह करने के बावजूद उसे क्रिकेटर से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद बच्चा फूट-फूटकर रोने लगता है और हताशा के एक पल में अपना क्रिकेट बैट जमीन पर पटक देता है। इस घटना का एक वीडियो, जो ऑनलाइन काफ़ी शेयर किया गया, उसके साथ यह कैप्शन था, लगता है यूनिवर्स ने सच में कह दिया, 'आज नहीं'। इस घटना ने ङ्क पर एक बहस छेड़ दी है, जिसमें लोगों की राय पूरी तरह से बंटी हुई है। कुछ यूजर्स ने बच्चे के प्रति सहानुभूति जताई और इस स्थिति पर निराशा व्यक्त की।

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मैड्रिड ओपन में लगातार 9वीं जीत दर्ज की



**मैड्रिड (एजेंसी)।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहे, उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन ज़्वेरेव ने खुद को संभाला और 6-3, 7-6 (2) से जीत हासिल की। मनोलो सैन्टाना स्टेडियम में 1 घंटे 37 मिनट तक चले इस मैच में जीत के साथ, दो बार के मैड्रिड चैंपियन ज्वेरेव ने इस टूर्नामेंट में अपने नौवें प्रयास में नौवीं बार अंतिम 16 में जगह बनाई है। 2025 सीजन की शुरुआत थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रही थी- जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल तक का सफर शामिल था, लेकिन इंडियन वेल्स और मोंटे-कार्लो में उन्हें जल्दी ही बाहर होना पड़ा था-लेकिन 2026 में ज्वेरेव ने पूरी बाजी ही पलट दी है। आत्मान पर मिली इस जीत के साथ एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव, जानिक सिनर के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इस सीजन के चारों मास्टर्स 1000 इवेंट्स में अंतिम 16 में जगह बनाई है। सिनर ने इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में ज़्वेरेव के शानदार सफर को सेमीफ़ाइनल में ही रोक दिया था; लेकिन मैड्रिड में इन दोनों खिलाड़ियों का आमना-सामना तभी हो पाएगा, जब दोनों ही फाइनल में जगह बनाने में कामयाब होंगे। अगले मैच में ज्वेरेव का मुकाबला याकूब मेन्सिक से होगा, जिन्होंने अपने तीसरे मैच पॉइंट को भुनाते हुए कैरेन खाचानोव को हराया।



# 39 गेंदो में आरसीबी ने दिल्ली के खिलाफ जीता मुकाबला

## विराट कोहली ने आईपीएल में पूरे किए नौ हजार रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स को महज 39 गेंदों में नौ विकेट से हरा दिया। सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में दिल्ली की टीम 16.3 ओवरों में सिर्फ 75 रन ही बना सकी। जवाब में आरसीबी ने 6.3 ओवर में एक विकेट खोकर 77 रन बनाए और मुकाबला जीत लिया। इस दौरान विराट कोहली ने आईपीएल में नौ हजार रन भी पूरे कर लिए।



### विराट कोहली ने रचा इतिहास

इस मुकाबले में किंग कोहली ने इतिहास रच दिया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में नौ हजार रन पूरे कर लिए। विराट आईपीएल में नौ हजार रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज बन गए। उनके नाम 275 मैचों में आठ शतक और 66 अर्धशतकों के साथ 9012 रन दर्ज हो गए। इसके अलावा कोहली आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 1172 रन दर्ज हैं। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी विराट के ही नाम है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 1174 रन बनाए। इस मामले में तीसरे स्थान पर रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने केकेआर के खिलाफ 1161 रन बनाए।

### 6.3 ओवर में जीती आरसीबी

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने महज 6.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ 2.5 ओवरों में 26 रन की साझेदारी की। बेथेल 11 गेंदों में 2 छक्कों और 1 चौके के साथ 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद देवदत्त पड्डिकल ने कोहली के साथ 22 गेंदों में 51 रन की अटूट साझेदारी करते हुए आरसीबी की टीम को आसान जीत दिलाई। कोहली 15 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके के साथ 23 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पड्डिकल ने 13 गेंदों में तीन छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 34 रन की नाबाद पारी खेली।

### दिल्ली की आंधी में विकेटों का पतझड़

दिल्ली कैपिटल्स को मैच की दूसरी गेंद पर साहिल परख के रूप में पहला झटका लगा। साहिल अपने आईपीएल करियर के पहले मैच में खाता तक नहीं खोल सके। इसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। आलम ये रहा कि मेजबान टीम ने महज आठ के स्कोर तक छह विकेट खो दिए थे। इसके बाद डेविड मिलर ने अभिषेक पोरेल के साथ सातवें विकेट के लिए 31 गेंदों में 35 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। इस बीच धूलभरी आंधी शुरू हो गई और कुछ मिनटों के लिए मैच रोकना पड़ा। हालांकि, सभी खिलाड़ी मैदान पर ही डटे रहे। कुछ देर बाद मुकाबला फिर से शुरू हुआ। नौवें ओवर की अंतिम गेंद पर मिलर आउट हो गए। उन्होंने 18 गेंदों में तीन चौकों के साथ 19 रन की पारी खेली, जिसके बाद अभिषेक ने मोर्चा संभालते हुए 33 गेंदों में 30 रन जुटाए। उनके अलावा, काइल जैमीसन ने 12 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। आरसीबी की तरफ से जोश हेजलवुड ने 12 रन देकर चार विकेट हासिल किए, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट निकाले। रासिख सलाम डार, सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या ने एक-एक विकेट हासिल किया।

- **तीन टीमों के खिलाफ विराट ने बनाए हैं सर्वाधिक रन** – कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अब तक 1172 रन बनाए हैं जो इस टीम के खिलाफ किसी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक है। कोहली तीन टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बना चुके हैं। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 1174 रन और पंजाब किंग्स के खिलाफ 1159 रन बनाए हैं।

# बचपन के कोच के लिए दिल्ली में रुके; अकादमी उद्घाटन में पहुंचे

आईपीएल की भागदौड़ में भी गुरु को नहीं भूले विराट कोहली, बचपन के कोच के लिए रुक गए दिल्ली में आईपीएल 2026 के व्यस्त कार्यक्रम, लगातार मैचों और यात्रा के बीच विराट कोहली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कुछ रिश्ते समय से बड़े होते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार जीत के एक दिन बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी अगली उड़ान टाल दी और राजधानी में रुककर अपने बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के साथ खास पल साझा किया। सोमवार को कोहली ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, आरके पुरम में वेस्ट दिल्ली क्रिकेट अकादमी की नई शाखा का उद्घाटन किया। यह वही अकादमी है, जहां से उनके क्रिकेट करियर की नींव रखी गई थी।



### गुरु के सम्मान में पहुंचे विराट

आरसीबी का अगला मुकाबला गुरुवार को गुजरात टाइटंस से है, लेकिन इसके बावजूद कोहली ने अपने कार्यक्रम में बदलाव कर कोच राजकुमार शर्मा का सम्मान बढ़ाया। इस समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विराट ने अकादमी के छात्रों को पुरस्कार दिए। कई बच्चे उन्हें देखकर उत्साहित नजर आए। एक भावुक पल तब आया जब एक छात्र ने कोहली के पैर छूने की कोशिश की, लेकिन विराट ने तुरंत उसे रोककर हाथ मिलाया और प्रोत्साहित किया।

### बच्चों को दिया बड़ा संदेश

छात्रों को संबोधित करते हुए विराट कोहली ने अपने जीवन के शुरुआती फैसलों को याद किया और युवाओं को सपनों के प्रति ईमानदार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मैंने अपने जीवन में बहुत जल्दी खेल को चुना था, लेकिन वह फैसला पूरी ईमानदारी से लिया गया था। मुझे पूरा भरोसा था कि मुझे क्रिकेट में आगे बढ़ना है और इसके लिए मुझे खुद से, अपने परिवार से और अपने शिक्षकों से ईमानदारी से कहना था कि यही रास्ता मैं चुनना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, अपने सपनों के प्रति ईमानदार रहिए, जो करना चाहते हैं उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कीजिए। सिर्फ आप ही जानते हैं कि आप अपने लक्ष्य के प्रति 100 प्रतिशत ईमानदार हैं या नहीं।

### बचपन की यादों से जुड़ी अकादमी

विराट ने बताया कि यह अकादमी आज भी उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा, मैंने आठ साल की उम्र में यहां अभ्यास शुरू किया था और आज भी जब समय मिलता है तो अकादमी आता हूं। यह मेरे बचपन का बड़ा हिस्सा है। मेरी उम्मीद है कि यहां क्रिकेट सीखने आने वाले सभी बच्चे इसकी अहमियत समझेंगे।

# मांसपेशियों की चोट से जूझ रहे किलियन एम्बाप्पे, पूरे सीजन से बाहर होने का खतरा



**मैड्रिड (एजेंसी)।** किलियन एम्बाप्पे को मांसपेशियों में चोट लगने के कारण ला लीगा सीज़न के बाकी मुकाबलों से बाहर होना पड़ सकता है। रियल मैड्रिड ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि स्टार फॉरवर्ड को हाल ही में खेले गए मैच के दौरान चोट लगी।

**रियल बेटिस के खिलाफ मैच में लगी चोट** – यह चोट रियल बेट्स के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मुकाबले में लगी। मैच खत्म होने से करीब 10 मिनट पहले एम्बाप्पे को मैदान छोड़ना पड़ा था। उस समय मैड्रिड 1-0 से आगे था, लेकिन आखिरी क्षणों में हेक्टर बेलेरिन के गोल ने मैच बराबरी पर ला दिया।

- **मेडिकल रिपोर्ट में मांसपेशी चोट की पुष्टि**– क्लब द्वारा जारी बयान के अनुसार, एम्बाप्पे के बाएं पैर की सेमीटेंडिनोसस मांसपेशी में चोट पाई गई है। हालांकि, उनकी वापसी को लेकर कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई गई है। रियल मैड्रिड ने कहा है कि खिलाड़ी की रिकवरी पर नजर रखी जा रही है और उसी के आधार पर फैसला लिया जाएगा।
- **बार्सिलोना के खिलाफ अहम मैच भी मिस कर सकते हैं** – इस चोट के चलते एम्बाप्पे 10 मई को एफसी बर्सीलोना के खिलाफ होने वाले बड़े मुकाबले समेत सीज़न के आखिरी पांच मैचों से बाहर रह सकते हैं। इससे टीम की खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका लग सकता है।
- **शानदार फॉर्म में थे एम्बाप्पे** – एम्बाप्पे इस सीज़न में बेहतरीन फॉर्म में थे और अब तक 24 गोल कर चुके हैं। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है।
- **विश्व कप से पहले बढ़ी चिंता** – आगामी विश्व कप (11 जून से) को देखते हुए यह चोट फ्रांस टीम के लिए भी चिंता का विषय बन सकती है, क्योंकि एम्बाप्पे टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं।

# डीसी की हार के बाद घिरे हेमांग बदानी

## श्रीकांत ने मुख्य कोच पर साधा निशाना, फ्लेमिंग पर की गई टिप्पणी याद दिलाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 का सीजन अच्छा नहीं चल रहा है। दिल्ली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद मुख्य कोच हेमांग बदानी निशाने पर आ गए हैं। पिछले साल एक पॉडकास्ट में हेमांग ने कुछ टिप्पणी की थी जिसे लेकर कृष्णमचारी श्रीकांत ने बदानी को घेरा है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीकांत ने बदानी की कड़ी आलोचना की है।

**बदानी की किस टिप्पणी पर खफा हुए श्रीकांत** – श्रीकांत का निशाना सिर्फ स्कोरबोर्ड पर ही नहीं था, बल्कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग की कोचिंग योग्यता को लेकर बदानी के कथित अहंकार पर भी था। इस विवाद की जड़ बदानी द्वारा पूर्व क्रिकेटर यो महेश के साथ एक साक्षात्कार के दौरान की गई टिप्पणियों में निहित है। उस समय बदानी ने सवाल उठाया था कि क्या फ्लेमिंग वास्तव में एक महान कोच हैं? उनका कहना था कि उन्होंने सीएसके के कोच के तौर पर जो सफलता हासिल की वो उन्हें धोनी के कारण मिली।

बदानी ने सीएस20, द हंड्रेड और बिग बैश लीग में फ्लेमिंग के कार्यकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा था, अगर फ्लेमिंग इतने बड़े कोच हैं तो उन्होंने आईपीएल के अलावा कहीं और जीत क्यों नहीं हासिल की? सीएसके धोनी की वजह से जीतती रही है। धोनी ही टीम के मुख्य खिलाड़ी हैं। अगर कोई कहे कि फ्लेमिंग अच्छे कोच हैं, तो मैं इससे सहमत नहीं हूं।

**दिल्ली की बल्लेबाजी रही बेदम** – आरसीबी ने सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली को नौ विकेट से हराया। दिल्ली की बल्लेबाजी इस मैच में बेहद खराब रही और टीम महज 75 रन पर ही ऑलआउट हो गई। जवाब में आरसीबी ने 6.3 ओवर में एक विकेट खोकर 77 रन बनाए और मुकाबला जीत लिया। दिल्ली ने आरसीबी के खिलाफ आईपीएल मे तीसरा न्यूनतम स्कोर बनाया।



### श्रीकांत ने बदानी की जमकर की आलोचना

दिल्ली कैपिटल्स इस समय आठ मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ सातवें स्थान पर है। ऐसे में श्रीकांत ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बदानी को उनकी पुरानी टिप्पणियों की याद दिलाते हुए श्रीकांत ने सुझाव दिया कि दिल्ली के कोच को दूसरों की आलोचना करने से पहले अपनी डूबती हुई टीम पर ध्यान देना चाहिए। श्रीकांत ने कहा, हेमांग बदानी ने स्टीफन फ्लेमिंग पर भी निशाना साधा था। हेमांग, दूसरों के बारे में बोलने से पहले अपना ख्याल रखो। मैंने हमेशा यही कहा है कि जिंदगी में ज्यादा मत बोलो। वह बहुत ज्यादा बोलता था। अब उसे चुप रहकर सब कुछ देखना होगा। श्रीकांत ने बदानी की सामरिक कुशलता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, हर कोई इस मुद्दे को उठा रहा है और उसकी आलोचना कर रहा है। दूसरों के बारे में क्यों बात कर रहे हो? तुम्हें अपने काम पर ध्यान देना चाहिए था। तुम कौन होते हो यह कहने वाले कि स्टीफन फ्लेमिंग सिर्फ धोनी की वजह से जीते? तुमने क्या किया है? कुछ खास? कुछ नहीं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# फेड के फैसले से पहले सराफा बाजार में मुनाफावसूली; सोना 1500 टूटा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** वैश्विक मुद्रास्फीति की चिंताओं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर आगामी फैसले से पहले सराफा बाजार में सतर्कता और मुनाफावसूली का रुख देखा गया है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव ने महंगाई की आशंकाओं को फिर से हवा दे दी है। इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी में मामूली बढ़त देखने को मिली।

ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को दिल्ली में मुनाफावसूली के दबाव में सोने की कीमत 1,500 रुपये गिरकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। विशेष रूप से, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के भाव में भी 1 प्रतिशत यानी 1,500 रुपये की गिरावट दर्ज की गई और यह 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,54,300 रुपये के स्तर पर था। सोने के विपरीत, चांदी की कीमतों में सकारात्मक रुख रहा। मंगलवार के 2,44,000 रुपये के मुकाबले चांदी 500 रुपये की बढ़त के साथ 2,44,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

घरेलू बाजार की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों पर दबाव देखा गया। हाजिर सोना 23.31 डॉलर (0.51 प्रतिशत) फिसलकर 4,573.75 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय चांदी 0.18 प्रतिशत गिरकर 72.99 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

बाजार के इस रुख के पीछे पश्चिम एशिया का तनाव बड़ी वजह है। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह के अनुसार, अमेरिका और तेहरान के बीच परमाणु संवर्धन जैसे मुद्दों पर जारी विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं। इसके बाद से सोना 4,570 डॉलर प्रति औंस के दायरे में कारोबार कर रहा है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी का कहना है कि कच्चे तेल के कारण बढ़ती महंगाई की चिंताओं ने कीमती धातुओं पर दबाव बनाए रखा है। ऊर्जा की ऊंची कीमतें इस बात की ओर इशारा कर रही हैं कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व लंबे समय तक मौद्रिक नीति को सख्त बनाए रख सकता है। इससे डॉलर को मजबूती मिल रही है, जो सीधे तौर पर बुलियन बाजार की तेजी को सीमित कर रहा है। अब निवेशकों की नजरें अमेरिकी फेड के नीतिगत फैसले और चेयरमैन जेरोम पॉवेल की ब्याज दरों के आउटलुक पर की जाने वाली टिप्पणियों पर हैं।

कीमतों में इस अस्थिरता के बावजूद भारत में सोने की मांग मजबूत बनी हुई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार, ऊंची कीमतों के बाद भी मजबूत निवेश मांग के चलते जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की सोने की मांग सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 151 टन हो गई है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।